* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 63

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

कोरोना को लेकर केंद्र अलर्ट, राज्यों को निर्देश- पॉजिटिव केसों की जीनोम सीक्वेंसिंग करायें






**मुलाकात : स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण विधेयक केंद्र को भेजने का आग्रह**

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

- भाजपा को छोड़ अन्य दल के नेता हुए शामिल, आजसू का भी मिला साथ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण संबंधित विधेयक केंद्र को भेजने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस मुलाकात में भाजपा को छोड़ कर आजसू समेत अन्य सभी दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। राज्यपाल के साथ मुलाकात के बाद मीडिया से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एक साजिश के तहत राज्य के मूलवासी, आदिवासी, अल्पसंख्यक व पिछड़ों के अधिकारों को छीना जा रहा है। सरकार किसी भी कीमत पर विपक्षियों की साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। राज्य में नियुक्तियों को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। सकारात्मक परिणाम जल्द ही सामने आएगा। हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से मुलाकात की तस्वीरों को अपने ट्विटर पर भी शेयर किया। साथ में लिखा विधेयकों को 9वीं अनुसूची में शामिल करने से इन्हें संवैधानिक कवच मिलेगा।

**दो विधेयक राज्यपाल के पास भेजे गये हैं :** झारखंड विधानसभा का 11 नवंबर को विशेष सत्र बुलाया गया था। इस दिन सदन से दो विधेयक 'झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022' और 'झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022' पारित किया गया। इसे नवीं अनुसूचि में शामिल करने के लिए केंद्र को भेजने का प्रस्ताव भी पारित करते हुए राज्यपाल के पास भेजा गया है। इसी संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने के लिए गया था। इसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीएम, आजसू, वामदल समेत अन्य राजनीतिक दल शामिल थे।

**मुख्यमंत्री ने भाजपा पर किया हमाला :** राज्यपाल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा पर भी हमला बोला। हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दल के शिष्टमंडल द्वारा राज्यपाल से मुलाकात की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल से भेंट करने का कारण बीते दिनों के नियोजन नीति को रद्द करना भी था। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति पहली बार रद्द हुई है, ऐसी बात नहीं है। पहले भी कई बार नियोजन नीति को हाइकोर्ट द्वारा रद्द किया गया है। सबसे बड़ा दुर्भाग्य ये है कि यहां के नौजवानों जहां तृतीय और चतुर्थ श्रेणी वाले लोग रोजगार पाने में असफल हो रहे हैं और मूलवासी-आदिवासियों के हक में हमारी सरकार ने जो नियोजन नीति बनायी गयी थी उसे रद्द किया गया है।

**हेमंत ने ट्विट कर भी साझा की जानकारी :** हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से मुलाकात की तस्वीरों को अपने ट्विटर पर भी शेयर किया। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा है कि राज्यपाल रमेश बैस से शिष्टमंडल के साथ भेंट कर 1932 खतियान तथा आरक्षण विधेयक शीघ्र अग्रतर कार्रवाई के लिए भारत सरकार को भेजने का आग्रह किया। झारखंड हितैषी नीतियों पर हमेशा कुठाराघात हुआ है। इन विधेयकों को 9वीं अनुसूची में शामिल करने से इन्हें संवैधानिक कवच मिलेगा।

## बिहार - यूपी के लोग साजिश के तहत झारखंडी हित में बनी नीतियों को ले जाते हैं न्यायालय: हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से मुलाकात से पहले विधानसभा में भाजपा पर निशाना साधा और झारखंडी हित में बनी नीतियों को साजिश के तहत न्यायालय ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार-यूपी के लोग साजिश के तहत झारखंडी हित में बनी नीतियों को न्यायालय में ले जाते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, विपक्ष बात नहीं सुन रहा है। कार्यमंत्रणा में राज्यपाल के यहां जाने पर चर्चा हुई थी। नियोजन नीति रद्द होने के बाद यह मुलाकात होनी है। तीसरी बार नियोजन नीति रद्द हुई है। रघुवर दास की सरकार में जो नीति बनी थी, वह भी रद्द हुई थी। कार्यपालिका के द्वारा तीन-तीन बार बनी नीतियां न्यायालय के द्वारा खारिज की गयी हैं, यह दुर्भाग्य की बात है। उच्च न्यायालय में एक आदिवासी युवा को आगे कर बाकी के लोग जो यूपी बिहार के हैं, वे कम्प्लेंनेट बनते हैं। यह साजिश है। इस साजिश को समझने की जरूरत है। इसी समस्या से निबटने के लिए स्थानीय नीति और आरक्षण विधेयक जो सदन से पारित हुआ है, वह 9वीं अनुसूची में जोड़ा जाये। इसे लेकर राज्यपाल से मिलने जा रहा हूं। सभी दलों को पत्राचार किया हूं। अपील है कि झारखंड हित में सभी विधायक राजभवन चलें।**

## हेमंत सरकार की नियोजन नीति और 1932 की खतियान नीति असंवैधानिक : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने नियोजन नीति पर कहा कि नियमावली बनने के साथ ही हमने सरकार को चेताया था कि ये असंवैधानिक है और न्यायसंगत नहीं है। अब तो हाइकोर्ट ने भी इस पर मुहर लगा दी है। अगर इसके बाद भी सरकार इसी रास्ते पर चलती है, तो राज्य के छात्रों का भविष्य तो और अंधकार में चला जायेगा। बाबूलाल विदानसभा में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति के मुद्दे कहा कि हम लोग राजभवन क्यों जायें। सरकार राज्य के मुद्दे को क्यों राजभवन और केंद्र सरकार के पास भेज रही है। राज्य का जो मामला है, वो उसे क्यों तीर्थयात्रा पर भेज रही है। उन्होंने कहा कि क्या गारंटी है कि 9वीं अनुसूची में जाने के बाद इसे चुनौती नहीं दी दायेगी।**







**इडी ने झारखंड हाइकोर्ट को बताया**

# दो वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं जासूसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड हाइकोर्ट को बताया है कि राज्य के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने एजेंसी की जांच को बाधित करने के लिए बरहरवा टोल प्लाजा मामले की जांच के दौरान इडी के अधिकारियों की जासूसी की थी। इडी ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को नामजद किया है, जो नियमित फोन कॉल के जरिए निर्देश दे रहे हैं और इडी अधिकारियों पर निगरानी रखने की योजना बना रहे हैं। उन्हें कानूनी सलाहकार के साथ-साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी के रूप में भी जाना जाता है। इडी ने उनकी बातचीत के फोन ट्रांसक्रिप्ट संलग्न किये हैं। इडी ने दावा किया है कि सरकार के उक्त कानूनी सलाहकार ने अपने एक विश्वस्त व्यक्ति को पंकज मिश्रा से मिलने के लिए जेल तक भेजा था। यह जानने के लिए कि पुलिस रिमांड अवधि के दौरान इडी ने उनसे और क्या पूछताछ की थी। गौरतलब है कि इडी द्वारा अवैध पत्थर खनन घोटाले की जांच बरहरवा टोल प्लाजा घोटाला मामले की जांच से निकली है।

**पंकज मिश्रा भी जेल से फोन पर दे रहे थे निर्देश :** अवैध खनन मामले में इडी द्वारा गिरफ्तार किये गये पंकज मिश्रा भी जेल से फोन पर निर्देश दे रहे थे कि लोगों को उनकी गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए उकसाया जाये। ऐसे ही एक फोन कॉल में पंकज मिश्रा ने बरहरवा में बंद और थानों के बाहर प्रदर्शन करने के निर्देश दिये। इडी की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इस मामले की जांच को बाधित करने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किये गये। हलफनामे में किये गये खुलासे से राज्य सरकार और पुलिस की नींद उड़ सकती है। इस मामले की सुनवाई 22 दिसंबर को न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की एकल पीठ द्वारा की जानी है। अदालत ने 6 दिसंबर को अपनी पिछली सुनवाई में सीबीआइ और इडी को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।

अदालत ने यह आदेश शिकायतकर्ता शंभू नंदन द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया था, जिसमें पुलिस पर मंत्री आलमगीर आलम और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को बचाने का आरोप लगाया गया था।




# छात्राओं को दुपट्टा हटाने के लिए कहनेवाला शिक्षक गिरफ्तार

**जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आरोप को सही पाये जाने की पुष्टि की**

**मनोज सिंह**

**पांडू (पलामू)।** पलामू के पांडू में छात्राओं को दुपट्टा हटाने के लिए कहने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पलामू के पांडू प्रखंड अंतर्गत लोवर पांडू के उत्क्रमित मध्य विद्यालय का है। बीते दिनों यहां की छात्राओं ने शिक्षक (प्रभारी प्रधानाध्यापक) द्वारा क्लास लेने के समय छात्राओं को दुपट्टा हटाने के लिए कहने का मामला प्रकाश में आया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी इस आरोप के सही होने की पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की तह तक जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मामला संगीन है। इसलिए हर तरह से आश्वस्त होना जरूरी है। सभी को भरोसा दिलाता हूं कि अगर शिक्षक दोषी है, तो कार्रवाई अवश्य होगी।

**एसडीओ ने की जांच, उपायुक्त को देंगे रिपोर्ट :** एसडीओ ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर एसडीओ ने कहा कि पलामू उपायुक्त ने जांच के लिए हम लोगों को यहां भेजा है। हमने बच्चियों से पूछताछ की है। बच्चियों ने घटना को सही बताया है। शिक्षक से भी बात की गयी है। उपायुक्त महोदय को इसकी रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

**ग्रामीणों में अभी भी है नाराजगी:** इस मामले को लेकर ग्रामीणों में अभी भी नाराजगी है। उन्होंने कहा विद्यालय में हम लोग बच्चियों को शिक्षा लेने के लिए भेजते हैं, इज्जत लूटने के लिए नहीं। अभिभावकों ने कहा कि बच्चियां जब घर में शिक्षक की शिकायत करती हैं और वे स्कूल जाते हैं, तो उन्हें भगा दिया जाता है।

## उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने लिया संज्ञान




**मेदिनीनगर (पलामू)। जिले के पांडु प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ राम को उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर मंगलवार को जेल भेज दिया गया। आजाद सिपाही में 'दुपट्टा हटाओ तभी पढ़ायेंगे' खबर छपी थी। खबर संज्ञान में आते ही मंगलवार को उपायुक्त श्री दोड्डे ने सदर एसडीओ राजेश साह से पूरे मामले की जांच करवाई, जिसमें छात्राओं द्वारा शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ राम पर लगाये गये आरोप सही पाये गये जिसके बाद उपायुक्त ने सदर एसडीओ को उक्त शिक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए जेल भेजने हेतु निर्देशित किया, जिसके पश्चात शिक्षक पर एफआइआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।**



आजाद सिपाही 188100 Subscribers | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल | VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+ | YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,700 रु./10 ग्राम
चांदी 72,500 रु./प्रति किलो



# सिदो-कान्हू, चांद-भैरव के संथाल को किसकी नजर लग गयी

## ■ जिन नायकों ने अपनी बहू-बेटियों की इज्जत, घर-द्वार, क्षेत्र और समुदाय बचाने के लिए लड़ाई लड़ी, आज उनकी ही पीढ़ी संथाल में सुरक्षित नहीं

आजाद सिपाही विशेष

संथाल परगना, जिसका नाम सुनते ही आज अपराध, हत्या, बलात्कार और घोटालों से भरे इलाके की तस्वीर उभरती है, जो कभी संथाल विद्रोह या संथाल हूल के लिए जाना जाता था। संथाल के लोगों को शोषण के खिलाफ एकजुट होकर फिरंगियों के अत्याचार के खिलाफ जंग लड़ने के लिए जाना जाता था। संथाल विद्रोह के नायक रहे बाबा तिलका मांझी, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव के शौर्य के लिए जाना जाता था। इतना ही नहीं, सनातन संस्कृति में द्वादश ज्योतिर्लिंग में सर्वश्रेष्ठ माना जानेवाला कामना लिंग, बाबा वैद्यनाथ की नगरी भी इसी संथाल परगना में है, जहां शिव और हरि का मिलन होता है और इस तरह यह भारतीय आध्यात्म का केंद्र भी है। लेकिन आज संथाल परगना तमाम किस्म के गलत कार्यों के लिए जाना जाता है। बालू चोरी, पत्थर चोरी, अवैध खनन, साइबर ठगी, बलात्कार, हत्या, लूट और तस्करी के लिए संथाल परगना दुनिया भर में जाना जा रहा है। कभी संथाल के लोगों ने अपनी बहू-बेटियों की इज्जत, जमीन और घर-द्वार बचाने के लिए संघर्ष किया था, लड़ाई लड़ी थी, जिस संथाल को सूदखोरों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने और जमींदारों के आतंक को कम करने के लिए धनकटनी आंदोलन का दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने बिगूल फूंका था, आज उसी संथाल परगना में राज्य की संपदा सुरक्षित नहीं है, आदिवासी बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। आज मुस्लिम युवकों द्वारा उनकी निर्मम हत्या की जा रही है। उन्हें प्यार के जाल में फांस, उनसे शादी कर उनकी जमीनों पर, उनकी संपत्ति पर कब्जा किया जा रहा है। उन्हें धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। नहीं करने पर उनकी हत्या कर दी जा रही है। आदिवासी महिलाओं को माध्यम बना सत्ता में जगह बनायी जा रही है। आज संथाल में लव जिहाद, धर्मांतरण, बांग्लादेशी घुसपैठ, डेमोग्राफी में बदलाव चरम पर है। इसके कारण यहां की जनजातियां और उनकी संस्कृति प्रभावित हो रही है। आज कई आदिम जनजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, इसका एक कारण धर्मांतरण भी है। उनका इस्तेमाल कर हत्या भी है। संथाल भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। उसके माथे पर कलंक लग चुका है। जिस संथाल के शौर्य की कभी बातें हुआ करती थीं, आज वहां एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाले की बात हो रही है। आज वहां पत्थर और गौ तस्करी की बात हो रही है। आज कोई शाहरुख हुसैन दुमका की बेटी को पेट्रोल छिड़क जिंदा जला कर मार रहा है, तो कोई दिलदार अंसारी आदिम जनजाति से आने वाली रेबिका पहाड़िया का गला रेत शरीर के 50 टुकड़े कर रहा है। अभी रेबिका के शरीर के पूरे टुकड़े मिले भी नहीं थे कि सद्दाम मोबाइल वाले ने एक और पहाड़िया बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना डाला। यह क्या हो रहा है संथाल में। लंबे संघर्ष के बाद झारखंड अलग राज्य तो मिल गया, लेकिन लगता है संथाल परगना को फिर से संघर्ष करने की जरूरत है। कभी अंग्रेजों, जमींदारों और सूदखोरों के शोषण के खिलाफ लड़ने वाला संथाल आज किन चुनौतियों से जूझ रहा है, अपनी बहू बेटियों पर हो रहे अत्याचार से क्यों सिसक रहा है इसे बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

संथाल परगना दो शब्दों संथाल, जिसे कुछ लोग संताल एवं सांथाल भी कहते हैं, एक आदिवासी समुदाय है, और परगना जिसका अर्थ प्रांत या राज्य होता है, से मिल कर बना है। संथाल भारत की प्राचीन जनजातियों में से एक है। प्राचीन समय में यह जनजाति बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में निवास करती थी। यह जनजाति पूरी तरह कृषि पर आश्रित थी। ये लोग जंगलों को काट कर, खेती योग्य भूमि बना कर, उस पर खेती किया करते थे। इनके प्रमुख निवास स्थान कटक, छोटानागपुर, पलामू, हजारीबाग, भागलपुर, पूर्णिया इत्यादि थे।

### ऐसे गरीब होते गये संथाली

औपनिवेशक काल, जिसे अंग्रेजों का शासन काल कहा जाता है, में संथाल जनजाति का बहुत बड़े भू-भाग पर अधिकार था। संथाल जनजाति के लोग औपनिवेशिक काल के शुरूआती दौर में अपने जीवन को खुशहाली से जी रहे थे। वे प्रकृति पूजक थे। संथाल लोगों की खुशहाली और इनका विस्तृत भू-भाग अंग्रेजों की आंखों में खटकता था। अंग्रेज किसी भी तरीके से उनकी जमीन को हथियाना चाहते थे। उन्हें उजाड़ना चाहते थे। इसी कारण अंग्रेजों ने संथालों की भूमि को जमीदारों को देना शुरू कर दिया और इस भूमि का वास्तविक अधिकार खुद के पास रखा। उसके बाद संथाल लोगों के साथ खेल खेला गया। जमींदार संथाल कृषकों से इस भूमि पर कृषि कराने लगे और बदले में भूमि कर लेने लगे। वास्तव में जमींदार अंग्रेजों और संथालों के बीच की कड़ी थे, जो संथालों से कर लेकर अंग्रेजों तक पहुंचाते थे। धीरे-धीरे संथालों की समृद्धि कम होती चली गयी और वे कर्ज में डूबने लगे। इसके बाद इस भू-भाग पर ऋण देने के लिए सूदखोर-साहूकारों का जमावड़ा लग गया। अब संथाल लोग साहूकारों से कर्जा लेकर कृषि करते, भूमि कर देते और अपने परिवार को पालते। परिणामस्वरूप संथालों की आर्थिक और सामाजिक दशा दयनीय स्थिति में पहुंच गयी।

### तब चुना विद्रोह का रास्ता

इसका नतीजा यह हुआ कि अंग्रेजों, जमीदारों और सूदखोर-साहूकारों के शोषण से परेशान होकर संथालों ने विद्रोह का रास्ता चुना। सन 1855-56 में संथालों ने सरदार धीर सिंह मांझी के नेतृत्व में एक दल बनाया और विद्रोह का बिगुल बजा दिया। यह एशिया का सबसे बड़ा जनांदोलन था, भारत की शुरूआती सबसे बड़ी क्रांति भी। सबसे पहले संथालों ने महाजनों और साहूकारों को निशाना बनाया। उनकी धन संपत्ति को लूटना शुरू किया।

### सिदो-कान्हू-चांद-भैरव और फूलो-झानो

इस विद्रोह के शुरूआती दौर में चार शक्तिशाली संथाल नेता उभरे। सिदो, कान्हू, चांद और भैरव। ये चारों भाई थे। इनकी दो बहनों फूलो और झानो ने भी कमान संभाली। सिदो और कान्हू ने घोषणा की कि देवता ने उन्हें निर्देश दिया है कि आजादी के लिए हथियार उठा लो। विद्रोहियों ने सिदो को राजा, कान्हू को मंत्री, चांद को प्रशासक तथा भैरव को सेनापति घोषित किया। 30 जून 1855 को भोगनाडीह गांव में एक विशाल बैठक हुई। उसमें सिदो, कान्हू, चांद और भैरव समेत लगभग 10 हजार संथाल लोगों ने भाग लिया। इस बैठक में शपथ ली गयी कि आज से संथाल लोग जमींदारो, साहूकारों और अंग्रेजों का शोषण नहीं सहेंगे और इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। इन लोगों ने ब्रिटिश दफ्तरों, संस्थानों, थाना, डाकघरों और अन्य सभी ऐसी संस्थाओं पर हमला करना शुरू कर दिया, जिन्हें वे गैर - जनजातीय प्रतीक के द्योतक मानते थे। भागलपुर और राजमहल के बीच सभी सरकारी सेवाएं ठप कर दी गयीं। संथाल विद्रोह का भयंकर रूप देख कर अंग्रेजी शासन हिल गया। इसके बाद अंग्रेजों ने विद्रोह खत्म करने का हल खोजना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप अंग्रेजी सरकार ने इस विद्रोह को समाप्त करने के लिए दमनकारी नीति को अपनाया। हथियारों का प्रयोग किया गया। अत्याचार किये गये। इन्हें मारा गया। अंग्रेजी शासन ने विद्रोह को कुचलने के लिए उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में मार्शल लॉ लगाया। मेजर बरो के नेतृत्व में सेना की 10 टुकडियां भेजी गयीं ,लेकिन उन्हें संथालों ने परास्त कर दिया। फिर विद्रोही नेताओं को पकड़ने के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। सबसे पहले सिदो पकड़े गये। उन्हें 5 दिसंबर, 1855 को फांसी दे दी गयी। चांद और भैरव पुलिस की गोली से मारे गये। अंत में कान्हू भी पकड़े गये और उन्हें 23 फरवरी 1856 को फांसी दे दी गयी। इस प्रकार इस विद्रोह का दमन कर दिया गया। संथाल विद्रोह को क्षेत्रीय तौर पर संथाल-हूल के नाम से जाना जाता है। यह झारखंड के इतिहास में होने वाले सभी जनजातीय आंदोलनों में संभवतः सबसे व्यापक एवं प्रभावशाली विद्रोह था।



आखिर क्यों क्राइम का हब बनता जा रहा संथाल परगना

### अंग्रेजों को बनाना पड़ा अलग संथाल परगना

विद्रोह के बाद भी संथाल परगना में विदेशी शासन का प्रतिवाद जारी रहा। शीघ्र ही रेंट के मामले (1860-1861) को लेकर संथाल परगना फिर अशांत हो उठा। इसे लेकर ब्रिटिश अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वे संथालों से काफी आतंकित हो गये। इस क्रांति में व्यापक क्षति के बाद मिले सबक को लेकर ब्रिटिश अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की थी। संथाल की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की थी। संथालों की जायज शिकायतों की विस्तृत विवेचना की गयी। उसके बाद अंग्रेजी सरकार ने संथाल लोगों के लिए पृथक संथाल परगना बना कर शांति स्थापित की। यह निश्चित किया गया कि बंगाल प्रेसिडेंसी में लागू सरकार के एक्ट और रेगुलेशन संथालों पर लागू नहीं होने चाहिए। इसके मुताबिक 1833 को गठित दामिनी इ कोह और इसके आसपास के इलाके में संथाल निवासी थे। बीरभूम और भागलपुर को अलग कर दिया गया और 22 दिसंबर 1855 को पारित अधिनियम 37 के प्रावधानों के तहत इन सभी इलाकों को एकीकृत कर नन रेगुलेशन जिला संथाल परगना बनाया गया। दुमका, देवघर, गोड्डा और राजमहल उप जिले बनाये गये। इस क्षेत्र को निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर यहां बाहरी लोगों के प्रवेश और उनकी गतिविधि को नियंत्रित किया गया, जो कि आदिवासियों की एक पुरानी मांग थी।

### काश्तकारी अधिनियम भी बना

बाद में सरकार द्वारा संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी एक्ट) पारित किया गया, जिससे जनजातीय भूमि के हस्तांतरण पर रोक लगायी जा सके। लेकिन समय गुजरा और महाजनों द्वारा संथाल लोगों पर अत्याचार खत्म नहीं हुआ।

### शिबू सोरेन ने बढ़ाया संथाल के संघर्ष को

संथाल परगना के संघर्ष को शिबू सोरेन ने भी खूब आगे बढ़ाया। उन्होंने महाजनी प्रथा और साहूकारों के खिलाफ धनकटनी आंदोलन चलाया। शिबू सोरेन के पिता सोबरन मांझी की महाजनों ने हत्या करवा दी थी। वे गांधीवादी थे और आदिवासियों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाते थे। हत्या के बाद शिबू सोरेन ने स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी और महाजनों से बदला लेने के लिए आंदोलन में कूद पड़े। उन दिनों आदिवासियों खासकर संथालों की जमीन पर महाजन कब्जा कर लेते थे। हड़ियां-दारू पिला कर उनकी जमीन हड़प लेते थे। महाजनों का आतंक इतना था कि कोई कुछ बोल नहीं पाता था। लेकिन शिबू सोरेन ने आंदोलन के दौरान ऐसा संगठन तैयार किया, जिससे उन्होंने अपने लोगों को महाजनों और सूदखोरों से आजादी दिलायी। संथालों ने उन्हें दिशोम गुरु की उपाधि से नवाजा। 1980 के बाद से झामुमो का संथाल परगना में वर्चस्व कायम हो गया। शिबू सोरेन ने अलग झारखंड राज्य के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी। यह है संथाल परगना का गौरवशाली इतिहास। आज उसी गौरवशाली इतिहास पर काला धब्बा लग रहा है।

### आज बदनामी के दलदल में फंसा है संथाल

कभी संथाल परगना दुनिया में संथाल विद्रोह के नायक सिदो, कान्हू, चांद, भैरव के नाम से पहचाना जाता था। देश में अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहली लड़ाई का बिगुल फूंकने के लिए जाना जाता था। लेकिन जब से अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ, तब से ही संथाल परगना पर कलंक का टीका लगना शुरू हो गया। संथाल परगना, जिसमें गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ प्रमुख रूप से शामिल हैं, आज दुनिया भर में चर्चित तो हैं, लेकिन दूसरे कारणों से। आज यहां हालत यह है कि सबसे ज्यादा बालू चोरी यहीं हो रही है, पत्थर चोरी यहीं हो रही है, अवैध खनन यहीं हो रहा है, सबसे ज्यादा संख्या में मोबाइल चोर यहीं पाये जाते हैं, साइबर अपराधी यहीं पाये जाते हैं। सोना चोर यहीं हैं, बांग्लादेशी घुसपैठिये यहीं बसे हुए हैं। डेमोग्राफी बदलाव यहीं हो रहा है। क्रूर से क्रूर हत्याएं यहीं हो रही हैं। आदिवासी महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्या यहां रुकने का नाम नहीं ले रहा है। क्या संथाल झारखंड का क्राइम हब बन चुका है। आज संथाल परगना में आदिवासी बच्चियों को लव जिहाद के जाल में फांस कर उनके साथ बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर रहे हैं। उनका धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उनके घरों को हथिया रहे हैं और काम निकलने पर उनकी हत्या कर दे रहे हैं। इस क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं का उपयोग कर कोई मुखिया का चुनाव लड़ रहा है, कोई जिला परिषद का चुनाव लड़ रहा है, यानी सत्ता में दखल करने की कोशिश भी जारी है। कभी कोई शाहरुख हुसैन दुमका की बेटी अंकिता कुमारी को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला देता है, तो कभी कोई अरमान अंसारी नाबालिग आदिवासी के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर पेड़ से लटका देता है, तो कभी दिलदार अंसारी आदिम जनजाति से आने वाली रेबिका पहाड़िया के शरीर को इलेक्ट्रिक कटर मशीन से 50 टुकड़े कर देता है। यही नहीं यहां अगले ही दिन यह खबर आती है कि सद्दाम नाम का युवक एक और पहाड़िया आदिवासी लड़की से साथ दुष्कर्म करता है। मानो इनके अंदर प्रशासन का जरा भी खौफ नहीं है। इनका मन इतना बढ़ चुका है कि इन्हे यकीन है कि इनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। आपने अंकिता कुमारी के हत्यारे शाहरुख हुसैन को पुलिस कस्टडी में देखा होगा। कैसे उस मासूम बच्ची को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने के बाद वह मुस्कुरा रहा था। मानो उसने कोई मिशन को अंजाम दिया हो। ये हत्याएं सामान्य हत्याएं नहीं हैं। इनके पीछे एक संगठित रैकेट काम कर रहा है। जिनका लक्ष्य ही है आदिवासी महिलाओं को प्रेम जाल में फांसना और उनके सहारे झारखंड में बस जाना। उनकी जमीनों पर अधिकार कर लेना और आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर यहां का स्थायी नागरिक बन जाना। पुलिस के रिकॉर्ड बताते हैं कि संथाल परगना आज संगठित अपराध के मामले में झारखंड का सबसे अशांत इलाका बन गया है। वर्ष 2021 में संथाल परगना प्रमंडल में 723 लोगों की हत्या हुई और बलात्कार के 404 मामले दर्ज किये गये। इतना ही नहीं, देश भर में दर्ज साइबर अपराध के करीब ढाई लाख मामलों में से करीब 68 हजार इसी इलाके में दर्ज किये गये। जामताड़ा का करमाटांड़ और नारायणपुर साइबर अपराध का गढ़ माना जाता है। यहां बाकायदा प्रशिक्षण संस्थान चलते हैं, जहां साइबर अपराध का प्रशिक्षण दिया जाता है।

हाल के दिनों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण साहिबगंज का इलाका बेहद संवेदनशील बन गया है। इस इलाके की करीब 10 हजार एकड़ आदिवासियों की जमीन पिछले सात सालों में खरीदी-बेची गयी है। हैरत की बात यह है कि इनमें से 95 प्रतिशत सौदे स्थानीय महिलाओं के नाम पर हुए हैं, जिनके पति या पिता के रूप में किसी मुस्लिम का नाम है।

आज संथाल परगना भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गया है। आज साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाले की जांच इडी कर रही है। इसके अलावा पत्थर और कोयले का अवैध खनन भी यहां उद्योग का रूप ले चुका है। एक तरफ अवैध और अनैतिक कार्यों में संलग्न लोग हर दिन मालामाल हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ गोड्डा-साहिबगंज का इलाका मानव तस्करी से लेकर गौ तस्करी का भी बड़ा अड्डा बन गया है।

संथाल परगना की यह दुर्गति एक या दो साल में नहीं हुई है, बल्कि यह विकृत सियासत का परिणाम है। अगर इन सभी ज्वलंत बातों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नहीं जब यहां के लोगों को एक और संथाल विद्रोह करना पड़ जाये। जब उनकी संस्कृति, उनकी जमीन, उनकी बहू-बेटियों की इज्जत पूरी तरह खतरे में पड़ जायेगी, तो आखिर वे क्या करेंगे!

---

**सुझाव : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आमंत्रण पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने दी सलाह**

# हाइकोर्ट के आदेश के अनुसार रद्द हो स्थानीय एवं नियोजन नीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्यपाल से सर्वदलीय टीम मिलने के आमंत्रण पर भाजपा ने सीएम को सलाह दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सीएम को पत्र लिख कर कहा है कि झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता और बेरोजगार युवाओं के हित में स्थानीय नीति और नियोजन बनाने में राज्य सरकार ही सक्षम है। सबसे पहले सरकार को उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार यह नीति रद्द कर देनी चाहिए।

बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार को सवर्दलीय टीम राज्यपाल से मिलने गयी थी। जाने से एक दिन पहले सीएम ने सभी दलों को पत्र लिखा था, जिसमें झारखंड विधानसभा द्वारा पारित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण प्रस्ताव को लेकर राज्यपाल से मिलने की बातें कही गयी थीं। दीपक प्रकाश ने सीएम को कहा कि आपके नेतृत्व में 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति को राजभवन से केंद्र सरकार को भेजे जाने की अपील करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन जायेगा। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के द्वारा 2007 में 9वीं अनुसूची के संदर्भ में दिये निर्णय की समीक्षा होनी चाहिए।

### बाबूलाल मरांडी की स्थानीय नीति को भी उच्च न्यायालय में निरस्त कर दिया था

दीपक प्रकाश ने कहा कि नवगठित झारखंड राज्य की पहली सरकार बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में वर्ष 2001 में खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को लागू किया गया था, जिसे उच्च न्यायालय ने निरस्त करते



हुए समीक्षा के निर्देश दिये थे। बाद में रघुवर दास के नेतृत्व में नियोजन नीति बनायी गयी, जो आपकी सरकार के द्वारा निरस्त किये जाने तक लागू रहा। आपकी सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में लायी गयी नियोजन नीति को विगत 16 दिसंबर 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय ने फिर एक बार रद्द कर दिया है। जो हिंदी, अंग्रेजी भाषा की अनिवार्यता समाप्त करने तथा 10वीं 12वीं परीक्षा राज्य के विद्यालयों से उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता से संबंधित विसंगतियों से परिपूर्ण थी। आज राज्य की नियोजन नीति न्यायालय के विचाराधीन है। ऐसी परिस्थितियों में राज्य के बेरोजगार युवाओं का भविष्य चौराहे पर खड़ा है, अंधकारमय है।

### 9वीं अनुसूची में शामिल विषयों की भी समीक्षा हो सकती है

उन्होंने कहा कि आपने विधानसभा से पारित 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रस्ताव राज्यपाल को भेजा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में आइआर कोएल्हो मामले में यह स्पष्ट किया गया है कि 9वीं अनुसूची में शामिल विषयों की भी समीक्षा हो सकती है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति को 9वीं अनुसूची में शामिल कराने की बात करना न सिर्फ अपनी जिम्मेवारियों से भागने जैसा, बल्कि झारखंड के लाखों बेरोजगार नौजवानों के भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा होगा।

### अगर विधिसम्मत समीक्षा हुई तो भाजपा सरकार का सहयोग करेगी

दीपक प्रकाश ने कहा कि आज राज्य सरकार को सस्ती लोकप्रियता के लिए नहीं बल्कि दूरदर्शी सोच के साथ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए विधि सम्मत निर्णय लेना चाहिए। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को एक अवसर प्रदान किया है। राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एक बार पुनः खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति की विधिसम्मत समीक्षा करे। भाजपा राज्यहित में जनभावनाओं के अनुरूप सरकार को सहयोग करने के लिए साथ खड़ी है। यह समय राजनीति करने का नहीं है। यह सवाल किसी सरकार की हार और जीत से भी जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि इसमें राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता का हित जुड़ा हुआ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.4 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



## झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र : सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने वेल में की नारेबाजी

# हंगामे के बीच 8533 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के सारे विधायकों ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच, सत्ता पक्ष के विधायकों ने लोकसभा में मुख्यमंत्री को आपत्तिजनक शब्द कहे जाने का विरोध किया और निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की। इस जोरदार हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही 12.45 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। फिर से 12:55 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक वेल में पहुंच जमकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने वित्तीय वर्ष 2022- 23 के लिए 8533 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। बजट पर बुधवार को सदन में चर्चा होगी। अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा राशि 733 करोड़ रुपये ऊर्जा विभाग को मिला है। वहीं सरकार ने सदन में 3 विधेयकों को भी वापस लिया। जिन विधेयकों को वापस लिया गया है, वे राजभवन से वापस लौटे थे। सरकार ने जिन विधेयकों को वापस लिया है, उनमें झारखंड वित्त विधेयक 2021, झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 और झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 शामिल हैं। झारखंड वित्त विधेयक 2021- झारखंड विधानसभा से 9 सितंबर को वित्त विधेयक 2021 पारित हुआ था, जिसे राज्यपाल ने कई त्रुटियों के कारण वापस कर दिया था। विधानसभा के कार्य-संचालन के नियम 110 के तहत विधानसभा ने इसे वापस ले लिया।

**भाजपा विधायकों ने हेमंत सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**

इतना ही नहीं, भाजपा विधायकों ने राज्य सरकार की नियोजन नीति के विरोध में विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान बेरोजगारों को ठगना बंद करो, राज्य सरकार शर्म करो के नारे लगाये गये।

**राज्य सरकार की नीतियों को बताया गया गलत**

भाजपा के विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की गलत नीति के कारण ही हजारों पदों पर होने वाली नियुक्ति ठप हो गयी है। राज्य सरकार ने जानबूझकर ऐसी नियमावली बनायी कि वह अदालत में टिक नहीं सकी। राज्य सरकार नहीं चाहती थी कि नियुक्ति हो। पिछले दिनों झारखंड उच्च न्यायालय ने तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए गठित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग नियुक्ति संचालन नियमावली को रद्द कर दिया था। इसमें अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों से मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया था।

## सीएम पर निशिकांत दुबे ने संसद में की आपत्तिजनक टिप्पणी

# राज्य सरकार ने की कड़ी निंदा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा की गयी टिप्पणी की राज्य सरकार ने कड़ी निंदा की है। राज्य सरकार का कहना है कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद द्वारा की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी काफी निंदनीय है। हालांकि इन टिप्पणियों को संसदीय रिकॉर्ड से हटा दिया गया, लेकिन भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीतिक मतभेदों के बावजूद विचार-विमर्श और संवाद में शब्दों की गरिमा को बनाये रखें। सांसद द्वारा उपयोग किये गये आपत्तिजनक शब्द एक सांसद से अपेक्षित नहीं हैं।

बता दें कि झारखंड विधानसभा में भी सत्र के दौरान मंगलवार को काफी हंगामा देखने को मिला है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक दल के उप नेता प्रदीप यादव ने सदन को बताया कि झारखंड के एक सांसद ने लोकसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। झारखंड की जनता ऐसे बयान को कभी भी नहीं सहेगी। बोलते वक्त प्रदीप यादव ने खुद आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर दिया। प्रदीप यादव ने इस मामले पर सदन से निंदा प्रस्ताव पारित कर लोकसभा अध्यक्ष को भेजने की बात कही। विधायक सुदिव्य सोनू और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने भी स्पीकर रविंद्र नाथ महतो से इस मामले पर सदन से निंदा प्रस्ताव लाकर लोकसभा अध्यक्ष को भेजने का आग्रह किया। इस पर स्पीकर ने कहा कि आसन इस पर विधि सम्मत निर्णय लेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | समय अनुकूल है, महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। |
| वृष | विरोधियों पर विजय, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। |
| मिथुन | वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। |
| कर्क | निराशा का समापन, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ। |
| सिंह | परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। |
| कन्या | नयी आशाएं उदित होंगी, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट। |
| वृश्चिक | हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। |
| धनु | निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी। |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। |


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


# अवैध खनन के आरोपियों पर की जाये दंडात्मक कार्रवाई : अंबा

**पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना में अवैध खनन का मामला उठाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना में 37.20 हेक्टेयर (करीब 100 एकड़) भूमि पर अवैध खनन के मामले को लेकर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में मामला उठाया। अंबा प्रसाद ने खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि अवैध खनन के मामले पर दो रिपोर्ट वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा दी गयी है, और 2 जांच रिपोर्ट में करीब 100 एकड़ में अवैध खनन की पुष्टि हुई तथा एनटीपीसी पर जुर्माना लगाने की अनुशंसा भी की गयी है, लेकिन अवैध खनन के लिए ना तो किसी एनटीपीसी के पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय की गयी है और ना ही उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना में फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों का उल्लंघन कर जीवन रेखा, दोमुहानी नाला, नदी को बर्बाद कर दिया है। इस संबंध में एनटीपीसी, वन विभाग व जिला प्रशासन ने अवैध खनन में जुर्माने के अलावा आरोपियों पर अन्य कार्रवाई नहीं की है। जिस पर विभागीय मंत्री ने विधायक अंबा प्रसाद के प्रश्न किये गये मामले पर सभी बातों को लिखित रूप से स्वीकारा व जवाब दिया है। जवाब में कहा गया है कि एनटीपीसी परियोजना में फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों का उल्लंघन कर दोमुहानी नाला के कोर्स को परिवर्तित कर अवैध खनन किया गया है। भारत सरकार द्वारा इस मामले की जमीनी सच्चाई को जानने हेतु वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नयी दिल्ली के आदेश अनुसार 4 सदस्य समिति का गठन जांच के लिए किया गया है। इसके साथ ही विधायक ने अवैध खनन के आरोपियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने को लेकर प्रश्न किया। जिस पर विभागीय मंत्री ने जवाब दिया कि उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा सूचित किया गया है कि एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के दोषियों पर वन अधिनियम के अंतर्गत वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों के आलोक में सक्षम प्राधिकार भारत सरकार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नयी दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।




### बिहार और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर जातीय, ओबीसी जनगणना कराये सरकार

विधायक अंबा प्रसाद ने तख्ती लेकर राज्य सरकार से पड़ोसी राज्य बिहार और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ओबीसी, जातीय जनगणना कराने की मांग विधानसभा गेट पर बैठकर की। इस मौके पर विधायक ने मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओबीसी समुदाय का आरक्षण का प्रभावी प्रतिशत काफी कम होने से नियुक्तियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में काफी कम हिस्सेदारी रही और ओबीसी समुदाय लगातार और पिछड़ता गया। ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने को लेकर समय-समय पर उठाये गये मुद्दे पर राज्य की सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया एवं विधानसभा से 27% ओबीसी आरक्षण का बिल पास हुआ।

## केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से मिले सांसद विद्युतवरण महतो

# एचसीएल-आइसीसी प्लांट को जल्द चालू करने का किया आग्रह

**केंद्रीय मंत्री ने खान सचिव को किया निर्देशित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** सांसद विद्युतवरण महतो ने मंगलवार को केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर एचसीएल की बंद प्लांट इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आइसीसी) को जल्द चालू कराने की मांग की है। सांसद ने कहा कि प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण प्लांट बीते तीन वर्ष से बंद है, जिससे क्षेत्र में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। एचसीएल-आइसीसी प्लांट को छोड़ आदिवासी बहुल क्षेत्र में रोजगार का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रोजगार नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में मजदूर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। आर्थिक तंगी के कारण मजदूरों की स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। ठेका मजदूरों के बच्चों की पढ़ाई से लेकर बेटियों के विवाह तक नहीं हो पा रहे हैं। आर्थिक तंगी से जूझते कई ठेका मजदूरों ने आत्महत्या तक कर ली है। मऊभंडार टाउनशिप की स्थिति भी खराब होती जा रही है। यही नहीं, स्थायी मजदूर तक अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं, सांसद ने एचसीएल-आइसीसी की कॉपर खदानों को भी जल्द खुलवाने की मांग की। कहा कि राखाकॉपर की खदान को खुलवाने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी थीं। तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने राखाकॉपर एवं चापड़ी माइंस के साथ रोआम में कंसन्ट्रेट प्लांट निर्माण के लिए भूमिपूजन किया था। हालांकि प्रबंधन की नीतियों के कारण खदानें आज तक चालू नहीं हो सकीं और ना ही प्लांट के निर्माण को लेकर कोई पहल हो सकी। यही हाल, सुरदा माइंस का भी है, जो पर्यावरणीय स्वीकृति के मुद्दे को लेकर आज तक बंद है। केंदाडीह माइंस से भी क्षमता के अनुरूप उत्पादन नहीं हो रहा है। सांसद ने आइसीसी की खदानों एवं प्लांट को जल्द चालू कराने की मांग की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से यह भी मांग की कि आइसीसी यूनिट के मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय बैठक बुलायी जाये, जिसमें संबंधित मंत्रालय के साथ एचसीएल के अधिकारी और वे (सांसद) स्वयं मौजूद रहें। सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव के मुताबिक सांसद की अपील पर केंद्रीय खान मंत्री ने खान सचिव विवेक भारद्वाज को जरूरी पहल करने का निर्देश दिया है।

# सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी मांगों के समर्थन में दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज दूसरे दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। सदन शुरू होने से पहले भाजपा के विधायक विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गये। सारठ विधायक रणधीर सिंह, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, कांके विधायक समरी लाल, विधायक अमित मंडल, शशिभूषण मेहता, ढुल्लू महतो ने नारेबाजी की। सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सदन के मुख्य द्वार पर बैठे रहे। इस दौरान विधायकों ने झारखंड के बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, फर्जी नियोजन नीति बनाने वाली सरकार शर्म करो, जैसे कई नारे लगाये। विधायक शशिभूषण मेहता ने गाने के द्वारा सरकार को उनके वादे याद कराने की कोशिश की। गाने के बोल थे। जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा।







भाजपा विधायकों ने एक सुर में हेमंत सोरेन सरकार के नियोजन नीति की आलोचना की। सारठ विधायक रणधीर सिंह ने साहिबगंज की घटना को प्रमुखता से उठाया।

सदन शुरू होने से पहले विधायक इरफान अंसारी विधायक दीपिका पांडे सिंह और अंबा प्रसाद विधानसभा के मुख्य द्वार पर बैठे। वहीं दीपिका पांडे सिंह ने कहा झारखंड में आरएसएस का एजेंडा नहीं चलेगा। इरफान अंसारी हाथों में तख्ती लिए भाजपा वालों को संबोधित करते हुए कहा आदिवासी अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज से घृणा करना बंद करें।

# सरयू राय ने शिक्षक की नियुक्ति-प्रमोशन में गड़बड़ी होने का मामला उठाया



**रांची।** विधायक सरयू राय ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अल्पसूचित प्रश्न के तहत सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और प्राचार्यों की नियुक्ति और प्रोन्नति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के हिंदुस्तान मित्र मंडल मिडिल स्कूल में कुमार संदेश नाम के एक शिक्षक की नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर की अवहेलना हुई है। इतना ही नहीं संदेश को अनियमित रूप से स्कूल का प्रभारी प्राचार्य भी बना दिया गया है। उन्होंने सरकार से स्कूल की प्रबंधकारिणी समिति भंग करने और शिक्षक की नियुक्ति रद्द करने की मांग की। इसपर सरकार की ओर से कहा गया कि प्रोन्नति विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा दी जाती है। समिति के द्वारा ही सहमति प्राप्त कर कुमार संदेश को प्राचार्य बनाया गया है. सरयू राय सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उनके पूरक सवाल पर मंत्री जगरनाथ महतो ने प्रबंध समिति भंग करने का आश्वासन दिया।

## चिंता : लोकसभा में बोले सांसद संजय सेठ, धर्मांतरण नहीं करने पर कर दी जाती है हत्या

# खतरे में हैं आदिवासी और उनकी बेटियां, जमीनों पर हो रहा कब्जा



**कहा- धर्म परिवर्तन करनेवालों को नहीं दें आदिवासी होने का का लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले को मंगलवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद संजय सेठ ने रखा। सांसद ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार आयी है, तब से ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। झारखंड में विगत कई वर्षों से एक गंभीर समस्या चल रही है। हाल के दिनों में यह समस्या तेजी से बढ़ी है। इसका प्रतिरोध भी बढ़ा है। इसाई मिशनरियों के द्वारा झारखंड में पहले से धर्मांतरण का कार्य किया जा रहा है। अब यह कार्य इस्लामिक संस्थाओं के द्वारा भी कराया जा रहा है। भोले भाले आदिवासियों को लोभ, लालच देकर, झूठा चमत्कार दिखा कर उनका धर्मांतरण किया जाता है। विशेष रूप से आदिवासी बेटियों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उनकी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों से उन्हें चुनाव तक लड़वाया जा रहा है। जो बेटियां यह सब करने को तैयार नहीं होती, इस्लाम नहीं कबूलती, उनकी हत्याएं की जा रही हैं।

अभी दो दिन पहले साहिबगंज से ऐसा ही एक मामला सामने आ चुका है। श्री सेठ ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी आंदोलन भी चल रहा है। पूर्व में झारखंड के वरिष्ठ सामाजिक प्रवर्तक रहे बाबा कार्तिक उरांव ने इसके खिलाफ आवाज उठायी थी परंतु तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि जनजातीय सुरक्षा मंच के माध्यम से वर्तमान समय में एक देशव्यापी आंदोलन चल रहा है, जिसमें धर्मांतरित होने वालों का आदिवासी का दर्जा समाप्त करने की मांग की जा रही है। वर्तमान समय में ऐसे लोग आदिवासियों से जुड़ी योजनाओं और अन्य चीजों का लाभ लेते हैं और ईसाइयत - मुस्लिम के नाम पर अल्पसंख्यकों से जुड़ी योजनाओं का भी लाभ लेते हैं। कुछ दिन पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने भी कह दिया है कि दवाएं और अनाज आदि देना परोपकार है, परंतु इसकी आड़ में धर्मांतरण गलत है। सांसद ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि इस दिशा में कठोर कदम उठाये जायें, ताकि झारखंड की आदिवासी बेटियां, उनकी जमीन, उनकी पहचान सब कुछ सुरक्षित रह सके।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सं.: ST-SBP-TENDER-2022-17
दिनांक : 16.12.2022

**कार्य का नाम :** बारह महीने की समयावधि के लिए पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/टेलीकॉम/टिटिलागढ़ एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/टेलीकॉम/कांटाबांजी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/टेलीकॉम/महासमुन्द एवं जूनियर इंजीनियर (JE)/टेलीकॉम/मुनिगुड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टेलीकॉम जोनल (Zonal) कार्य।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 48,86,310/-, बिड सिक्युरिटी (रुपये में): 97,700/-

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक: 10.01.2023 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल और टेलीकॉम), सम्बलपुर
PR-825/N/22-23

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## सलाह : नौजवानों के भविष्य पर राजनीति नहीं हो

# झारखंड की धरती पर ही स्थानीय और नियोजन नीति बनाये सरकार: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार जो भी नियोजन नीति बनाये, वह झारखंड की धरती पर बनाये। इसको लेकर एक दो दिन लंबी बहस करनी पड़े तो करें, जिन निर्णयों पर कोर्ट की आपत्ति है सभी को देखते हुए बच्चों के भविष्य के लिए और क्या बेहतर होगा, सभी को समाहित करते हुए एक ठोस और राज्यहित में नीति बनाने की आवश्यकता है। यह बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर होगा और सरकार के लिए उचित भी। राज्य सरकार को इस पर जिद छोड़ देनी चाहिए और नौजवानों के भविष्य पर राजनीति नहीं हो। श्री मरांडी विधानसभा में पत्रकारों से बात करते हुए उक्त बातें कहीं। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने 2021 में नियोजन नीति बनायी थी, जिसमें प्रावधान किया गया था कि जो लोग 10वीं और 12वीं झारखंड से करेंगे वही नौकरी के लिए योग्य होंगे। जो लोग झारखंड से बाहर से पढ़ कर आयेंगे वे इसके योग्य नहीं होंगे। एक प्रकार से यह नीति ही

**9वीं शेड्यूल में जाने पर भी कोर्ट में हो सकती है उसकी समीक्षा**

**राज्य सरकार को इस पर जिद छोड़ देनी चाहिए और नौजवानों के भविष्य पर राजनीति बंद होनी चाहिए**

अव्यवहारिक थी। दूसरा उसमें यह किया गया था कि हिंदी और अंग्रेजी को समाप्त करके उर्दू को प्राथमिकता दी गयी थी। इन दो मुद्दों को लेकर लोग हाइकोर्ट चले गये थे और हाइकोर्ट ने भी सरकार के इस निर्णय को निरस्त कर दिया। झारखंड के लोग सड़क पर आंदोलनरत हैं।

झारखंड सरकार की जो बातें विभिन्न स्रोतों से सामने आ रही हैं कि अब झारखंड सरकार हाइकोर्ट के निर्णय के विरोध में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर स्थानीय और नियोजन नीति व ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं शेड्यूल में डालने को लेकर राजभवन की ओर कूच किया है। श्री मरांडी ने कहा कि पार्टी की ओर से और मेरा सरकार से आग्रह है कि झारखंड के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं



करें और उन्हें और अंधेरी गलियों की और नहीं धकेलें। चूंकि स्थानीय और नियोजन नीति तय करने का काम राज्य सरकार का होता है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकती है और दूसरों के कंधों पर फेंक नहीं सकती। इसलिए सरकार से कहूंगा कि वह बिना विलंब किये अब यहीं पर बैठ कर निर्णय करे। सरकार अगर सोच रही है 9 वीं शेड्यूल में चला जायेगा तो कोर्ट उसकी समीक्षा नहीं करेगा तो यह गलत है।

2007 में सुप्रीम कोर्ट का एक निर्णय आ चुका है। कोर्ट ने साफ कहा है कि कोई भी कानून सरकार बनाती है और 9 वीं शेड्यूल में डालती है कोई सोचता है कि वह कानून बन जायेगा, ऐसा नहीं है कोर्ट उसकी भी समीक्षा कर सकती है। ऐसी स्थिति में मामला तो और फंसेगा। श्री मरांडी ने उदाहरण स्वरूप कहा कि आज देश भर में एक विषय को लेकर सर्वत्र चर्चा हो रही है। जजों की नियुक्ति के लिए जो कॉलेजियम था। उस सिस्टम के बदले केंद्र सरकार ने नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन गठित किया था। लोकसभा और राज्यसभा से सर्वसम्मति से जो कानून बना लेकिन इसकी भी सुप्रीम कोर्ट ने समीक्षा की। मामला अब भी लटका है। सभी जगह चर्चा और बहस हो रही है। श्री मरांडी ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसी स्थिति में राज्य सरकार को बच्चों के भविष्य से कदापि खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और उनकी जिम्मेवारी भी बनती है।

# गोंडा पहाड़ स्थित गांव में हुआ रेबिका पहाड़िया का अंतिम संस्कार

## परिजनों कर बुरा हाल, अब तक 10 आरोपी हुए गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** रेबिका पहाड़िया का अंतिम संस्कार गोंडा पहाड़ स्थित उसके गांव में कर दिया गया है। प्रशासन की मौजूदगी में रेबिका को मिट्टी दी गयी। इससे पहले पुलिस शव को ताबूत में भर कर उसके घर पहुंची, जहां परिजन ताबूत को घेर कर रोने लगे। इस मौके पर डीसी रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा बीडीओ टुडू दिलीप, थाना प्रभारी जगन्नाथ पान मौजूद रहे। गौरतलब है कि साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में दिलदार अंसारी ने 25 साल की रेबिका पहाड़िया नामक महिला की



हत्या करने के बाद शव को टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग जगह फेंक दिया था। आरोपी दिलदार के मामा मो मोईनुल अंसारी के घर से हत्या में प्रयुक्त दो धारदार हथियार बरामद किया गया है। इस मामले में बोरियो थाना में रेबिका के पति दिलदार सहित तीन लोगों पर नामजद केस दर्ज कराया गया है। रेबिका हत्याकांड में अब तक 10 लोगों की भूमिका सामने आ चुकी है। घटना के बाद से फरार दिलदार के मामा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार सभी लोगों को साहिबगंज कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार लोगों में बोरियो बेलटोला के मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी, उसकी पत्नी मरियम खातून, पुत्र दिलदार अंसारी दिलदार, उसकी पहली पत्नी शारेजा खातून, मोहम्मद मुस्तकीम के दूसरे पुत्र महताब अंसारी, पुत्री गुलेरा खातून, स्टैंड किरानी मैनूल, उसकी पत्नी सबोर निशा, उसकी पुत्री एवं मामा मैनुल की पत्नी है।

## लोबिन हेंब्रम ने रेबिका पहाड़िया हत्याकांड पर जतायी नाराजगी, कहा-

# मुस्लिम लोगों को विवाह करने के लिए सिर्फ पहाड़िया-आदिवासी लड़कियां ही मिलती हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने रेबिका पहाड़िया हत्याकांड पर नाराजगी जतायी। कहा कि एसपी को हमने कहा है कि इसकी बारीकी से जांच की जाये। लोबिन हेंब्रम मंगलवार को शीतकालीन सत्र के दौरान मीडिया से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उसके समाज के लोगों से भी कहा है कि इस तरह के असामाजिक उदंड लोगों को



समझाओ। नहीं तो बाद में कुछ भी हो सकता है। मरता क्या नहीं करता, कोई बड़ा अंजाम या घटना घट सकती है। गांव के लोगों को समाज के लोगों को सोचना चाहिए। फिर सुन रहे हैं कि हमारे ही एक प्रखंड में पहाड़िया लड़की से बलात्कार हुआ। ये लोग क्या समझ रखा है। हम बराबर सच्चाई को बोलते हैं इसको समाज के लोगों को भी संज्ञान में लेने की जरूरत है। मुस्लिम लोगों को सिर्फ पहाड़िया और आदिवासी लड़कियां ही मिलती हैं, शादी विवाह करने के लिए। अब उसके अपनी जाति में लड़की नहीं है क्या, उससे शादी करो। उन्होंने कहा कि राज्य शेड्यूल एरिया पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है। इसका फायदा उठा कर इसमें से कोई मुखिया बन जाता है, कोई प्रमुख बन जाता है, कोई जिला परिषद बन जाता है, कोई अध्यक्ष बन जाता है। इसलिए हम बार-बार सरकार में बोलते हैं कि कम से कम इसे बचाओ, आदिवासी को बचाओ, मूलवासी को बचाओ, जंगल को बचाओ, जमीन की लड़ाई तो झारखंड मुक्ति मोर्चा की लड़ाई है।

## सीसीएल के पूर्व अधिकारी को तीन साल की सजा

रांची (आजाद सिपाही)। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सीसीएल के पूर्व अधिकारी धनेश प्रसाद को सीबीआइ कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। रांची सीबीआइ की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया है। धनेश प्रसाद के खिलाफ 36 लाख रुपये आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप सिद्ध हुआ है। अदालत में चली सुनवाई के दौरान सीबीआइ ने आरोपों को साबित करने के लिए 41 गवाहों का बयान दर्ज करवाया। गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनायी।

## पंकज मिश्रा को सीआइपी से जल्द मिलेगी छुट्टी

रांची (आजाद सिपाही)। अवैध खनन मामले के आरोपी पंकज मिश्रा को सीआइपी से जल्द छुट्टी मिल सकती है। सीआइपी के निदेशक डॉ वासुदेव दास ने बताया कि पंकज मिश्रा को जिस नशे की लत के कारण भर्ती कराया गया था, उसमें काफी हद तक सुधार हो गया है। अब पंकज मिश्रा की मेडिकल रिपोर्ट जेल अधीक्षक को भेजने की तैयारी की जा रही है। निदेशक ने बताया कि सीआइपी आने के बाद उन्होंने एक बार भी नशा का इंजेक्शन नहीं लिया है। सीआइपी के नशा मुक्त विभाग में नशे की लत को छुड़ाने के लिए उन्हें एक खास किस्म की दवा दी जा रही है। जो सिर्फ अस्पतालों में ही उपलब्ध है। निदेशक ने बताया कि यह दवा अभी उन्हें लगातार चलेगी।

## एसडीओ कोर्ट से कुणाल सिंह, मनोज यादव, देवेंद्र महतो, गुलाम सरवर और सफी इमाम को नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट से नियोजन नीति रद्द होने के बाद युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं. जगह- जगह युवाओं का आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। छात्रों के एक समूह झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने यह घोषणा की है कि नियोजन नीति की मांग को लेकर विधानसभा तक पैदल मार्च करेगी। इस बीच रांची जिले के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा छात्र नेता कुणाल सिंह, मनोज यादव, देवेंद्र महतो, गुलाम सरवर और सफी इमाम को नोटिस भेजा गया है। एसडीओ द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ है कि उक्त सभी ऐसा कृत्य करेंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है। इसलिए सभी लोगों को कोर्ट में उपस्थित होकर बांड भरने का निर्देश दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद छात्रों का कहना है कि युवा अपने पैदल मार्च के जरिये सरकार तक अपनी बात पहुंचाना चाहते हैं।

## सुभान मियां को हाइकोर्ट से मिली जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मगध आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग के मास्टरमाइंड माने जाने वाले सुभान मियां को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ के कोर्ट में सुभान मियां की जमानत अर्जी की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुभान मियां के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, ऋषभ कुमार और एनआइए के अधिवक्ता की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। सुभान मियां ने एनआइए की कांड संख्या 3/2018 से जुड़े केस में अदालत से जमानत देने की गुहार लगायी थी।

# दो करोड़ के लिए युवक का हुआ था अपहरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीआइटी मेसरा क्षेत्र निवासी राहुल कुमार वर्मा का बरियातू से अपहरण हो गया था। राहुल का अपहरण बदमाशों ने अपने पैसे की वसूली के लिए किया था। रांची पुलिस की टीम ने बिहार के बांका से राहुल को सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक राहुल का अपहरण दो करोड़ रुपये के लिए किया गया था।

**बांका का रोहित यादव उठा कर ले गया था राहुल को**

**मालाबार कॉम्प्लेक्स के पास से हुआ था अपहरण :** बीते 17 दिसंबर को बरियातू थाना क्षेत्र स्थित मालाबार कॉम्प्लेक्स के पास ये राहुल वर्मा का अपहरण किया गया था। राहुल उस समय सिंह मेडिकल में बैठ कर दवाइयां खरीद रहा था। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने आनन-फानन में बरियातू पुलिस को फोन कर यह जानकारी दी कि काले रंग की स्कॉर्पियो में आये कुछ लोग दवाई दुकान के पास बैठे एक युवक को जबरदस्ती अपने वाहन में बिठा कर ले गये हैं। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस आगे की जांच में जुट गयी थी। परिजनों ने बताया कि राहुल को बिहार के बांका जिला के रहने वाला रोहित यादव अपने साथ उठा कर ले गया है।

**एसएसपी ने किया था टीम का गठन :** घटना की जानकारी मिलने के बाद रांची के एसएसपी ने तुरंत एक टीम का गठन कर बरियातू थाना के पदाधिकारियों के साथ बांका जिला में छापेमारी करने को भेजा। इधर बरियातू थानेदार ज्ञानरंजन लगातार टेक्निकल टीम के साथ राहुल का लोकेशन जानने का प्रयास कर रहे थे। आखिरकार सोमवार की रात के तकरीबन एक बजे बांका पुलिस के सहयोग से राहुल को सकुशल मुक्त करवा लिया गया।

# आज रेबिका पहाड़िया के परिजनों से मिलेगा भाजपा प्रतिनिधिमंडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संथाल परगना के बोरियो विधानसभा अंतर्गत बोरियो बेलटोला में रेबिका पहाड़िया हत्याकांड को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय 21 सदस्यीय टीम का गठन किया है। यह टीम भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव के नेतृत्व में 21 दिसंबर को घटनास्थल बोरियो बेलटोला जाकर पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों से मिलेंगे। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, गंगोत्री कुजूर, दिनेश उरांव, लुइस मरांडी, ताला मरांडी, अनंत ओझा, मिस्त्री सोरेन, रामकुमार पाहन, अशोक बड़ाईक, मनोज पहाड़िया, सिमोन माल्टो, सुफल मरांडी, दुर्गा मरांडी, सूर्या हांसदा, सुरेश मुर्मू, रविंद्र टुडू, दानियल किस्कू, रेणुका मुर्मू, रमेश हांसदा, रामकुमार मांझी एवं गमालियल हेंब्रम शामिल हैं।

# राष्ट्रीय समूह गायन प्रतियोगिता में डीपीएस रांची को तीसरा स्थान




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अपने उत्कृष्ट गायन कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप सभागार, भीलवाड़ा, राजस्थान में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय समूह गायन प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर में तीसरा पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड, पंजाब, मुंबई, दिल्ली (एनसीआर), उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान और उत्तराखंड की कुल नौ टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिंदी और संस्कृत भाषाओं में देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य, डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# बिल्डिंग रेगुलराइजेशन को मास्टर प्लान से नहीं जोड़ा जाना चाहिए : डिप्टी मेयर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में लाख के करीब भवनों का नक्शा ही नहीं है। वहीं पुराने भवनों को भी रेगुलराइज करने को लेकर सरकार ने प्रस्ताव पारित कर दिया है। लेकिन इसमें कुछ बिंदुओं पर ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए प्रस्ताव में कुछ संशोधन को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। ये बातें मंगलवार को डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहीं। उन्होंने कहा कि भवन रेगुलराइजेशन का जो प्रस्ताव है, उसे मास्टर प्लान से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। लोगों से एफिडेबिट के माध्यम से एक स्वेच्छा पत्र लेना चाहिए। शहर के विकास में भविष्य में अगर कोई बाधा आती है तो जिस अंश को विकास के लिए लिया जाना है, उसे स्वेच्छा से संबंधित निकाय में देने का वादारूपी एफिडेविट लिया जाना चाहिए।

### पांच हजार स्क्वायर फीट तर्कसंगत नहीं

उन्होंने कहा कि भवन के क्षेत्रफल को पांच हजार स्क्वायर फीट और 15 मीटर हाइट में बांधना तर्कसंगत नहीं है। अगर हम व्यावहारिक दृष्टि से देखें, तो तीन हजार स्क्वायर फीट का चार भवन ए, बी, सी, डी भू-स्वामियों के द्वारा बनाया गया है। उसको हम रेगुलर कर रहे हैं तो चारों को एक साथ नियमित करने पर 12 हजार स्क्वायर फीट का भवन हो जायेगा। इसलिए केवल ऊंचाई सीमा को बांधना तर्कसंगत होगा।

## सात दिवसीय नव वर्ष फेस्ट कार्निवल 2023 का आयोजन

# एक्वा वर्ल्ड में 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक कार्निवल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक्वावर्ल्ड मछलीघर के द्वारा नये वर्ष के अवसर पर सात दिवसीय मस्ती और उमंग से भरा नव वर्ष फेस्ट कार्निवल 2023 का आयोजन किया जा रहा है। 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक कार्निवल किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। निदेशक सत्य प्रकाश चंदेल ने बताया कि इस अवसर पर दर्जनों स्टॉल लगाये जायेंगे एवं सुबह 10:00 से रात 8:30 तक सभी वर्गों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से फैशन शो, मिस होट्टी, मिस्टर होट्टी, किड्स फैशन शो, बुड्ढा होगा तेरा बाप, महापेटू प्रतियोगिता, बेस्ट इंस्टाग्राम रील प्रतियोगिता, सेल्फी टाइम, ओपन माइक, बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता, लाइव बैंड बोनफायर डांस, खईके पान बनारस वाला प्रमुख होंगे। हर दिन प्रवेश टिकटों पर रात 8:30 बजे लकी ड्रॉ निकाला जायेगा। 7 दिनों के इस आयोजन के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं।

## हमारी सुनो : कृषक मित्रों ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के घर का किया घेराव

# कृषि मंत्री के बात नहीं करने पर आक्रोशित कृषक मित्रों ने किया हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषक मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेखा के हिनू स्थित आवास का घेराव किया। कृषक मित्र मंत्री से बात करने पहुंचे थे, लेकिन मंत्री ने बात नहीं की, जिससे कृषक मित्र आक्रोशित हो गये और हंगामा करने लगे। घेराव करने पहुंचे लोगों ने कृषि मंत्री मुर्दाबाद, निक्कमे मंत्री को हटाओ, झारखंड सरकार होश में आओ, कृषक मित्रों का मानदेय लागू करो के नारे लगाये।



**कृषि मंत्री को दिखाया जायेगा काला झंडा**

मौके पर मौजूद कृषक मित्र महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भगत ने कहा कि देवघर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद कृषि मंत्री कृषक मित्रों के मानदेय लागू करने के पक्ष में नहीं हैं, जिससे कृषक मित्रों मे आक्रोश बढ़ा है। कृषि मंत्री राज्य के जिस क्षेत्र में जायेंगे कृषक मित्र उन्हें काला झंडा दिखा कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कृषि मंत्री के अलावे अन्य मंत्रियों को भी काला झंडा दिखाया जायेगा। शशि भगत ने कहा कि कृषक मित्र महासंघ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष और राहुल गांधी को पत्र लिख कर कृषि मंत्री को हटाने की मांग करेगा।

### सरकार की कथनी और करनी में फर्क

प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह ने कहा कि यह सरकार किसानों, युवाओं और मूल वासियों की हितैषी होती तो आज किसान के हितकर युवा कृषक मित्र को प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं पड़ती। सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। कृषि मंत्री के गैर जिम्मेदाराना रवैया से प्रदेश के कृषक मित्रों में आक्रोश बढ़ा है। अब इस सरकार का पुरजोर विरोध किया जायेगा। कांग्रेस का भारत जोड़ो कार्यक्रम को भी काला झंडा दिखाया जायेगा। कार्यक्रम में नरेंद्र मुंडा, दुखभंजन निराकार, दिलेश्वर महतो, रामप्रवेश महतो, प्रकाश महतो, करम दयाल साहू, हरि महतो, विक्की राज, अशोक यादव, केदार मांझी, समेत अन्य कृषक मित्र शामिल हुए।

**जानें क्या हैं कृषक मित्रों की मांगें**

2 कुशल मजदूर के मजदूरी के बराबर मानदेय लागू हो।
65 वर्ष उम्र सीमा सुनिश्चित किया जाये।
कृषि विभाग के बहाली में 50% आरक्षण दिया जाये।
मृतकों के आश्रितों को नौकरी दिया जाये।
बीमा भत्ता दिया जाये।

# अधिग्रहित जमीन के रैयतों को मुआवजा शीघ्र : बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, बेड़ो के करमचंद भगत महाविद्यालय द्वारा कॉलेज भवन से मुख्य मार्ग तक उपयोग में लायी जा रही रैयतों की 44 डिसमिल जमीन शीघ्र ही अधिग्रहित की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अधिग्रहित जमीन के मालिकों को शीघ्र ही 1 लाख 25 हजार रुपये की दर से मुआवजा राशि का भुगतान किया जायेगा। तिर्की ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया जिसमें वे भी उपस्थित थे। बैठक में कॉलेज की महत्वपूर्ण समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया गया। इस मामले में निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष 20 जनवरी तक महाविद्यालय की उन सभी ज्वलंत समस्याओं का समाधान कर दिया जायेगा। इसके अलावा योग्यता के आधार पर तृतीय और चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
05

महत्वपूर्ण न्यूज

## शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से राजेश गुप्ता ने मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में भारत सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और प्रोफेसर सूरज मंडल में मुलाकात कर ओबीसी समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया व न्याय करने की मांग की। प्रमुख मांगों में ओबीसी समुदाय को जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण देने, केंद्रीय विश्वविद्यालय,दिल्ली विश्वविद्यालय, आईआईटी, आईआई एम कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में, छात्रों के एडमिशन में रोस्टर के गैर पालन और प्रोफेसर के प्रमोशन में एससी, एसटी व ओबीसी के साथ भेदभाव व उनकी प्रताड़ना के संबंध में कार्रवाई करने की मांग की। श्री गुप्ता ने बताया कि विभिन्न मांगों को गंभीरता से सुनने के पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार को पहले अपने राज्य में ओबीसी को आरक्षण बढ़ा कर लागू के बाद वो केंद्र को भेजते। लेकिन यह ओबीसी समुदाय के साथ धोखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालय संबंधित विसंगति को दूर करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया।

## सांकी-सिधवार रेलखंड का किया निरीक्षण



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा मंगलवार को कोडरमा-रांची नयी रेल लाईन परियोजना के अंतर्गत चौथे और अंतिम चरण में नवनिर्मित सांकी-सिधवार रेलखंड (27 किमी) का निरीक्षण किया गया । साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। विदित हो कि 27 किलोमीटर लंबा सांकी-सिधवार रेलखंड लगभग 3800 करोड़ लागत वाली कोडरमा-रांची (202 किमी) मुख्य परियोजना का भाग है। नवनिर्मित सांकी-सिधवार रेलखंड पर 04 टनल, 32 कर्व और 05 बड़े रेलपुलों का निर्माण किया गया है । कोडरमा-रांची नई रेल लाईन परियोजना के प्रथम चरण में कोडरमा-हजारीबाग (80 किमी), द्वितीय चरण में हजारीबाग-अरीगडा (54 किमी) तथा बरकाकाना-सिधवार (07 किमी), तीसरे चरण में टांटीसिलवे-सांकी (31 किमी) का कार्य पूरा करते हुए इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है । जबकि चौथे और अंतिम चरण में सांकी-सिधवार रेलखण्ड (27 किमी) का कार्य पूर्ण किया गया जिसका आज सीआरएस द्वारा सफल निरीक्षण किया गया। इसके चालू हो जाने से रेलमार्ग द्वारा झारखंड राज्य के हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू, गढ़वा, लातेहार इत्यादि जिले से झारखंड की राजधानी रांची की दूरी कम हो जायेगी। साथ ही पटना, गया से रांची की दूरी कम हो जायेगी।

## 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक अतुल्य सिन्हा एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व ओलंपियन पदमश्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित इग्नेश तिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह द्वारा मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता की उपस्थिती में किया गया। चैंपियनशिप का पहला मैच पूर्व मध्य रेलवे एवं मेजबान दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच खेला गया। इस मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे को 10-0 गोल से पराजित किया। मौके पर मुख्य परियोजना प्रबंधक सतीश कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तंगबालन एस, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार, कोचिंग डिपो अधिकारी सह मंडल क्रीडा अधिकारी राजीव रसिक, मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ देबराज बनर्जी, सेरसा रांची के समन्वयक प्रशांत मुखर्जी, भूतपूर्व अंतराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुमराए टेटे, असुंता लकड़ा एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक ने रांची रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया



रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक अतुल्य सिन्हा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, रांची प्रदीप गुप्ता एवं रांची मण्डल के शाखा अधिकारियों की उपस्थिती मे रांची रेल मंडल के रांची रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। साथ ही रांची रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत होने वाले कार्यों का भी जाएजा लिया। निरीक्षण के पश्चात अपर महाप्रबंधक अतुल्य सिन्हा ने मंडल रेल प्रबंधक एवं शाखा अधिकारियों के साथ मंडल कार्यालय के सभागार में बैठक कर मंडल में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्य परियोजना प्रबन्धक (गति शक्ति) सतीश कुमार, मंडल अभियंता (समन्वय) बमबम पांडे, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबन्धक श्री तंगबालन एस, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री निशांत कुमार तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अब रिम्स में ट्रालीमैन की होगी छुट्टी वार्ड ब्वॉय खीचेंगे मरीजों की ट्राली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हाइकोर्ट प्रबंधन को फटकार लगा रहा है। इसके बाद प्रबंधन थोड़ा रेस तो जरूर हुआ है, लेकिन मरीजों की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सामने अब बड़ी चुनौती आने वाली है। चूंकि रिम्स में काम कर रहे दर्जनों ट्रालीमैन की छुट्टी करने की तैयारी है, ऐसे में मरीजों की ट्राली खींचने की जिम्मेवारी वार्ड ब्वॉय के कंधों पर होगी। मरीजों को एडमिट कराने से लेकर छुट्टी कराने तक लंबा इंतजार करना पड़ेगा। वहीं ट्रालीमैन नहीं होने की स्थिति में परिजनों को खुद मरीज को लेकर जाना होगा। बताते चलें कि सभी वार्ड में एक या दो वार्ड ब्वॉय ही फिलहाल ड्यूटी कर रहे हैं।

### चार महीने से पेमेंट भी नहीं मिला

हॉस्पिटल में वर्तमान में 300 सिक्योरिटी गार्ड और 70 ट्रालीमैन ड्यूटी कर रहे हैं। एवरेस्ट ह्यूमन रिसोर्स कंपनी के इन स्टाफ को पिछले चार महीने से पेमेंट नहीं मिला है। वहीं सभी को हटाये जाने की खबर मिलते ही चिंता बढ़ गयी है। उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि एक तो पेमेंट नहीं मिला है और नौकरी से भी हटा दिया जायेगा, ऐसी स्थिति में अब वे कहां जायेंगे।

**70 ट्रालीमैन कर रहे हैं ड्यूटी :** हॉस्पिटल में फिलहाल 70 ट्रालीमैन को ड्यूटी पर लगाया गया है, जिनकी ड्यूटी तीन शिफ्ट में होती है। इमरजेंसी से लेकर वार्डों में ये मरीजों को लाने-ले जाने से लेकर जांच तक कराने में ट्राली से मरीजों ले जाते है। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों की मदद भी करते हैं।

**1500 से अधिक मरीज का लोड :** हॉस्पिटल में कैपेसिटी से अधिक मरीज हमेशा एडमिट रहते हैं। अब भी हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या 1500 के पार है। वहीं इमरजेंसी में भी हमेशा दर्जनों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें तत्काल ट्रामा सेंटर या इमरजेंसी में ले जाना होता है। ऐसे में ट्रालीमैन की छुट्टी कर दिये जाने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, वहीं मरीजों की ट्राली परिजनों को खींचनी होगी।

# 7-10वीं जेपीएससी का रिजल्ट और कट ऑफ मार्क्स तीन सप्ताह में प्रकाशित करें : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 7वीं से लेकर 10वीं जेपीएससी परीक्षा का रिजल्ट और कट ऑफ मार्क्स प्रकाशित किये जाने को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए जेपीएससी को यह निर्देश दिया है कि तीन सप्ताह के अंदर सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा का रिजल्ट और कट ऑफ मार्क्स प्रकाशित किया जाये, अगर जेपीएससी ऐसा नहीं करता है तो अदालत स्वतः अवमानना वाद शुरू करेगा।

बता दें कि इस मामले को लेकर सोनू कुमार रंजन एवं अन्य ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी के द्वारा मई 2022 में ही मेरिट लिस्ट जारी की गयी थी, लेकिन अब तक यह प्रकाशित नहीं की गयी है, जिसके कारण किसी भी अभ्यर्थी को अब तक यह पता नहीं चल पा रहा है कि कट ऑफ मार्क्स क्या था। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी सोनू कुमार रंजन की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार अदालत में पक्ष रख रहे हैं।

## संबलपुर मंडल का अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही संवाददाता)।** पूर्व तट रेलवे, सम्बलपुर मंडल द्वारा मंगलवार को अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक)-2022 का आयोजन रेलवे सामुदायिक हॉल, सम्बलपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में सम्बलपुर मंडल, खोरधा रोड मंडल, पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) एवं मंचेश्वर कारखाना, भुवनेश्वर की टीमों ने अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक)-2022 में भाग लिया। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, आनंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतिभागियों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा दिखाने में मदद मिलती है और दुनिया इस अनमोल ईश्वर प्रदत्त गुण को पहचान सकती है। सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक) में पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) ने पहला स्थान, मंचेश्वर कारखाना ने दूसरा स्थान और खोरधा रोड मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के निर्णायक श्री आतिश कुमार सतपथी, संतोष मिश्रा और नरेंद्र बेहरा थे। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। युसूफ कबीर अंसारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, संबलपुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कुख्यात नक्सली कुलदीप गंझू ने किया आत्मसमर्पण

**चाईबासा।** कोल्हान इलाके में भाकपा माओवादी के कुख्यात एरिया कमांडर कुलदीप गंझू ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। कुलदीप ने चाइबासा पुलिस केंद्र में कोल्हान डीआइजी, सीआरपीएफ डीआइजी, डीसी और एसपी की मौजूदगी में सरेंडर किया। चाइबासा पुलिस और सीआरपीएफ की तरफ सेलगातार चलाये जा रहे अभियान के डर से आत्मसमर्पण किया। कुलदीप ने एक 303 रायफल के साथ आत्मसमर्पण किया है। उसके खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामले दर्ज हैं।

## सीआइपी में क्रिसमस गैदरिंग

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआइपी) ने मंगलवार को क्रिसमस और नव वर्ष के अवसर पर क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संत जोसेफ स्कूल के डायरेक्टर ब्रदर फैडी्क मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ क्रिसमस गीत से किया गया। इसके बाद विभिन्न वार्डों के पेशेंट्स, स्टाफ, डॉक्टर की ओर से संगीत, नाटक एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। समापन मिस नीलू मालवा टोप्पो के धन्यवाद भाषण से हुआ। इस अवसर पर सीआइपी निदेशक प्रोफेसर डा वासुदेव दास, मेट्रो स्वर्णबाला सुरीन, डॉ रौशन, डॉ सुनील, डॉ चंद्रशेखर महतो मौजूद थे।

## देश के सभी 316 डेंटल कॉलेजों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली चालू किया जाना ऐतिहासिक : डॉ विवेक कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। देश के सभी 316 डेंटल कॉलेजों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सुचारू रूप से कार्यान्वयन कराने में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले डेंटल काउंसिल आफ इंडिया की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ विवेक कुमार को सम्मानित मंगलवार को सम्मानित किया गया। डॉ विवेक कुमार को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉक्टर दिव्येंदु मजूमदार ने सम्मानित करते हुए उनके द्वारा डेंटल काउंसिल के प्रति समर्पित रूप से किये गये अथक सफल प्रयासों की सराहना की। मौके पर डॉ विवेक कुमार ने कहा कि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया ने सुशासन और बेहतरी के उद्धेश्य से देशभर में अपने 316 घटक कॉलेजों के लिए दैनिक उपस्थिति डिवाइस का उपयोग करके सफलता पूर्वक पंजीकृत किया गया है।

## आइएसएम पुंदाग में कार्यशाला आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। आइएसएम पुंदाग रांची द्वारा प्रबंधन में योजना का महत्व विषय पर मंगलवार को कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, नयी दिल्ली साध्वी अनुराधा भारती थी। साध्वी ने अपने व्याख्यान में बताया कि किसी भी कॉरपोरेट बिजनेस फर्म के संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए सशक्त और प्रभावशाली योजना प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने कहा कि आइएसएम रांची द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों के छात्र- छात्राओं में प्रबंधकीय क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से नियमित रूप से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किए जाते है। संस्थान के प्रभारी प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। रुचि मिश्र सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय रुद्र नारायण भांजदेव, धीरेंद्र मिश्र, अनिमेष सरकार, रवि रंजन कुमार, डॉ अंजलि श्रीवास्तव, रुचि मिश्र, बीजू कुमारी, नीरू कुमारी उपस्थित थे।


## सरकारी पिस्टल चोरी करनेवाला चोर गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। दारोगा नवीन कुमार के घर से सरकारी पिस्टल समेत अन्य सामानों की चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची पुलिस की टीम ने बंगाल से आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते 16 दिसंबर को चुटिया थाना क्षेत्र के मचकुंद टोली के मां गायत्री सोसाइटी कॉलोनी में दारोगा नवीन कुमार के घर से 16 लाख के जेवरात, आठ लाख रुपये नगद और 9 एमएम के सरकारी पिस्टल और गोली की चोरी हो गयी थी। चोरी की जानकारी पुलिस को दी गयी थी, जिसके बाद से ही पुलिस चोरों की गिरफ्तारी में जुट गयी थी। रांची से एक चोर की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस को जानकारी मिली थी कि दारोगा नवीन कुमार के घर चोरी करने वाले चोर बंगाल भाग गये हैं, जिसके बाद रांची पुलिस की टीम ने सोमवार की देर रात बंगाल पहुंच कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

# कुलपति ने कॉमर्स और बीबीए विभागों का निरीक्षण किया

## नियमित अंतराल पर संवाद कर विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाना है : तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन में संचालित किए जा रहे कॉमर्स और बीबीए विभागों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने कॉमर्स विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ संवाद कर विद्यार्थियों और शिक्षको की संख्या, वर्ग संचालन की समय सारिणी और मूलभूत जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत बीबीए की भी आधारभूत संरचना के विषय में जाना। इस क्रम में बीबीए के निदेशक डॉ अशोक नाग और कॉमर्स के सह समन्वयक डॉ आइएन साहू और कॉमर्स के विभागीय शिक्षक साथ थे। कुलपति डॉ शांडिल्य ने इस मौके पर कहा कि गत दिनों पूर्व ही नवनिर्मित भवन में वोकेशनल पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। अतः एक नियमित अंतराल पर प्रत्येक विभागों के शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शिक्षण और अन्य समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा सकता है। इसके पूर्व कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठन के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं को जाना। कुलपति ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय न सिर्फ मेधावी विद्यार्थियों की आर्थिक परेशानी का ध्यान रखेगा, बल्कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय में अकादमिक गुणवत्ता के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़ोत्तरी की जायेगी ताकि विश्वविद्यालय अपने गुणवत्ता के मानकों में श्रेष्ठ बन सके। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसब्लू डॉ अनिल कुमार, वित्त पदाधिकारी आनंद कुमार मिश्रा सहित सभी निदेशक और समन्वयक मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

## सीसीएल ने गोल्डेन गर्ल आशा किरण बारला को किया सम्मानित




**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय में आज झारखण्ड के गुमला जिले की रहने वाली एथलिट आशा किरण बारला को उनके शानदार उपलब्धियों के लिए सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया। सीएमडी, सीसीएल श्री प्रसाद ने बारला को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि सीसीएल आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। निदेशक (कार्मिक) श्री मिश्र ने कहा कि आप अपना अभ्यास जारी रखें, जिससे कि भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में झारखंड राज्य तथा देश के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक हासिल करने में आपको कामयाबी मिल सके। बताते चलें कि आशा किरण बारला ने एशिया लेवल पर कुवैत में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। आशा किरण बारला ने 800 मीटर की दौड़ 2 मिनट 6 सेकंड में पूरा कर रिकॉर्ड बनाया है। वह देश की पहली एथलीट है जिसके नाम यह रिकॉर्ड है। इसी तरह गुवाहटी में आयोजित 37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन 15 नवंबर को अंडर 20 गर्ल्स के 800 मीटर इवेंट में भी आशा किरण बारला ने स्वर्ण पदक हासिल कर सभी को गौरवान्वित किया है। 2:08:85 का समय लेते हुए आशा ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, केरल, मणिपुर, हरियाणा के खिलाडियों को पछाड़ते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया है। सीसीएल अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत झारखण्ड के प्रतिभावान खिलाड़ियों की हरसंभव मदद कर रहा है और जेएसएसपीएस के माध्यम से झारखंड राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ शिक्षा की भी सुविधा मुहैया करा रहा है। अवसर विशेष पर सीसीएल के कल्याण विभाग के विभागाध्यक्ष रेखा पांडे एवं प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन भी उपस्थित थे।

## सरला बिरला के छात्रों का सीबीएससी नेशनल एडोलेसेंट समिट 2022 में शानदार प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने दिल्ली में आयोजित सीबीएसइ नेशनल एडोलेसेंट समिट ऑन लाईफ स्किल, मेंटल हेल्थ, सेफ्टी एंड वेल बीईंग-2022 में पुरस्कार जीता। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 200 विद्यालयों के 800 छात्रों ने भाग लिया। यश मित्तल, सृजय सिन्हा, आयोन सरकार और विधान अजमेरा ने समकालीन थीम पाठशाला नुक्कड़ की नाटक में भाग लिया। इन छात्रों ने भारत की विविधता-मेरा गौरव नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने पर उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त किया। इसके लिए इन्हें प्रशंसा पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। सृजय सिन्हा को बीट बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर का पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय की विशिष्ट भागीदारी के लिए प्राचार्या को सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजेताओं की सराहना की और बच्चों को अपने कौशल और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह के अनेक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## टेंडर हार्ट के शिवांश कुमार को स्वर्ण पदक



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के तुपुदाना स्थित टेंडर हार्ट विद्यालय के कक्षा 3 के शिवांश कुमार ने धनबाद में आयोजित सातवें आल इंडिया बुशिकन कप कराटे चैंपियनशिप 2022 में 10 वर्ष पुरुष वर्ग में क्रमशः स्वर्ण एवं कास्य पदक प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दून पब्लिक स्कूल, धनबाद में 17 एवं 18 दिसंबर 2022 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवार ने शिवांश कुमार को उसके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में कराटे जैसे प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बालकों के मन में आत्मरक्षा का मार्ग प्रशस्त होता है।

## बीर बुधू भगत की जन्मस्थली सिलागाई का दौरा किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद बीर बुधू भगत की जन्मस्थली सिलागाई का दौरा किया, जहां सिलागाई झखराकुंबा वीर बुधू भगत स्मारक समिति की बैठक में भाग लिया। अध्यक्षता अल्फेरेड मिंज ने की एवं संचालन महासचिव गोपाल उरांव ने किया। बैठक में 17 फरवरी 2023 को बीर बुद्धू भगत की जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने का विचार विमर्श किया गया एवं बीर बुद्धू भगत स्मारक समिति के विस्तार पर भी बात हुई। अगली बैठक 24 दिसंबर को झखरा कुंबा में 11 बजे से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा विमल कच्छप बीर बुद्धू भगत स्मारक समिति के बीर बुधूभगत के वंशज शिव पूजन भगत रामधनी भगत महासचिव गोपाल उरांव प्रोफेसर राम किशोर भगत रघुनाथपुर के मुखिया महादेव उरांव दीपक जायसवाल सुनील उरांव जॉनी उरांव मोहरा उरांव, भौआ उरांव देवनारायण उरांव संदीप उरांव, एतवा उरांव शामिल थे।

# भारी पड़ी शी की जिद

चीन में बड़े शहरों की सड़कें फिर सूनी दिखने लगी हैं। इस बार मामला सरकार की ओर से लादी गयी सख्त पाबंदियों का नहीं बल्कि कोरोना के केसों में तेज बढ़ोतरी से लोगों में फैली दहशत का है। चीन में शी चिनफिंग सरकार कोविड-19 की चुनौती से निपटने में बुरी तरह नाकाम होती दिख रही है। शुरू में उसने जीरो-कोविड पॉलिसी के तहत ऐसी सख्त पाबंदियां लगायीं कि लोग त्राहिमाम कर उठे। वे न तो कामकाज पर जा पा रहे थे और न उन्हें आवश्यक वस्तुओं की सही ढंग से आपूर्ति हो पा रही थी। इकॉनमी पर इसका बुरा असर पड़ रहा था, सो अलग। बार-बार अलग-अलग हलकों से यह बात कही जा रही थी कि चीन को दुनिया के अन्य देशों के इस महामारी से निपटने के अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। लेकिन चीनी सरकार की ज्यादा दिलचस्पी यह साबित करने में थी कि उसकी नीति अन्य सभी देशों से बेहतर है। वह बस विभिन्न देशों में मृतकों की संख्या देखती रही। इस महामारी की चुनौती से जुड़े अन्य अहम पक्षों को नहीं समझ सकी। नतीजा यह कि एक बिंदु के बाद लोगों का धैर्य जवाब दे गया और चीन के तमाम बड़े शहरों में सरकार की जीरो-कोविड पॉलिसी के खिलाफ जबर्दस्त प्रदर्शन शुरू हो गये। आम लोगों का यह विरोध इतना तगड़ा था कि इसे दबाने की हर कोशिश नाकाम रही। आखिर 7 दिसंबर को सरकार ने वह नीति वापस ले ली। सख्त पाबंदियां भी हटा ली गयीं। मगर यह फैसला भी एक झटके में लिया गया। नतीजा यह कि लोग बड़ी संख्या में घरों से निकलने लगे, सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ लगने लगी और महामारी पहले से ज्यादा भीषण रूप में लौटी। सरकार के मुताबिक, 7 दिसंबर को जीरो कोविड पॉलिसी से जुड़ी सख्त पाबंदियां वापस लिए जाने के बाद से कोविड से एक भी मौत रिपोर्ट नहीं की गयी है। लेकिन राजधानी पेइचिंग में अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वेरिएंट का फैलाव कैटरिंग से लेकर पार्सल तक तमाम सेवाओं को बाधित कर रहा है। शवदाह गृहों और अंत्येष्टि स्थलों पर हाल यह है कि स्टाफ कम पड़ रहे हैं। चीन में कोविड की पहली लहर के मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी के बीच आने के आसार हैं, जबकि दूसरी लहर जनवरी के आखिर से फरवरी के मध्य तक और तीसरी लहर फरवरी के आखिर से मध्य मार्च तक। यानी आने वाले वक्त में चीन में मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ सकती है। इसके अलावा, इकॉनमी के मोर्चे पर भी स्थिति और बिगड़ सकती है। क्टऋने 2022 में चीन की जीडीपी ग्रोथ 3.2 फीसदी और 2023 में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। लेकिन कोविड-19 की आने वाली लहरों से ग्रोथ और कम रह सकती है। इसका ग्लोबल इकॉनमी पर भी बुरा असर पड़ेगा, जो पहले से ही मंदी की ओर बढ़ रहा है।

**पेइचिंग में अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वेरिएंट का फैलाव कैटरिंग से लेकर पार्सल तक तमाम सेवाओं को बाधित कर रहा है। शवदाह गृहों और अंत्येष्टि स्थलों पर हाल यह है कि स्टाफ कम पड़ रहे हैं।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी यात्रा में राष्ट्रभक्ति का पर्याय हो गया है। अपने राष्ट्र और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति संघ की पूर्ण निष्ठा एवं सम्मान है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने तो 19 जनवरी, 2020 को बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भविष्य का भारतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण विषय पर अपने व्याख्यान में स्पष्ट कहा है- संघ का कोई एजेंडा नहीं है, वह भारत के संविधान को मानता है।**

# संविधान को ही शक्ति का केंद्र मानता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



**सुखदेव वशिष्ठ**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में अपने 100 वर्ष पूरे कर रहा है। संघ के विचार एवं गतिविधियों से समाज का मानस बनता और बदलता है। इसलिए बौद्धिक जगत से लेकर आम समाज में संघ के विभिन्न विषयों पर दृष्टिकोण को जानने की उत्सुकता रहती है। भारतीय संविधान भी ऐसा ही विषय है, जिस पर संघ के विचार सब जानना चाहते हैं। दरअसल, भारत विरोधी ताकतों ने उनके निहित स्वार्थों के चलते यह मिथ्या प्रचार जमकर किया है कि आरएसएस संविधान विरोधी है। वह वर्तमान संविधान को खत्म करके नया संविधान लागू करना चाहता है। मजेदार बात यह है कि संघ विरोधी गिरोहों ने इस तरह के झूठ की बाकायदा एक पुस्तिका भी तैयार करा ली, जिस पर वर्तमान सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत का चित्र एवं नाम प्रकाशित किया गया और लिखा गया था- नया भारतीय संविधान। संघ की ओर से इस दुष्प्रचार के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गयी, उसके बाद से यह मिथ्या प्रचार काफी हद तक रुक गया।

जो लोग संघ को हमेशा विभाजनकारी सिद्ध करने पर तुले रहते हैं, उन्हें स्वयं का आत्मविश्लेषण करना होगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस ने कहा था कि संविधान और सेना के बाद केवल आरएसएस ही भारतीयों की रक्षा करने में सक्षम है।

**जो लोग संघ को हमेशा विभाजनकारी सिद्ध करने पर तुले रहते हैं, उन्हें स्वयं का आत्मविश्लेषण करना होगा।**

उन्होंने तो आपातकाल के बाद देश को स्वतंत्र कराने का श्रेय भी संघ को ही दिया था। कौन नहीं जानता कि संघ ने 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान सरकार का कितना साथ दिया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में संघ को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं में भी संघ के स्वयंसेवक लोगों की रक्षा के लिए जुट जाते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी यात्रा में राष्ट्रभक्ति का पर्याय हो गया है। अपने राष्ट्र और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति संघ की पूर्ण निष्ठा एवं सम्मान है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने तो 19 जनवरी, 2020 को बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भविष्य का भारतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण विषय पर अपने व्याख्यान में स्पष्ट कहा है- संघ का कोई एजेंडा नहीं है, वह भारत के संविधान को मानता है। हम शक्ति का कोई दूसरा केंद्र नहीं चाहते। संविधान के अलावा कोई शक्ति केंद्र होगा, तो हम उसका विरोध करेंगे। इसी तरह वर्ष 2018 में 17 से 19 सितंबर तक इसी शीर्षक से आयोजित व्याख्यानमाला में उन्होंने कहा कि हमारे प्रजातांत्रिक देश में, हमने एक संविधान को स्वीकार किया है। वह संविधान हमारे लोगों ने तैयार किया है। हमारा संविधान, हमारे देश की चेतना है। इसलिए उस संविधान के अनुशासन का पालन करना, यह सबका कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसको पहले से मानता है। बहरहाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस विचार को लेकर 1925 से अब तक चला है, वही विचार संविधान के केंद्र में है- राष्ट्रीय एकात्मता। समाज में बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना बढ़े, यही संविधान की उद्देशिका में है और यही संघ का उद्घोष है। यह बात हम सब भी जानते हैं और संघ भी मानता है कि भारत की संस्कृति हम सबको जोड़ती है। इसलिए संघ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की समाज में स्थापना के प्रयत्न करता है। भारतीय मूल्यों का अनुपालन जितना अधिक बढ़ेगा, संविधान का उद्देश्य उतना ही अधिक पूर्णता की ओर बढ़ेगा। इस संदर्भ में 9 जून, 2016 को नागपुर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग तृतीय वर्ष के समापन समारोह में डॉ मोहन भागवत के संबोधन की इस बात को याद रखना चाहिए- इस देश की संस्कृति हम सब को जोड़ती है, यह प्राकृतिक सत्य है। हमारे संविधान में भी इस भावनात्मक एकता पर बल दिया गया है। हमारी मानसिकता इन्हीं मूल्यों से ओतप्रोत है।

सरसंघचालक डॉ भागवत यह भी याद दिलाते हैं कि हमने केवल राजनीतिक एवं आर्थिक समता प्राप्त करने के लिए संविधान का निर्माण नहीं किया। अपितु हमने 26 जनवरी, 1949 को अपने संविधान को इसलिए स्वयं को आत्मार्पित किया ताकि समाज में राजनीतिक और आर्थिक समता के साथ सामाजिक समता भी आए। इसलिए हमें संविधान के पूर्ण लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। इस हेतु संविधान निर्माता डॉ बाबासाहब अंबेडकर की चेतावनी का स्मरण कराते हुए 5 अक्टूबर, 2022 को विजयादशमी के उत्सव में सरसंघचालक डॉ भागवत ने कहा है- संविधान के कारण राजनीतिक तथा आर्थिक समता का पथ प्रशस्त हो गया, परन्तु सामाजिक समता को लाये बिना वास्तविक एवं टिकाऊ परिवर्तन नहीं आयेगा, ऐसी चेतावनी पूज्य डॉ बाबासाहब अंबेडकर जी ने हम सबको दी थी।

हमारा लक्ष्य क्या है, हम उस ओर कैसे आगे बढ़ सकते हैं, देश की नीतियां क्या होनी चाहिए? इन सब बातों को लेकर स्पष्टता प्राप्त करने के लिए भी सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने संविधान के आश्रय में जाने का सुझाव देते हैं। नागपुर में होने वाले विजयादशमी के उत्सव में 3 अक्टूबर, 2014 को अपने संबोधन में उन्होंने कहा है- ऐसी नीतियां चलाकर, देश के जिस स्वरूप के निर्माण की आकांक्षा अपने संविधान ने दिग्दर्शित की है, उस ओर देश को बढ़ाने का काम करना होगा। अकसर शासन-प्रशासन के किसी निर्णय या समाज में घटने वाली किसी घटना पर हम उतावलेपन में अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। कई बार ऐसा होता है कि उस प्रतिक्रिया से सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विरोध या आक्रोश व्यक्त करते समय राष्ट्रीय एकात्मता, पंथ, प्रांत, भाषा आदि विविधताओं का सम्मान बना रहे इसके लिए वे आग्रह करते हैं कि प्रतिक्रिया संविधान की मर्यादा के दायरे में रहे। इसके साथ ही 25 अक्टूबर, 2020 को विजयादशमी के अपने संबोधन में सरसंघचालक डॉ भागवत ने संविधान का खोल ओढ़ने वाले बहुरूपियो से भी सावधान किया है। वे कहते हैं- दुर्भाग्य से अपने देश में इन बातों (राष्ट्रीय एकात्मता, पंथ, प्रांत, जाति, भाषा आदि विविधताओं) पर प्रामाणिक निष्ठा न रखने वाले अथवा इन मूल्यों का विरोध करने वाले लोग भी, अपने आप को प्रजातंत्र, संविधान, कानून, पंथनिरपेक्षता आदि मूल्यों के सबसे बड़े रखवाले बताकर, समाज को भ्रमित करने का कार्य करते चले आ रहे हैं। 25 नवंबर, 1949 के संविधान सभा में दिये अपने भाषण में श्रद्धेय डॉ बाबासाहब आंबेडकर ने उनके ऐसे तरीकों को अराजकता का व्याकरण कहा था। ऐसे छद्मवेषी उपद्रव करने वालों को पहचानना एवं उनके षड्यंत्रों को नाकाम करना तथा भ्रमवश उनका साथ देने से बचना समाज को सीखना पड़ेगा। संविधान को बचाने के लिए समाज में यह जागरूकता आवश्यक है कि वास्तव में संविधान एवं लोकतंत्र का विरोधी कौन है? वे कौन से समूह हैं, जो भारत के विचार में आस्था न रखकर देश के बाहर से प्रेरणा पाते हैं? सामाजिक न्याय का पक्षधर रहा संघ दुष्प्रचार के बावजूद भारत माता को परम वैभव पर लेजाने के अपने लक्ष्य में निकट भविष्य में अवश्य ही सफल होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### अपराधियों ने कलेक्शन एजेंट को बनाया निशाना

# हथियार के दम पर 4 लाख 80 हजार लूट कर हुए फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र में मत्स्य विभाग के सामने मुख्य सड़क पर हथियार के बल पर दो अपराधियों ने फिनो बैंक के कलेक्शन एजेंट से 4 लाख 80 हजार लूट लिये। मामले में पुलिस जांच में जुट गयी है। परसुडीह थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से युवकों की पहचान की जा रही है। अपराधियों ने बिना नंबर प्लेट की बाइक से वारदात को अंजाम दिया है।



लूट के बाग हरीश मुखी ने परसुडीह पुलिस मामले की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की तफ्तीश में जुट गयी। पुलिस आसपास लगे सारे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए फिनो बैंक के संचालनकर्ता पंकज सिंह ने बताया कि उनके कर्मचारी हरीश मुखी ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पुलिस को मामले में शिकायत कर दी गयी है।

जानकारी देते हुए परसुडीह थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा ने बताया कि फिनो बैंक के एजेंट हरीश मुखी के बयान पर 4 लाख 80 हजार लूट का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

# अहसीन इंटरनेशनल स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिला के कपाली अलबेला गार्डन में अहसीन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाया। मौके पर मुख्य अतिथि सरायकेला के अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, चांडिल के एसडीओ रंजीत कुमार सहित रेडक्रास सोसायटी के सचिव विजय कुमार सिंह,अब्दुल हलीम, जेआरडी के डॉक्टर हसन इमाम मलिक और अहसीन फाउंडेशन के प्रबंध ट्रस्टी आसिफ महमूद उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य



डॉ अर्चना द्विवेदी ने सभी अतिथियों व गणमान्य व्यक्तियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ अर्चना द्विवेदी के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी के साथ बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने मार्च पास्ट व ड्रिल के अलावा विभिन्न दौड़,फ्रॉग रेस, जलेबी रेस,रिले रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र विनय हेंब्रम और छात्रा मंतशा खान को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार मिला।

# टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 आज से

**पुरस्कार राशि दोगुनी होकर इस साल 3 करोड़ होगी, पीजीटीआइ पर अब तक की सबसे बड़ी ईनामी राशि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआई के संयुक्त पहल पर चार दिवसीय स्टील टूर चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को जमशेदपुर के बेल्डीह क्लब में टाटा स्टील के सेफ्टी एंड हेल्थ वाइस प्रेसिडेंट संजीव पॉल ने पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया 21 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट पीजीटीआइ पर अब तक की सबसे बड़ी ईनामी राशि की पेशकश कर रहा है। इस साल के टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि को दोगुना कर 3 करोड़ रुपये किया जा रहा है। उन्होंने बताया यह मैदान 77 बेहतरीन पेशेवरों की मौजूदगी का गवाह बनेगा। उन्होंने बताया टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 टाटा स्टील पीजीटीआइ सीजन का अंतिम इवेंट है। टूर्नामेंट




में 72-होल स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप है। इसमें कोई भी कट लागू नहीं होगा। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले प्रो-एम इवेंट 19 दिसंबर को खेला गया था। प्रतियोगिता के दौरान चार राउंड में गोलमुरी गोल्फ में नौ होल और दूसरा नौ होल बेल्डीह में खेलेगा। दूसरे राउंड के बाद से लीडरबोर्ड का अग्रणी अग्र भाग अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरे नौ होल बेल्डीह में खेलेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 24 दिसंबर शनिवार को बेल्डीह गोल्फ क्लब में किया जायेगा। टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के सबसे बड़े सितारे जीव मिल्खा सिंह, गगनजीत भुल्लर (2020 के चैंपियन), एसएसपी चौरसिया, शिव कपूर, ज्योति रंधावा और राशिद खान शामिल होंगे। मैदान में टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग के शीर्ष -60 का भी जलवा दिखेगा। जिसमें प्रमुख मनु गंडास (टाटा स्टील पीजीटीआइ रैंकिंग लीडर), युवराज सिंह संधू, अजितेश संधू, ओम प्रकाश चौहान और करणदीप कोचर के साथ-साथ उदयन माने (2019 और 2021 के चैंपियन) शामिल होंगे। टूर्नामेंट 2022 टाटा स्टील पीजीटीआइ सीजन के लिए पीजीटीआइ ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन का फैसला करेगा। एक ऐसी रेस जिसमें कड़ी टक्कर होने की संभावना है।

वाइस प्रेसिडेंट सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील व गोल्फ कैप्टन जमशेदपुर संजीव पॉल ने कहा दुनिया भर और भारत के गोल्फरों और प्रशंसकों के लिए यह खेल मानसिक एकाग्रता और धैर्य का प्रतीक है। टाटा स्टील समूह इस प्रतिष्ठित टूर के साथ अपने जुड़ाव को बड़े सम्मान और गर्व के रूप में देखता है। खेल से मिलने वाले उत्साह से एक अच्छा प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा टाटा स्टील की ओर से टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 में सभी शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों, उनके साथियों और दुनिया भर के प्रशंसकों को स्वागत करते है।

पीजीटीआइ के सीइओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा पीजीटीआइ को डेढ़ दशक से भी अधिक समय तक लगातार समर्थन देने के लिए टाटा स्टील को धन्यवाद देते हैं। टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 को यूरोस्पोर्ट के साथ-साथ पीजीटीआइ के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया जायेगा। उन्होंने कहा देश भर के गोल्फ प्रशंसकों के लिए एक दर्शनीय नजारा पेश करने का वादा करते है। कारण जमशेदपुर के प्रसिद्ध गोल्फ मैदान भारतीय गोल्फ के सबसे बड़े नामों को समेटे हुए होगा। टूर्नामेंट में टाटा स्टील पीजीटीआइ रैंकिंग के विजेता का भी फैसला करेगा। एक ऐसी प्रतियोगिता जिसके अत्यंत क्लोज फिनिश की काफी संभावना है। इस सप्ताह काफी अधिक उत्साह पूर्ण होगा। उन्होंने कहा टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन और वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील एंड गोल्फ कैप्टन, जमशेदपुर संजीव पॉल को भारतीय पेशेवर गोल्फ के विकास के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं।

दोनों टूर्नामेंट के लिए बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स हरे-भरे, सुंदर और बहुत अच्छी तरह से बनाये हुए हैं, जिनकी पृष्ठभूमि में आकर्षक दलमा हिल्स हैं। 70 साल पुराना बेल्डीह गोल्फ कोर्स लंबे फेयरवे को प्रदर्शित करता है। गोलमुरी गोल्फ कोर्स एक छोटा,हराभरा, बुटीक कोर्स है। जो गोल्फरों को गलती के लिए कोई मौका नहीं देगी।

# केंद्र सरकार की बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ डॉक्टर अजय कुमार ने शुरू की भारत जोड़ो पदयात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्र में भाजपा सरकार के बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ डॉक्टर अजय कुमार ने बहरागोड़ा से भारत जोड़ो पदयात्रा की शुरुआत की। मंगलवार को बहरागोड़ा के धारीसोल (खेड़ूआ) से पूर्व सांसद एवं आइपीएस डॉ अजय कुमार ने सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओ के साथ भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल रहे। बहरागोड़ा से भारत जोड़ो यात्रा की शुरू होकर जमशेदपुर लोकसभा के प्रत्येक प्रखंड से गुजरेगी। डॉ अजय कुमार ने लोगो से सीधे बेरोजगारी और महंगाई,नफरत और विभाजन की राजनीति के विरोध में जनता से संवाद



करेंगे। इस दौरान डॉ अजय कुमार ने बहरागोड़ा के 26 पंचायत और 54 गांव का दौरा करेंगे। साथ ही ग्रामीणों से सीधे संवाद करेंगे। पांच दिनों के यात्रा में लगभग 110 किलोमीटर की दूरी तय की गई है। बुधवार सुबह भारत जोड़ो पदयात्रा बहरागोड़ा के माथीहाना से प्रारंभ रहेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एक माह तक चलने वाली 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में बुधवार से 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी रमेश घोलप करेंगे। गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग एक माह तक चलने वाले इस खेल में 570 खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। प्रतियोगिता का समापन 15 जनवरी को किया जाएगा। प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जाएगी, जिसमें जूनियर वर्ग के 22 टीमों के 330 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जबकि सीनियर वर्ग के दस टीमों के 150 व महिला वर्ग के छह टीमों के 90 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर अंपायर, पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर ली गई है। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष मदन केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, उपाध्यक्ष दीपक, अशोक दुबे, आशुतोष रंजन, अमित उपाध्याय, मनीष पाठक, प्रवीण मिश्रा, मनीष उपाध्याय, नवनीत दुबे, मनोज तिवारी, आलोक गुप्ता, प्रिंस खान, सूर्य प्रकाश, आदित्य तिवारी, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति, रजनीश कुमार, आशीष उपाध्याय सहित कई लोग शामिल थे।

### बीडीओ ने प्रखंड में मजदूरों का पलायन रोकने के लिए योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन के दिये निर्देश

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने प्रखंड कार्यालय में सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं स्वयंसेवकों के साथ बारी-बारी से बैठक कर प्रखंड में संचालित किये जा रहे जनोपयोगी योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड में चलायी जा रही सभी योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय किया जाए। पलायन को रोकने के लिए प्रत्येक गांव में कम से कम पांच योजना हमेशा चालू रहे। उन्होंने कहा कि पलायन की शिकायत मिलने पर उस पंचायत से संबंधित पंचायत सचिव एवं मुखिया की पूर्ण जवाबदेही होगी। बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि सभी मजदूरों को ससमय काम दिया जाये। बैठक में बीपीओ राजदीप, उत्तम कुमार, प्रशांत कुमार, स्नेह लता सिंह, कौशल कुमार, कृष्ण मुरारी सिंह सहित सभी पंचायत सेवक रोजगार सेवक एवं स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए जायंट्स ग्रुप श्री बंशीधर नगर इकाई को किया गया सम्मानित



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप श्री बंशीधर नगर इकाई को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। जानकारी देते हुए जायंट्स ग्रुप श्री बंशीधर नगर के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने बताया कि मेदिनीनगर में आयोजित कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप के द्वारा श्री बंशीधर इकाई को वर्ष भर उत्कृष्ट कार्यों एवं निर्धारित कार्यों को सफलता पूर्वक करने पर सम्मानित किया गया है। रंजन कुमार ने कहा कि बड़े मंचों पर सम्मानित होने पर ग्रुप को और कार्य करने की शक्ति प्रदान हुई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में श्री बंशीधर इकाई के द्वारा अगले वर्ष में किये जाने वाले कार्यों को उपस्थित लोगों के समक्ष विस्तार से रखा गया। उन्होंने जायन्ट्स ग्रुप की बंशीधर इकाई को अच्छे काम करने के लिए और सामाजिक कार्य में बढ-चढ़कर भाग लेने के लिए मेदिनीनगर में सम्मानित करने पर सभी सदस्यों को बधाई एवं उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। कार्यक्रम में नगर इकाई के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू, सचिव अनूप निराला, बिनोद कुमार, सुजीत अग्रवाल, शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

### भाकपा ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पर पूर्व से निर्धारित घरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। घरना प्रदर्शन में किसानों से संबंधित ज्वलंत समस्याओं को उठाया गया। इस मौके पर पार्टी के प्रखंड सचिव नौरंगी पाल ने कहा कि किसानों को हुए फसलों का नुकसान की भरपाई सरकार नहीं कर रही है, एक तरफ किसान आकाल की मार से आहत महसूस कर रहे हैं वही दूसरी ओर जंगली जानवरों ने फसलों को काफी नुकसान पहुचाया है। जिसका मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं मिला है। उन्होंने ने कहा कि त्रुटिपूर्ण हाल सर्वे खतियान को रद्द कर रजिस्टर टू से रसीद काटने, गैरमजरूआ भूमि की बंदोबस्ती और लगान को चालू करने की लड़ाई तेज करनी होगी। उन्होंने कहा कि 13 करोड़ जमाकर्ताओं की जमा राशि सहारा इंडिया बैंक नहीं लौटा रहा है, जिसपर सुप्रीम कोर्ट एवं केंद्र सरकार तत्परता नहीं दिखा रही है। वही पंजी 2 से मालगुजारी रसीद काटी जाए सहित छह सूत्री मांग पत्र बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटा को सौंपा है। इस मौके पर गोपाल यादव, रामकेश पाल, रामेश्वर प्रसाद अकेला, रामनाथ उरांव, विद्या पासवान, नान्हू ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** भाजयुमो कार्यकर्ताओं नें राज्य सरकार का पुतला फूंका, ओमप्रकाश केशरी ने कहा

# गलत नियोजन नीति बनाकर झामुमो सरकार ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है

**झामुमो सरकार ने युवाओं के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों के साथ धोखा देने का काम किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे की अध्यक्षता में राज्य सरकार का पुतला फूंका गया। पुतला दहन के पूर्व रंका मोड़ पर हेमंत सरकार की शवयात्रा निकाली गयी। कार्यकर्ताओं व युवाओं ने झामुमो सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार ने गलत नियोजन नीति बनाकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में युवा त्राहि त्राहि कर रहे हैं। झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है, जिससे युवाओं में काफी आक्रोश है। जिस तरह से गलत नियोजन नीति बनाकर पूरे झारखंड के युवाओं को धोखा देने का काम किया है, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य चौपट हो गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने विभिन्न विभागों में लाखों युवाओं को रोजगार देने का काम किया था, लेकिन वर्तमान की झामुमो सरकार ने युवाओं को झूठा सपना दिखाकर उनके भविष्य को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों के साथ धोखा देने का काम किया है।



**युवाओं के भविष्य को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे : रितेश चौबे**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं को हर साल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन गलत नियोजन नीति बनाकर ठगने का काम किया है। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा भी पूरी तरह से फेल हो चुका है। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए लाखों युवा तैयारी कर रहे थे। जिनका नौकरी करने का उम्र खत्म हो रहा है। दूसरा नियोजन नीति बनाने में छात्रों का उम्र खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आखिर छात्रों का क्या दोष है। हेमंत सरकार ने युवाओं के भविष्य को मजाक बना दिया है। हेमंत सरकार के गलत नियोजन नीति की वजह से जो विज्ञापन निकाला गया था वह भी रद्द हो गया है। छात्रों युवाओं को रोजगार के नाम पर लॉलीपाप पकड़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में बैठे मंत्री विधायक भी इस काण्ड के लिए बराबर के जिम्मेदार हैं। हेमंत सरकार की गलत नीतियों के चलते छात्रों का भविष्य सड़क पर आ चुका है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। झामुमो सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, अविनाश पासवान, जिला महामंत्री विकास तिवारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, मोहन सिंह, यशवंत मिश्रा, राम सरेश तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अनीत तिवारी, अनवर शाह, बिपिन तिवारी, ओम प्रकाश पासवान, डॉ लालमोहन, कैलाश कश्यप, प्रवीण जायसवाल, विकास तिवारी, सुप्रीत केसरी, मुंजकेश तिवारी, बृजेंद्र पाठक, रुपेश दूबे, संजय केसरी, मनीष गुप्ता, अभिषेक तिवारी, पुष्प रंजन, नंदलाल मेहता, लाल बिहारी यादव, नितेश पटेल, उदय कुशवाहा, प्रिंस तिवारी सहित अन्य कई भाजपा भाजयुमो कार्यकर्ता सहित अन्य कई छात्र युवा मौजूद थे।

## तेंदुआ के हमले से दो बच्चों की मौत के बाद डीएफ ने की सावधानियां बरतने की अपील

**तेंदुए को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है : शशि कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** दक्षिणी वन प्रमण्डल पदाधिकारी शशि कुमार ने कहा है कि गढ़वा जिला के भण्डरिया एवं रंका प्रखंड में विगत छह दिनों में तेंदुआ के हमले से दो बच्चों एवं एक मवेशी की मौत हो गई है। दिनांक-19.12.2022 को शाम करीब 5:30 बजे ग्राम-सेवाडीह, पंचायत-सिरोईखुर्द, प्रखण्ड-रंका, जिला-गढ़वा में एक छह वर्ष की बच्ची की मौत तेंदुए के शिकार से हुई है।

**तेंदुए से बचाव के लिए लोग निम्नलिखित सावधानियां बरतें**

(1) बच्चे और महिलाएँ तेंदुए के हमले का ज्यादा शिकार होते हैं अतः महिलाएं घर से बाहर समूह में निकलें और बच्चों को अकेले न छोड़ें।
(2) सुबह या शाम का समय तेंदुआ के लिए चरम गतिविधि का समय होता है। अतः सुबह या शाम के समय किसी भी प्रयोजन के लिए घर से बाहर कम-से-कम चार-पांच व्यस्क व्यक्तियों के समूह में निकलें।
(3) वन क्षेत्रों में किसी जंगली जानवर को देखने पर उसका पीछा न करें या उसके पास जाने की कोशिश न करें।
(4) मवेशियों को जंगल या फसल के खेतों के पास चारागाह में ले जाने समय चार-पांच व्यस्क व्यक्तियों के समूह में जायें।
(5) मवेशियों के गले में ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण का प्रयोग करें।
(6) वन क्षेत्रों या झाड़ीनुमा क्षेत्रों में शाम या सुबह के समय शौच के लिए बाहर नहीं निकलें।
(7) अपने घरों के आस-पास रसोई का कचरा जमा न करें, क्योंकि यह आवारा कुत्तों को उस स्थान पर आमंत्रित करता है, जो बदले में तेंदुए की आवाजाही की संभावना बनाता है।
(8) घरों के पास की झाड़ी को साफ रखें एवं घर के बाहर एवं गलियों में प्रकाश की व्यवस्था रखें।
(9) नशे की हालत में अकेले घर से बाहर नहीं निकलें।
(10) कोई भी आपदा की परिस्थिति में या गढ़वा जिला के उक्त प्रखंडों एवं तटवर्ती क्षेत्रों में तेंदुए की भ्रमण की सूचना प्राप्त होने पर दूरभाष सं.- 9430778325/ 6205861551/ 8987790238/ 8987790237/ 9142354364/ 8409817024 पर सम्पर्क करें।

वन विभाग द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में तेंदुआ से जान-माल की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित सावधानियां बरतने की अपील की जाती है।

## अखंड ज्योति के पाठकों का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**आध्यात्म व विज्ञान का समन्वय है अखंड ज्योति पत्रिका : भृगुनाथ तिवारी**

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गढ़वा द्वारा स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में अखंड ज्योति के पाठकों का जिलास्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में अखंड ज्योति संस्थान मथुरा से भृगुनाथ तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने अखंड ज्योति के पाठकों एवं गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा अखंड ज्योति का प्रकाशन वर्ष 1937 में ही शुरू किया गया था। तब से यह पत्रिका निरंतर प्रकाशित होकर पाठकों तक पहुंच रही है। श्री तिवारी ने कहा कि अखंड ज्योति पत्रिका के माध्यम से आध्यात्म व विज्ञान को समन्वयक बनाने का प्रयास किया जाता है। सम्मेलन को पलामू उपजोन प्रभारी शिव कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक विनोद पाठक ने किया। सम्मेलन में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी, सहायक प्रबंध ट्रस्टी डॉ आलोक रंजन दुबे, कल्याणपुर मुखिया अशोक कुमार, वार्ड पार्षद अजीत शर्मा, मंदिर समिति अध्यक्ष सरयू चंद्रवंशी, गढ़वा प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुशवाहा, वृंदा ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, संतन मिश्रा, कन्हाई चंद्रवंशी, मझिआंव से अच्युतानंद तिवारी, बेचन राम, नगरउंटारी से ललसू राम, अजीत चौबे, रंका से बजेंद्र चौधरी, ओम समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि कुमार व अन्य उपस्थित थे।



## रंकाराज गढ़ परिवार के रामपाल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त, अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़



**गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह के पिता एवं पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह के चाचा थे रामपाल सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित रंकाराज गढ़ परिवार के रामपाल सिंह लगभग 75 वर्ष का निधन मंगलवार को अहले सुबह 6 बजे रिम्स में हो गया। रामपाल सिंह गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह के पिता तथा पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह के चाचा थे। जानकारी के अनुसार वे एक महिना पूर्व लकवा की शिकायत होने पर उनके पुत्र नितेश कुमार सिंह ने बेहतर इलाज हेतु रिम्स ले गए थे। जहां पर इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। निधन का समाचार सुनते ही लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। उनका अंतिम संस्कार रंका के अंधेरी बागिचा स्थित श्मशान घाट मुक्ति धाम पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कर दिया गया। उनके सुपुत्र गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी।

इस अवसर पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर दाह-संस्कार में उपस्थित थे। इनके अलावा पूर्व मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह, बाल श्रम आयोग के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनबीर आलम खान, वरिष्ठ नेता शंभू चंद्रवंशी, रमकंडा बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रमुख हेमंत लकड़ा, उपाध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, रंका अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह, रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचल पदाधिकारी शंभू राम सहित रंका, रमकंडा, चिनियां एवं गढ़वा के गणमान्य लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

### दो घरों को जंगली हाथियों ने किया ध्वस्त

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के वन प्रमंडल पश्चिमी के दुधवल पंचायत अंतर्गत अनहर गांव में हाथियों ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। बीती रात्रि एक बजे के लगभग हाथियों ने घर को ध्वस्त कर बोरे में रखे धान को खा गए और चलते बने। इसके संबंध में रंका पश्चिमी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने बताया कि पीड़ित ग्रामीणों को मुआवजा मुहैया करायी जाएगी।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

e-Procurement Tender Notice
Two Envelope System
Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-22/2022-23
Letter no - 1341 Date :- 20.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Repair, Renovation & Restoration of Bardewa Lift Irrigation Scheme (Solar panel System) at Village Bardewa, Block - Padma, Dist -Hazaribag. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 93,81,124.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 06.01.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 16.01.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 19.01.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 17.01.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 285538 Minor Irrigation(22-23).D

**प्रेस कांफ्रेंस :** चिनिया की विलुप्त प्राय आदिम जनजाति की एक लड़की सात माह पूर्व भटक कर चली गयी थी सिमडेगा

# विधिक सेवा प्राधिकार टीम ने बेटी को किया मां-बाप के हवाले

**मुख्यधारा से दूर आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर परिवार छोड़ चुके थे बेटी की आस : डीजे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बेटी की आश खो चुके एक मां-बाप को गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेश शरण सिंह एवं सचिव कुमार विपुल द्वारा सात माह बाद मंगलवार को उनकी लड़की को सकुशल सुपुर्द किया गया। गढ़वा सिविल कोर्ट के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी देते हुए डीएलएसए के अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि गढ़वा जिला अंतर्गत चिनिया प्रखंड के डोल-कदवा गांव की रानी कुमारी नामक लड़की पिछले सात माह से लापता थी। उन्होंने बताया कि मुख्यधारा से दूर आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर विलुप्त प्राय कोरवा जनजाति की यह किशोरी कुछ काम कर अपने परिवार का सहयोग करने के उद्देश्य से अपने घर से फुफेरी बहन के साथ निकली थी, दुर्भाग्यवश यह रास्ता भटक गई। यह बच्ची शैक्षणिक व सामाजिक जागरूकता से काफी दूर है, जिस कारण अपना पूरा पता बताने में भी सक्षम नहीं थी। भटकते भटकते यह सिमडेगा चली गई, जहां एक होटल में लगभग दो माह काम किया। होटल वाले ने इसे पैसा नहीं दिये तथा इसका सामान आदि भी छीन लिया। वहां से रानी भटकते भटकते सिमडेगा के नारी निकेतन सहयोग विलेज पहुंच गयी। जहां की संचालिका ने इसके परिजनों के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया परंतु पता नहीं चल सका। कुछ दिन पूर्व इसकी जानकारी सिमडेगा के विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को प्राप्त हुई। उन्होंने वस्तुस्थिति से अवगत होकर रानी द्वारा बताया गया पता डोल-कदवा नामक जगह को राज्य के विभिन्न जिलों में खोजने का प्रयास किया गया। काफी प्रयास के बाद गढ़वा जिला के चिनिया थाना अंतर्गत उक्त गांव का पता चला। उन्होंने गढ़वा डीएलएसए के सचिव कुमार विपुल से संपर्क कर इसकी जानकारी दी तथा रानी के घर का पता ढूंढने का अनुरोध किया। कुमार विपुल ने इसकी जानकारी डीएलएसए के अध्यक्ष को दी तथा उनके निर्देश पर पीएलभी की एक टीम गठित की, जिसमें गोपाल चौबे एवं कृष्णानंद दुबे को रखा गया। जिसका नेतृत्व वे स्वयं कर रहे थे। काफी मशक्कत के बाद बच्ची के माता-पिता का पता चल गया। पता चलने पर डीएलएसए सिमडेगा से समन्वय स्थापित कर रानी के पिता विफन कोरवा एवं उसकी मां को एक वाहन द्वारा सिमडेगा भेजा गया, जहां जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रानी कुमारी को उनके माता-पिता के साथ गढ़वा वापस भेज दिया गया।

मौके पर डीएलएसए के सचिव कुमार विपुल ने कहा कि इस तरह के किसी भी घटना अथवा कमजोर व्यक्ति की सहायता के लिए विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा तत्पर है, ऐसी घटना की जानकारी कोई भी व्यक्ति उन्हें बेहिचक दे सकता है जिसकी मदद की जाएगी।



**विधिक सेवा प्राधिकार ने परिवार को राशन व कपड़े दिये**

डिस्ट्रिक्ट जज द्वारा बताया गया कि रानी कुमारी अपने माता-पिता को देख पाने या घर लौट पाने की उम्मीद छोड़ दी थी तथा उसके माता-पिता ने भी सारी आशाएं छोड़ दी थी, परंतु विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा तथा गढ़वा के सार्थक प्रयास से बिछड़े हुए परिवार मिल सके। उन्होंने बताया कि पुत्री के मिलन के अवसर पर परिवार को विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सहयोग के रूप में राशन तथा कुछ कपड़े दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन से पहल की जाएगी।

**पीएलबी को दिया गया प्रशस्ति पत्र**

लापता रानी को उसके परिवार से मिलाने में कड़ी मेहनत करने वाले पीएलवी गोपाल चौबे एवं कृष्णानंद दुबे को डीएलएसए के अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

e-Procurement Tender Notice
Two Envelope System
Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-21/2022-23
Letter no - 1340 Date :- 20.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Series Checkdam on Kajara Nala, Block - Barhi, Dist - Hazaribag. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 93,50,809.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 03.01.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 10.01.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 16.01.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e-Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 11.01.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 285535 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

# वनवासी कल्याण केंद्र का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना है : रमेश बाबू



### अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र की बैठक आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** तमाड़ वाटर वेज शिव मंदिर परिसर में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र की बैठक जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से वनवासी कल्याण केन्द्र के राष्ट्रीय महामंत्री रमेश बाबू के साथ ही प्रांतीय सह संगठन मंत्री सुशील मरांडी, प्रांतीय जनजातीय संपर्क प्रमुख तुलसी महतो, श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा, जिला महामंत्री योगेश मिश्र, जिला संगठन सचिव साधो मुण्डा आदि उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए रमेश बाबू ने कहा कि वनवासी कल्याण केन्द्र का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में कार्य कर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। धर्म संस्कृति की रक्षा करने का है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय को भटकाकर कई समुदाय सरना सनातन और हिन्दू को लड़वा कर उसको और देश को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे हमें समझना चाहिए। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के सपनों को जो उन्होंने देश और धर्म संस्कृति के लिए अपने को न्योछावर कर दिये। हमें भी देश के लिए तन मन और धन देकर देश के लिए काम करना होगा। देश सेवा में लगे पूर्णकालिक सेवावर्ती कार्यकर्ताओं के लिए धन संग्रह कर उन्हें मदद करनी होगी।

कार्यक्रम में जय सिंह मुण्डा, डोमन सिंह मुण्डा, प्रकाश सिंह मुण्डा, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, मदन सिंह मुण्डा, राधा गोविन्द सिंह मुण्डा, हरि सिंह मुण्डा, गोविन्द मुण्डा, दिनेश साहू, महावीर सोनी, समरेन्द्र मुखर्जी, रामकृष्ण सिंह, हरेन्द्र लाल महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## बैठक : जिला परिषद में जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा

# झारखंड की संस्कृति का संरक्षण करते हुए क्षेत्र का विकास करें : मसीह गुड़िया

### प्रक्षेत्रवार योजनाओं का चयन करने पर दिया गया जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** जिला परिषद खूंटी के अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व की बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि जन प्रतिनिधियों को झारखंड की संस्कृति का संरक्षण करते हुए आपस में सामंजस्य स्थापित कर क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करना है।

मौके पर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद सह उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि प्रंखड एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं के चयन में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। उप विकास आयुक्त द्वारा जन प्रतिनिधियों को 15वें आयोग के तहत योजनाओं के चयन से संबंधित नियमावली से विस्तार से अवगत कराया गया तथा प्रक्षेत्रवार योजनाओं का चयन करने पर जोर दिया गया।

बैठक में पर्यटन संवर्धन समिति के कार्यों और दायित्व पर चर्चा करने के बाद सभी बीडीओ का प्रखंड स्तरीय पर्यटन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। लतरातु डैम, पेलौल डैम, पेरवाघाघ जलप्रपात, सोनेमेर मंदिर एवं रानी फॉल पर ग्रामसभा द्वारा पार्किंग व्यवस्था की बंदोबस्ती के आलोक में बताया गया कि इस संबंध में ग्रामसभा की बैठक संबंधित किसी तरह की सूचना जिला परिषद को प्राप्त नहीं है। पंचघाघ जलप्रपात परिसर में जिला परिषद, खूंटी द्वारा निर्मित चिल्ड्रेन पार्क की बंदोबस्ती स्थानीय ग्रामसभा द्वारा नियमानुसार का निर्णय लिया गया। विवाह मंडप, अंगराबाड़ी एवं भारत माता कल्याण मंडप, तोरपा के संबंध में विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि उक्त भवनों का संचालन जिला परिषद के अधीन किया जाएगा। जिला परिषद के अंगत निर्मित सभी भवनों/दुकानों एवं अन्य परिसंपतियों के आवंटियों का एकरारनामा प्रत्येक वर्ष नवीकृत करने निर्णय लिया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों के सहमति के आधार पर तोरपा मार्केट कॉम्पलेक्स अंतर्गत किराया की अभिवृद्धि के फैसला लिया गया। निर्णय लिया गया कि जिन दुकानदारों द्वारा दो सालों से किराया का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उन्हें बकाया की वसूली के लिए नोटिस दी जाएगी और अंततः उन्हें दुकान से बेदखल कर दिया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने जिले के सभी मानकी परिवारों को चिह्नित करने की मांग की। बैठक में जिला परिषद की उपाध्यक्ष मंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि काशी नाथ महतो के अलावा सभी सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने बचरा में निकाली शौर्य यात्रा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार के द्वारा मंगलवार को बचरा मे शौर्य यात्रा निकाली। शोभायात्रा से पूर्व विश्व हिन्दू परिषद की पिपरवार शाखा के सदस्य बचरा स्थित चार नंबर मैदान में इकट्ठा हुए। वहा से पूरे तामझाम और डीजे सहित दो पहिया और चार पहिया वाहनों पर जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए बचरा के आवासीय कालोनी का भ्रमण किया। शौर्य यात्रा बचरा चार नम्बर चौक, बाजारटांड़, बिशुझापा, माईन्र्स कालोनी, अशोक विहार, बंसत विहार सहित अन्य कालोनियों का भ्रमण किया। शौर्य यात्रा में लक्ष्मण कुमार मंडल, दीपक केसरी, शंकर सिंह चेरो, मुकेश राणा, नंदकिशोर कुमार, राहुल वर्मा, नवीन साव, संतोष गिरी, सुनील प्रसाद, पप्पू सोनी, तारकेश्वर गुप्ता, मुकेश यादव, अश्विनी दराद, गोलू सिंह सहित काफी संख्या में हिंदू संगठन के लोग शामिल हुए।

### बलथरवा कोल डंप में बीएमएस असंगठित समिति ने लोकल सेल को कराया बंद



**खलारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ के असंगठित मजदूर समिति ने मंगलवार को रोहिणी के बलथरवा कोल डंप के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से हैंड लोडिंग शुरू करने और मजदूरों को रोजगार से जोड़ने की मांग की गई। वही डंप के काम को बंद करा दिया गया। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से लेकर शाम चार बजे तक चले इस धरना प्रदर्शन के दौरान एक भी अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचे जिस पर आक्रोश जताया गया। इस धरना प्रदर्शन में जेसीएससी सदस्य मनोज रजक, क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार, क्षेत्रीय सचिव अमर भूषण सिंह, मिथिलेश सिंह, विनोद विष्वकर्मा ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को माना नहीं गया तो बहुत जल्द एनके एरिया में विरोध प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में जसोदा देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, मुन्ना कुमार, मंटू लोहरा, रंजीत लकडा, मुन्ना लकडा, अजय, रवि, सुबोध, अरुण, दिलीप राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सिस्टा के सीसीएल अध्यक्ष संतोष कुमार रत्नाकर ने किया कोयलांचल का दौरा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सिस्टा के सीसीएल अध्यक्ष संतोष कुमार रत्नाकर ने खलारी कोयलांचल का दौरा किया। उनके साथ सिस्टा के ढोरी क्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्य कुमार नारंग एवं सीसीएल उप महासचिव अशोक रविदास भी आये थे। सबसे पहले सिस्टा अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने डकरा स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। वहीं एनके एरिया के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। सिस्टा अध्यक्ष बनने के बाद उनका कोयलांचल का पहला दौरा था। उन्होंने कहा कि सिस्टा संगठन के आने से एससी एसटी अधिकारी कर्मचारियों का काफी काम सीसीएल में हुआ है। प्रमोशन में आरक्षण तथा रोस्टर रजिस्टर का पालन कराने के लिए सिस्टा हमेशा प्रयासरत रहती है। सकारात्मक पहल होना चाहिये। इस मौके पर संगठन सचिव कन्हाई पासी, एरिया अध्यक्ष देवपाल मुंडा, ध्वजा राम धोबी, अमरलाल सतनामी, रविन्द्र बैठा, लेखराम सतनामी, अनूप रजक, हॉस्पिटल राम सतनामी आदि उपस्थित थे।

### करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति का चुनाव संपन्न, कुल 941 वोट पड़े

**खलारी (आजाद सिपाही)।** करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति के प्रबंध समिति का चुनाव किया गया। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी अभय कुमार तथा शशि रंजन, ऑडिटर दिलीप कुमार सिंह, विनोद नारायण झा, रितेश पन्ना, रामपुकार प्रजापति, गोपाल कुमार दास, परवीन कुमार एवं अशोक कुमार उपस्थित थे। साथ ही पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। सुबह नौ बजे से ही समिति के सदस्य अपना वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंच गए थे। मतदान के लिए दो बूथ बनाया गया था। समिति के सदस्य पर्ची के माध्यम से शाम चार बजे तक अपना वोट बैलेट बॉक्स में डाले। कुल छह पदों के लिए वोट डाला गया। जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं तीन सदस्य के लिए समिति के सदस्यों द्वारा वोट डाले गए। कुल 1175 सदस्यों में 941 सदस्यों ने वोट दिया। अध्यक्ष पद के लिए अमृत भोगता, यशवंत कुमार पाण्डेय, राघवेंद्र पासवान, सचिव के लिए उमाकांत सिंह, किशुन राम, कोषाध्यक्ष में बालेष्वर भोगता, धनेष्वर गंझू, रितेश कुमार वर्मा, विजय उरांव तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए अमित कुमार, पयहारी भगत भरत गंझू, रामा उरांव, रोबिन टोपनो एवं सुधीर कुमार सिंह के भाग्य का फैसला बैलेट बॉक्स में बंद हो गया है। समाचार लिखे जाने तक मतों की गिनती जारी थी।

### विधायक के आवास पर स्व. असलम अंसारी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधायक के आवास पर स्व. असलम अंसारी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। माननीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। । विधायक ने अपने संबोधन में कहा असलम चाचा हमारे अभिभावक स्वरूप थे। पिताजी के जाने के बाद असलम चाचा और लक्ष्मी चाचा ने ही मुझे मार्गदर्शन दिया। इस सभा के दौरान उमेश महतो,विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो मेथा पाल दिनेश जायसवाल, गुला महतो, रामसिंह महतो,बूचा महतो,प्रेमा यादव, मंतोष सेठ,मुकेश गुप्ता,शिबू प्रजापति,मुन्ना महतो,गुल्लू,वासु सेठ,सूरत दास इत्यादि मौजूद रहे।

### आरएसएस खूंटी जिला का प्राथमिक शिक्षा वर्ग का आयोजन 23 से 31 दिसंबर तक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ खूंटी जिला के द्वारा बुंडू साउथ पाइंट पब्लिक स्कूल में प्राथमिक शिक्षा वर्ग 23 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगा। इसके लिए संघ के कार्यकर्ता पुरी तैयारी मे लगे हुये है इसमें नवीं कक्षा मे अधयनरत एवं उसके उपर के विधार्थी व 40 वर्ष से कम आयु के लोग शामिल हो सकते है इस वर्ग मे भाग लेने के लिए 300 रूपया शुल्क रखा गया है इसके लिए जिला कार्यवाह शशि पांडे नगर शारीरिक प्रमुख जगतपाल महतो नगर कार्यवाह बुंडू कमलेश कुमार महतो लगे हुए है।


### नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड से 48 घंटे में अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड में अतिक्रमण चौक से टावर चौक तक अतिक्रमण के विरुद्ध लोगों से जुर्माना एवं 48 घंटे के अंदर अपने अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया गया नहीं तो अतिक्रमणकारियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी नगर पंचायत के कार्यवाहक कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत सिंह ने कहा कि समय-समय पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी अतिक्रमण हटाने में सिटी मैनेजर अनूप कुमार सिंह महफूज उर रहमान संदीप शर्मा दिनेश भगत उमेश सेठ पल्लव नायक के अलावा कई कर्मचारी शामिल थे।

### बुंडू शहरी जलापूर्ति चार दिनों से ठप, लोग पानी को लेकर कर रहे हैं त्राहि-त्राहि

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू शहरी जलापूर्ति चार दिनों से ठप है लोग पानी को लेकर त्राहि त्राहि कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांची के बेड़ाडीह के पास मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नगर पंचायत बुंडू के शहरी जलापूर्ति पूर्ण रूप से ठप है लोग पीने के पानी से लेकर दैनिक कार्य में लगने वाले पानी को लेकर लोग इधर-उधर भटकने को मजबूर है इधर नगर पंचायत बुंडू के अध्यक्ष राजेश उराव से बात करने पर बताया गया कि क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है अगले 48 घंटे से 72 घंटे के बीच जलापूर्ति चालू कर दिया जाएगा।

### झामुमो नेता ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़या ने मंगलवार को लताऊली मेगो टोली गांव में नये बिजली ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। सुदीप गुड़िया ने बताया कि उक्त गांव का ट्रांसफार्मर दस महीने पहले जल गया था। गांव वालों ने इसकी जानकारी सदीप गुडिया के अलावा बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष जुबैर अहमद और जिला परषिद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया को दी। जिला परिषद कार्यालय में कार्यपालक विद्युत अभियंता को बुलाकर जुबैर अहमद अओैर मसीह गुड़िया ने निर्देश दिया कि जले हुए ट्रंसफार्मर को अवलिंब बदला जाएं। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद उसका उद्घाटन हुअ और गांव में बिजली की आपूर्ति शुरू हो गई इसके लिए ग्रामीणों ने झामुमो नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया इस अवसर पर झामुमो प्रखंण्ड उपाध्यक्ष जोनसन आईन्द, पंचायत अध्यक्ष नथनिएल बोदरा, बिमल डोडराय, बगोद हेमरोम, संतोष बोदरा, किनु हेमरोम, तुनी मुन्डू, सुखु बोदरा, इसाक डोडराय, जेटा मुन्डू, अनिता हेमरोम, निशा मुन्डू, बगोद डोडराय, मथुरा हेमरोम, डुगरु मुन्डू, गोविन्द हेमरोम, ओस्कर होरो, एरनियुस गुड़िया उपस्थित थे।

## एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

### कामगारों को किया गया पुरस्कृत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में 65वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल विनीत चैरसिया, महाप्रबंधक संजय कुमार एवं निरीक्षण दल में रजरप्पा से आये कन्वेनर पीके रामदास, आईएसओ के मनीष मोहन, बबन सिंह, कमलेश प्रसाद, संजय कुमार तथा ललन प्रसाद सिंह, मनोज रजक, राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। इस अवसर पर निरीक्षण दल के आये लोगों को पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। डीडीएमएस विनीत चैरसिया के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। उसके बाद कन्वेनर पीके रामदास के द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारीयो को खान सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी। पुरनाडीह पीओ नरेश सिंह ने स्वागत भाषण दिया। पुरे कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने बेहतर एवं सुरक्षित कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया। साथ ही खदान विस्तारीकरण में सहयोग करने वाले कर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं निरीक्षण दल के द्वारा खदान का निरीक्षण किया गया और खदान में सुरक्षा का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर एमके ओझा, मैनेजर पीके सेनगुप्ता, सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, अमर भुषण सिंह, ध्वजा राम धोबी, मिथलेश कुमार सिंह, रामप्रवेश नायक, एम किंडो, राघो चैबे, रविन्द्र बैठा, अजय सिंह सहित कई कामगार मौजूद थे।

### बेड़ो में पदस्थापित सीओ बने एसडीओ, मुखिया संघ ने दी बधाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय बेड़ो में पदस्थापित सीओ सुमंत तिर्की पदोन्नति पाकर एसडीओ बनाये गए हैं। इस मौके पर मंगलवार को मुखिया संघ ने उन्हें शाल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा कराया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रमेश उरांव, सचिव सुशांति भगत, कोषाध्यक्ष नीरज कुजूर, मीडिया प्रभारी जतरू उरांव, पंचु उरांव, प्रबला केरकेट्टा, महावीर उरांव, लक्ष्मी कोया, कुंवारी खलखो, पार्वती मिंज मौजूद थे।

## सीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल आरबी प्रसाद ने किया पिपरवार का दौरा

### कोयला खदानों का किया निरीक्षण, उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** सीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल (ऑपरेशन) आरबी प्रसाद ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर स्थानीय महाप्रबंधक सीबी सहाय ने बुके देकर डायरेक्टर का स्वागत किया,जिसके बाद डायरेक्टर श्री प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना कोयला खदान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन, कोयला ढुलाई और डिस्पैच की जानकारी ली। वही कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए स्थानीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। डायरेक्टर श्री प्रसाद ने पिपरवार में खुलने वाली अशोका वेस्ट खुली खदान और पिपरवार भूमिगत खदान की समीक्षा की,साथ ही अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। पिपरवार में उत्पन्न भूमि संबंधी मामलों की जानकारी लेते हुए कोयला खदान के विस्तारीकरण पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों ने कोयला खदान के विस्तारीकरण में उत्पन्न हुई समस्या से उन्हें अवगत कराया,जिसका समाधान करने का उन्होंने भरोसा दिया।इस संबंध में डायरेक्टर टेक्निकल आरबी प्रसाद ने बताया कि कंपनी के उत्पादन में सीसीएल पिपरवार एरिया का एक अहम योगदान है,इसको लेकर यहां उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कर कई बातों पर चर्चा की जा रही है। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय,एजीएम निरंजन सेनापति,अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, खान प्रबधंक एस. सत्यानारायण,एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर अरूण कुमार महतो सहित काफी संख्या में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कार्यक्रम : छत्तीसगढ़ी एकता मंच डकरा ने समारोह पूर्वक संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती मनायी

# गुरु घासीदास ने समाज को एकसूत्र में बांधने का काम किया है : महाप्रबंधक

### पंथी नृत्य व भजन के साथ बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**खलारी।** छत्तीसगढ़ी एकता मंच डकरा के द्वारा मंगलवार को मोहननगर स्थित सतनाम भवन जैतखाम में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार तथा विशिष्ट अतिथि सिस्टा सीसीएल अध्यक्ष संतोष रत्नाकर, अशोक रविदास, लक्ष्य कुमार नारंग, विनय सिंह मानकी, सुनील कुमार सिंह, देवपाल मुंडा, इंदिरा देवी, श्यामलाल, गिरिधर मिश्रा, हरेंद्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन महाप्रबंधक संजय कुमार ने गुरु घासीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। उसके बाद महाप्रबंधक ने भंडारा का शुभारंभ किया। मंच के लोगों ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर एवं गमछा देकर सम्मानित किया। मंच की महिलाओं के द्वारा गुरु घासीदास के चित्र के समक्ष आरती एवं भजन किया गया। वहीं जैतखाम में पूजा अर्चना के लिए सभी अतिथियों ने विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर पंथी नृत्य व भजन प्रस्तुत किया गया। साथ ही कलाकारों द्वारा कई गीत एवं बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि गुरु घासीदास ने सतनाम का अलख जगाया था और समाज को एकसूत्र में बांधने का काम किया है। हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वही अन्य अतिथियों ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कन्हाई पासी, देवपाल मुंडा, डीपी सिंह, शैलेश कुमार, काशी राम, हीरा दास मानिकपुरी, हॉस्पिटल राम, ध्वजा राम धोबी, विनोद सतनामी, धनेष्वर सतनामी, कृष्णा सूर्यवंशी, संतोष यादव, अजय कौशल, साहिब राम सतनामी, मिथलेश पासवान, सुलेंदर सतनामी, लोकेष्वर लाल वचरा, रामेष्वर साहू, पुष्पेंद्र यादव, राजकुमार वचरा, मनोज कुमार, शंकर सतनामी, ठाकुर राम सतनामी, रामेष्वर साहू, भोला बघेल, रामरतन, राजू सतनामी, मनोज कुमार चैहान, उत्तरा कुमार, अमरलाल सतनामी, चंद्रिका सतनामी, साहेब राम सतनामी, मनोज कुमार ठाकुर, राम सतनामी, शंकर सतनामी, संतोष यादव, सुरेंद्र सतनामी, बसंत लाल, रामचरण, लोकनाथ, दारा सिंह, अमर प्रसाद, साहिब राम, शंकर मोहनलाल, भोला बघेल, ओमप्रकाश, रोशन, शेखर, विनोद, लोकनाथ, रामचरण, खीकराम बारीक, मनोज कुमार, विनोद कुमार सहित अन्यों का सराहनीय योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
09

## नियोजन नीति रद्द होने पर छात्रों ने रैली निकाल कर किया प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नियोजन नीति 2021 को झारखंड हाइकोर्ट नें रद्द कर दिया है। रद्द होने के बाद झारखण्ड राज्य के बेरोजगार छात्र-छात्राओं का विरोध प्रर्दशन शुरू हो गया है। इसी के निमित मंगलवार को गोंदलीपोखर में सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने सड़क पर उतर कर कड़ा विरोध प्रर्दशन किया। हाथों में तख्ती लिए छात्रों में काफी आक्रोश देखा गया। विरोध प्रर्दशन के दौरान छात्र-छात्राओं नें सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। मौके पर छात्रों ने कहा कि दो साल में इतना बड़ा संविधान बन सकता है, लेकिन झारखण्ड में नियोजन नीति क्यों नहीं बन पा रही है। कहा कि चुनाव से पहले प्रत्येक वर्ष पांच लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, पर सत्ता में आने के बाद युवाओं को ठगने का काम किया जा रहा है। विरोध प्रर्दशन में राजू कुमार महतो, उमेश बड़ाईक, रामसाय मुण्डा, संजय बैठा, छोटेलाल महतो, सुरेश महतो, प्रकाश नायक, किशोर नायक, विक्रम अहिर, गौतम चैधरी, अतुल चौधरी, राजीव साहू, विंदेश्वर महतो, निखिल महतो, कमलेश चौधरी, शंकर महतो, नरेश कुमार, महाबीर महतो, राजकुमार महतो, मुनेश्वर महतो आदि शामिल थे।

## खेलो झारखंड के वॉलीबॉल स्पर्धा में एसएस हाइस्कूल चिलदाग अनगड़ा की टीम फाइनल में पहुंची



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखण्ड के दूसरे चरण में मंगलवार को राज्य स्तरीय फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन खेल गांव में किया गया। जैप 10 ग्राउंड में खेले गए वॉलीबॉल बालिका फाइनल मैच में गोड्डा ने गुमला को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग में रांची जिला के एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग अनगड़ा की टीम नें सेमीफाईनल मैंच में लातेहार की टीम को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बुधवार को बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला रांची और बोकारो के बीच खेला जाएगा। वॉलीबॉल र्स्पधा में रांची की टीम के फाइनल में पहुंचने पर एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग की प्राचार्या श्रीमती संगीता रवि, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, पूर्व प्राचार्य अवनिंद्र सिंह, शिक्षक संघ के समीर चौधरी, डॉ रिझु नायक, शिवलाल महतो, सिकंदर अंसारी, उमेश बड़ाईक, शिबु मुण्डा, अजय महतो, रामसाय मुण्डा, नरेश साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया तथा बधाई दी।

## उपायुक्त से अनगड़ा अंचल के गुड़ीडीह मौजा में एक भूखंड के निबंधन पर रोक लगाने की मांग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंचल क्षेत्र के गुड़ीडीह ग्राम निवासी भगत सिंह भोगता (आदिवासी) ने उपायुक्त रांची को आवेदन देकर गुड़ीडीह मौजा स्थित खाता संख्या 97 एवं 98 की खतियानी जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। कुंवर सिंह भोगता नें आरोप लगाया है कि इस खाते की जमीन को फर्जी एवं नाजायज तरीके से राजकुमार पोद्दार, शिव कुमार तनेजा, श्रीमती अठनु पोद्दार, राजकुमार शर्मा सभी रांची निवासी द्वारा बिक्री करने की योजना बनाई जा रही है। यह भी कहा कि उनके पुश्तैनी वंशज और ना खतियानी रैयत कभी भी उक्त खाता, प्लॉट की जमीन को किसी भी आदमी को रजिस्ट्री पट्टा द्वारा बिक्री नहीं किए हैं। इस जमीन पर पूर्व से ही मेरा एवं मेरे पूर्वजों का शांतिपूर्ण दखल कब्जा तथा जोत-कोड़ है। साथ ही सरकार को सलाना मालगुजारी भी देते आ रहे हैं। फिर इस भूखण्ड का नामानंतरण कैसे करा लिया गया यह गहन जांच का विषय है। भगत सिंह भोगता ने उपायुक्त से फर्जी कागजात के आधार पर आदिवासी खाते की जमीन के खरीद-फरोख्त पर रोक लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।


## सिकिदिरी में 9वीं सद्भावना चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** बुधवार से स्वर्णरेखा फुटबॉल मैदान सिकिदिरी में स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित 9वीं सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबॉल टूनामेंट शुरू हो रहा है।आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने बताया कि बुधवार को उदघाटन मैच इरबा व बड़ाम के बीच 2 बजे से खेला जाएगा। मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि कांके पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह आजसू रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि युवा नेता अमाल खान करेंगे। फाइनल मैच 7 जनवरी को होगा। सोमनाथ मुंडा ने बताया कि टूनामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस साल टूनामेंट में रांची सहित अन्य जिलों की नामी-गिरामी टीमें भाग ले रही है। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये नगद व बड़ा ट्राफी और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये नगद व छोटा ट्राफी पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। इस के अलावा सेमीफइनल की दोनों टीमों को 20-20 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## भूमिजा पेट्रोल पंप के संचालक ने किया कंबल वितरण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** सामाजिक सरोकार के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर भूमिजा पेट्रोल पंप के संचालक द्वारा कंबल वितरण किया गया। पंप के संचालक गौतम कुमार कुशवाहा ने भूमिजा पेट्रोल पंप परिसर में लंबी दूरी की गाड़ी के चालक एवं सह चालकों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर विजय उरांव, निलेश कुमार सोनी, जगन्नाथ उरांव सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## लापुंग में मारुति मंगल परिवार ने 210 लोगों के बीच बांटा कंबल



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के बाकाकेरा ,फतेहपुर, मालगो समेत कई गांवों में मंगलवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था व जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो के द्वारा प्रखंड के 210 बुजुर्गों जरूरतमंदों विधवा, गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौक पर जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने कहा कि मारुति मंगल परिवार संस्था के सदस्य निस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए हैं, उन्होंने कहा संस्था सराहनीय कार्य कर रहीं हैं । वही इस संस्था के द्वारा कंबल वितरण के अलावा समाज में मौजूद कुरीतियों को दूर करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। मौके पर संस्था के सदस्य समेत कई लोग मौजूद रहें। फतेहपुर में सापुकेरा पंचायत मुखिया सविता उरांव,पंचायत समिति सदस्य मो नशिम आलम,सुखु लोहरा, सन्दीप साहू विमल उराँव, व झीकी में सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय उरांव व बतिया उरांव के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### कार्यक्रम : हेसल पंचायत में खेल मैदान का मुखिया ने भूमिपूजन कर किया शिलान्यास

# मनरेगा योजना से 2.40 लाख की धनराशि से कराया जायेगा समतलीकरण कार्य

**कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सेवा क्षेत्रों में बेहतर योगदान देने वाले लोगों को शॉल ओढ़ा कर किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल पंचायत अंतर्गत खिजुर बुढ़िया (काजू बगान) में मंगलवार को मुखिया कविता देवी के नेतृत्व में खेल मैदान का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। मनरेगा योजना के तहत लगभग 2. 40 लाख की धनराशि से खेल मैदान हेतु समतलीकरण कार्य कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, प्रमुख दीपा उरांव, पंसस मदरा मुण्डा, शीला देवी, ग्रामप्रधान अध्यक्ष उमेश बड़ाईक, ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली, मुस्तफा अंसारी, रामपोदो महतो, विष्णु महतो, दुर्गा उरांव, नरेश साहू, जगन्नाथ महतो, कारीनाथ महतो, कृष्णा भगत, साकीर अंसारी आदि की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक सेवा क्षेत्रों में बेहतर योगदान देने वाले लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामकुमार पहान ने खेल को बढ़ावा देने के प्रति मुखिया कविता देवी एवं कृष्णा भगत के सोंच और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल मैदान बनने से यहां के बच्चों व युवाओं को बेहतर अवसर मिलेगा। यहां के बच्चे फुटबॉल सहित अन्य खेल गतिविधियों में काफी दिलचस्पी लेते हैं। खेल मैदान बन जाने से फुटबॉल समेत अन्य प्रकार के खेलों का अभ्यास कर सकेंगे। संचालन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी नें जीवन में खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल मैदान बन जानें से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि खेल मैदान आवंटन हेतु सभी आवश्यक सरकारी प्रक्रियाएं पूरी कर लेनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। अध्यक्षता मुखिया कविता देवी ने किया।

मौके पर रामेश्वर महतो, रामवृक्ष महतो, शिवलाल पहान, बलराम मुण्डा, एहसान अंसारी, मुनकी देवी, धनीराम मुण्डा, शाहीद अंसारी, संदीप गाड़ी, राजू करमाली, धनीराम करमाली, रामसाय मुण्डा, सूरज करमाली आदि मौजूद थे।

## क्रिसमस जीवन में खुशियां लाता है : सतीश पॉल मुंजनी

**सामलोंग मुंडागढ़ा बस्ती में किया गया क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम क्षेत्र के सामलोंग मुंडागढ़ा बस्ती में सोमवार देर रात तक क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन सामलोंग मुंडागढ़ा युथ के बैनर तले किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी एवं कांग्रेस झारखंड प्रदेश सह कार्यालय महामंत्री अमूल्य नीरज खलखो व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष सुषमा हेमरोम, कंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की, विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक, वार्ड 13 की पार्षद पूनम देवी, सुरेश सिंह, दीपक राणा, प्रबल कच्छप, पवन तिर्की, प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थि थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने केक काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि सतीश पॉल ने कहा कि क्रिसमस जीवन में खुशियां लाता है। क्रिसमस मानव जाति के लिये प्रेम का संदेश देता है। पूरा दिसंबर महीना विश्वासियों के लिये खुशियों का महीना होता है। समाज के लोग धूमधाम के साथ मनाते है। क्रिसमस आपस में प्रेम भाईचारा सिखाता है। हमें आपस में प्रेम के साथ रहना चाहिये। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोशन कुजूर एवं अरुणा मिंज व संचालन रोशन कुजूर ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस रांची जिला ग्रामीण युवा कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुजूर, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, रोशन कुजूर, अरुणा मिंज, ओलाइव सोरेन, अजीत भूतकुमार के अलावा अन्य लोगों का अहम योगदान रहा।

## रातू में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी में एक बाईक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना मंगलवार की शाम 7 बजे की बतायी जा रही है। मृतक की पहचान कांके थाना क्षेत्र के कुम्हारिया चरदी गांव निवासी कमल उरांव के 25 वर्षीय पुत्र अंकित उरांव के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक काफी रफ्तार से बाइक चला रहा था। वह बाईक पर अपना नियत्रंण खो बैठा और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया। जिसके कारण उसके सिर में काफी गंभीर चोट आयी थी। हादसे के बाद घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक के बड़े भाई अमित उरांव मृतक के शव को घर ले गया। जानकारी के मुताबिक मृतक अंकित रातू के पुरियों गांव सोमा उरांव के घर दाह संस्कार में शामिल होने गया था। मृतक का एक साल पहले ही गांव के ही किरण देवी से शादी हुई थी।

## केसरवानी वैश्य सभा वनभोज से मिलन समारोह चार को

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा की बैठक सोमवार को सभा के वरीय संरक्षक उमेश केसरी के आवास में की गयी। मौके पर जिला समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 4 जनवरी बुधवार को ओरमांझी प्रखंड के रुक्का डैम (पानी फिल्टर प्लांट के पास) में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में रांची जिला अंतर्गत सभी ग्राम सभा, नगर सभा, महिला सभा एवं खूंटी जिला के सभी केसरवानी स्वजाति भाग लेंगे।

मौके जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी एवं रांची जिला महिला अध्यक्ष रेखा केसरी ने संयुक्त रूप प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रांची जिला के सभी केसरवानी लोगों से रुक्का डैम आयोजित वनभोज सह मिलन समारोह में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है। इसके लिए जल्द ही गांव गांव जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

मौके पर जिला महामंत्री मनीष केसरी, ई .अजीत केसरी, तपेश्वर केसरी, सुरेंद्र केसरी, मोहन केसरी, दौलतराम केसरी, द्वारिका केसरी, हेमंत केसरी, मनोज केसरी, संजय चौधरी, कमलेश केसरी, पंकज केसरी, राजेन्द्र केसरी संतोष केसरी, प्रेमसागर केसरी, दिनेश केसरी, मनीष केसरी, दीपक केसरी, प्रदीप केसरी, प्रवीण केसरी, राधेश्याम केसरी, मदन केसरी, तारकेश्वर केसरी, चेतन केसरी, राहुल केसरी, छोटू केसरी, इंजीनियर स्वाति केसरी, चेतना केसरी, गायत्री देवी, रेखा केसरी सहित दर्जनों केसरवानी समाज के लोग उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : बेड़ो बीडीओ-सीओ ने हुलसी व मासू गांव का किया दौरा, कहा

# ग्रामीणों की सभी समस्याओं का किया जायेगा समाधान

**ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बीडीओ डा. प्रवीण कुमार के नेतृत्व में विभाग के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती हुलसी व मासू गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने बिजली, पानी व सड़क नहीं होने से हो रही परेशानी को प्रमुखता से रखा। जिसे पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सुना। मौके पर बीडीओ ने कहा गांव की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। हम सभी इसी उद्देश्य से आपके गांव आये हैं। प्रखंड के सभी गांव का विकास हो इसके लिए हम जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर तत्परता के साथ कार्य करेंगे। आप गांव की या अपनी कोई समस्या हो तो प्रखंड कार्यालय में आकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से मिलें और अपनी बात रखें। वहीं सीओ सुमंत तिर्की ने कहा आपकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि जमीन से संबंधित एवं मुआवजा से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों को प्रमुख विनीता कच्छप, मुखिया कुंवारी खलखो, पंसस विशेश्वर उरांव ने लोगों को संबोधित किया। वहीं ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। दौरे के क्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केशरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बासुदेव बड़ाईक, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को खरीफ विपणन वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। क्रय केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप जिप सदस्य पार्वती कुमारी, बेरोनिका एक्का, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, सीओ सुमंत तिर्की, बीडीओ डा. प्रवीण कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अवनि कुमार झा, पैक्स अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर वर्ष 2022-2023 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य साधारण 2040 रुपये व ग्रेड ए 2050 रुपये प्रति क्विंटल पर किसानों से धान क्रय करने का काम प्रारंभ किया गया। मौके पर गुलाम मुस्तफा चिश्ती मो शमशाद, मनोज उरांव सहित कई किसान मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## बाघवार अकादमी के बच्चों ने किया बिरसा जैविक उद्यान का भ्रमण



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो स्थित बाघवार अकादमी के कक्षा 4 से 7 तक के बच्चों ने मंगलवार को बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी का भ्रमण किया। यात्रा से पूर्व विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार सहित अन्य शिक्षकों ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण का महत्व बताया। साथ ही अनुशासित होकर यात्रा का आनंद उठाने को कहा। जैविक उद्यान पहुंचकर सभी बच्चे पंक्तिबद्ध होकर एक-एक कर सभी जानवरों को देखा तथा उन जानवरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण में शिक्षक हरे कृष्णा सिंह, फरहत जहां, संगीता एक्का, पिंकी कुमारी, आमला तिर्की, मीनाक्षी कुमारी, सुमन कुमारी, रानी कुमारी, वीणा कुमारी, अनुज सर सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

## स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम ने गरीबों में किया कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लगातार बढ़ती ठंड की मार झेल रहे गरीब महादलितों को राहत देने हेतु स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम की सदस्यों ने मंगलवार को लोवाडीह मलहार कोचा में कंबल वितरण किया। इस दौरान गरीबों एवं असहाय महादलितों के बीच सैकड़ों कंबल वितरित किये गये। मौके पर संस्थान की सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि संस्थान असहाय व गरीबों के लिये चलाया जा रहा है। कहा कि गरीब एवं जरुरतमंदों की सेवा करना ही हमारा परम लक्ष्य है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा, उपाध्यक्ष मधूमिता शाहा, मंजु देवी, रीना शर्मा, दिप्ती बनर्जी, नैनी रोज खलखो, मिताली बनर्जी, सबिता नायर, तंद्रा मुखर्जी, सरोज अग्रवाल, दिपा श्रीवास्तव, तान्या समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीआइटी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल ब्रांच के पांच विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, उपकरण आदि के निर्माण से जुड़ी कंपनी मेगा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने विद्यार्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा व इंटरव्यू के बाद किया है। चयनित विद्यार्थियों में अफरोज आलम, शादाब मंजर, रवि रंजन कुमार, अंकित कुमार एवं अविनाश कुमार का नाम शामिल है। सभी 2022 बैच के पास आउट छात्र हैं। टीएनपी के प्रो. इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को लखनऊ में ट्रेनिंग के बाद पोस्टिंग दी जायेगी एवं इनका सालाना वेतन तीन लाख के करीब होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## राजकीयकृत मवि चकला, ओरमांझी में स्कूल किट का किया गया वितरण

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं के बीच सहायक स्टेशनरी सामग्री और स्कूल किट का वितरण किया गया। किट का वितरण मुख्य अतिथि उप प्रमुख रिजवान अंसारी के द्वारा किया गया। एक से पांच कक्षा के छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, रबर, कटर तथा छठा से आठवीं तक के बच्चों को इंस्ट्रूमेंट बॉक्स दिया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए रिजवान अंसारी ने कहा कि सभी मन लगाकर पढ़ें और अपने मां-बाप का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला तथा संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मोइन अंसारी, अनुपा शैलबाला कुजूर, संगीता कुमारी, आशा कुमारी, मो. मुस्तफा अंसारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की जनमस्थली उलिहातू में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का कार्यक्रम 24 को



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के भगवान बिरसा मुंडा की जनमस्थली उलीहातू में 24 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बंसल जी का कार्यक्रम तय हुआ है। वे भगवान विरसा मुंडा को नमन कर उनके परिवार के लोगों से मिलेंगे। इस आशय को लेकर आज उलीहातू में बैठक की गयी जिसमें कार्यक्रम के बारे मे चर्चा की गयी। उनके अगवानी की जिम्मेदारी अड़की मंडल भाजपा को दी गयी। बैठक में विरसा मुंडा के बंशज सुखराम मुंडा, जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष मोती पातर, संजय साहू आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## कर्रा में अखिल भारतीय सरना समाज ने की बैठक



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा पंचायत के लौंयकेल मंडा टांड़ में सोमवार को आदिवासी के उत्थान को लेकर अखिल भारतीय सरना समाज की बैठक बसंत सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा ने कहा कि आज सरना समाज के लोग अपने धर्म समाज से भटक कर दूसरी तरफ जा रही हैं। जिसका सबसे बड़ा कारण अशिक्षा, बेरोजगारी है। इसलिए हमें समाज को सही दिशा देने के लिए अपने बच्चों को शिक्षा दिलाना और युवा पीढ़ी जो बेरोजगार है उसे रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य करना है। कार्यक्रम को जिप सदस्य जोरोंग आईन्द, मुखिया मिना देवी, सुखराम मुंडा, रंजिता देवी, ग्राम प्रधान गंगा मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सीता कुमारी, संजय प्रधान, महादेव लोहरा, हरेंद्र लोहरा, के अलावे अन्य लोगों ने भी सभा को संबोधित किया। बैठक में खूंटी जिला सासंद प्रतिनिधि मनोज कुमार, प्रखंड सासंद प्रतिनिधि, घुरन महतो, विनोद सोनी, बिष्णु सोनी, खैरा होरो, बिरसा उरांव, विनय हेरेंज मुखिया रश्मि लकड़ा, भिमसेन तिर्की, रिबड़ मुंडा, शेखेर उरांव, लखीराम बड़ाइक,राजेश मुंडा मौजूद थे।

# सोना महल में लगी ज्वेलरी प्रदर्शनी डिस्काउंट के साथ मिल रहे जेवरात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नये वर्ष को लेकर सोना महल मे खरीदारी करने वालों ग्राहकों को बेहतर और आकर्षक आभूषणों की प्रदर्शनी 19 दिसंबर से 22 दिसंबर के लिए लगाई है। जिसमें ग्राहक अपने मन पसंद की ज्वेलरी खरीदारी के साथ बुक करवा सकते है। सोना महल के संचालक संतोष सोनी एवन धनंजय सोनी ने बताया कि शो रूम में बड़े दिन के अवसर पर हर वर्ष ज्वेलरी की प्रदर्शनी लगाई जाती है। जिसमें कई महानगरों से डीजाइन की हुई ज्वेलरी मंगाई जाती है। जो प्रदर्शनी में हर रोज उपलब्ध है। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के ज्वेलरी शो रूम सोना महल में जेवरातों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलेगी. ।19 दिसंबर की प्रदर्शनी में हार व चैन पेश किए गए। वहीं 20 दिसंबर को झुमका, 21 दिसंबर को कंगन एवं 22 दिसंबर को डायमंड के आइटम पेश किए जाएंगे। इस मेले में ग्राहकों को दिल्ली,मुंबई,राजकोट और दुबई की डिजाइनर ज्वेलरी देखने को मिल रही है। सोना महल के संचालक संतोष सोनी एवं धनंजय सोनी ने बताया कि शो रूम में बड़े दिन के अवसर पर हर वर्ष लगाई जाने वाली ज्वेलरी की प्रदर्शनी ग्राहकों की सुविधा के लिए है। उन्होंने बताया कि इसमें बाहर की डीजाइन की हुई ज्वेलरी मंगाई जाती है। ज्यादातर ग्राहक बाहर नहीं जा पाते उन्हें इस प्रदर्शनी में बाहर के भी जेवरात मिल जाते हैं। प्रदर्शनी में हर रेंज में ज्वेलरी उपलब्ध है।



### न्यू इयर को लेकर खास डिस्काउंट

सोना महल के संचालक ने बताया कि न्यू ईयर को देखते हुए ग्राहकों को खास डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। जिसमें प्रति ग्राम सोना की खरीद पर 225 रुपये की छूट दी जा रही है। वहीं, 50 हजार रुपये के डायमंड ज्वेलरी लेने वालों को 20 ग्राम चांदी गिफ्ट के तौर पर दी जा रही है। वहीं ज्वेलरी प्रदर्शनी में परिवार के साथ आए पवन कुमार ने बताया कि यहां दिल्ली, मुंबई, राजकोट और दुबई की डिजाइनर ज्वेलरी देखने को मिल रही है। साथ ही ज्वेलरी की कीमत भी ठीक रखी गयी है।

### मुंबई और राजकोट की डिजाइन है आकर्षण का केंद्र

सोना महल में ज्वेलरी की प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र मुंबई और राजकोट की डिजाइन की हुई ज्वेलरी यहां आने वाले ग्राहकों को लुभा रही है। इसके साथ ही दिल्ली और दुबई की डिजाइन की हुई ज्वेलरी को ग्राहक खूब पसंद कर रहे है।

### शहर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में एक है सोना महल

डालटनगंज शहर में अवस्थित सोना महल एक प्रतिष्ठित ज्वेलरी मॉल है। यहां एक बार कोई भी ग्राहक खरीदारी करके जाता है तो वह रेट और क्वालिटी दोनों में संतुष्ट होकर जाता है। और अपने साथ रिश्तेदारों को भी लाकर आभूषणों की खूब खरीदारी करता है। सोना महल के एक पुराने ग्राहक ने बताया कि हम लोगों के परिवार में जब भी आभूषणों की खरीदारी की बात आती है तो सीधे सोना महल में आकर खरीदारी करते है।

# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को किया गया। जनता दरबार में आए एक वृद्ध बैजनाथ भुईयां से डीसी ने पूछा बोलिये बाबा बताइए आपको क्या दिक्कत है इस पर बैजनाथ भुइयां ने इशारे में डीसी को बताया कि मैं बोलने में असमर्थ हूं। आवेदन में समस्या को पढ़ लिया जाये। इसपर डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने आवेदन का अवलोकन किया और पाया कि बैजनाथ भुईयां पड़वा के लामीपतरा के रहने वाले हैं व कैंसर से पीड़ित है इनका इलाज तत्काल बनारस से चल रहा है।आवेदन के माध्यम से इन्होंने उपायुक्त से आर्थिक सहायता हेतु अनुरोध किया है।आवेदन का अवलोकन के पश्चात उपायुक्त ने बैजनाथ भुइयां को रेड क्रॉस के माध्यम से 30 हजार रुपये देने हेतु रेड क्रॉस को आवेदन अग्रसारित कर दिया। इसी तरह जेलहाता के एसडीओ रोड निवासी मधुबाला सिन्हा ने डीसी को बताया कि वो अपनी दिव्यांग पुत्री के साथ यहां बने अपने घर में विगत 45 सालों से रहती आ रही है लेकिन कुछ दिनों से उनके मुख्यद्वार को ही कुछ दबंग किस्म के लोग बंद कर दिये हैं।उन्होंने उपायुक्त से अपने घर के रास्ते को खोलवाने को लेकर अनुरोध किया इस पर उपायुक्त ने एसडीओ को ऑन स्पॉट कॉल कर पूरे मामले की जांच करते हुए दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की बात कही।उन्होंने कहा कि ध्यान रहे कोई भी व्यक्ति शहर के सीनियर सिटीजन को तंग न करें।इसी क्रम में कल्याण विभाग से संबंधित एक मामलें में उपायुक्त ने कल्याण पदाधिकारी व संवेदक को आमने-सामने बुलाकर पूरे मामले का जल्द निपटारा हेतु निर्देशित किया।

# फुटबॉल के महान खिलाड़ी वाईचुंग भूटिया दिखाएंगे अपना जलवा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद जपला अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के फाइनल मैच में 23 दिसंबर को भारत के महान फुटबॉलर सह भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाईचुंग भूटिया,मंजीत सिंह और अजय सिंह जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी हुसैनाबाद में पहली बार शिरकत करेंगे जो हुसैनाबाद वासियों के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा।क्योंकि फाइनल मुकाबले के दोनो टीमों की कप्तानी वाईचुंग भूटिया और अजय सिंह करेंगे। इसकी जानकारी कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने अपने आवास से प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि कर्नल कप 23 नवंबर से शुरू हुआ है और इसमें कुल 32 स्थानीय टीमों ने हिस्सा लिया। जिसका लीग मैच 16 नवंबर तक चला क्वार्टर फाइनल मुकाबला 17 और 18 नवंबर को खेला गया तथा सेमीफाइनल मुकाबला 19 और 20 दिसंबर को खेला गया।हुसैनाबाद अनुमंडल फुटबॉल का गढ़ रहा है और यहां बाहर के दिग्गज टीम ने अपना हुनर दिखाने का काम किया है। कर्नल संजय ने कहा कि उनका सपना पलामू को फुटबॉल हब बनाना है। उक्त मैच में पुलिस अधीक्षक पलामू चंदन कुमार सिंह भी मौजूद रहेंगे।इस प्रेस कांफ्रेंस में कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के विनय सिंह,सुधीर सिंह पूर्व सैनिक,तकी हुसैन रिजवी,लालधन ठाकुर,अजय सिंह अशोक सिंह और सुभाष कुमार आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में मनाया गया संत गाडगे जी की पुण्यतिथि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** संतो के संत महासंत,समाजसुधारक व स्वच्छता अभियान के जनक गाडगे जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी के जपला धरहरा स्थित आवास पर कार्यक्रम आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित अतिथियों ने संत गाडगे जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सह समाजसेवी कृष्णा बैठा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाडगे महाराज जी समाज को नई दिशा देने का काम किया था। हमलोगो को उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है।ताकि उनके अधूरे सपने पूरा हो सके।उन्होंने कहा कि बाबा गाडगे सफाई उन्मूलन का कार्य किया।जिससे समतामूलक समाज की स्थापना हुई।साथ ही उन्होंने समाज मे अंधविश्वास को दूर भगाने का कठिन कार्य करते हुए शिक्षित बनने का संदेश दिया जो समाज के लिए अनुकरणीय है।मौके पर समाजसेवी प्रमोद रजक ,दीपक मेहता,रामप्रसाद बैठा,संजय बैठा ,पंचम कुमार ,उमेश बैठा,अंकित कुमार अन्य मौजूद थे।

# भाजपा नेता ने केक काटकर किया बजाज के नये बाइक को लांच



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को जपला-छतरपुर मुख्य पथ स्थित आस्था ऑटो बाइक बजाज शोरूम में न्यू पल्सर 150 सीसी बाइक को केक काटकर लॉच किया।मौके पर शोरूम के प्रो० अमित सिंह ने कहा की पल्सर बाइक दो वेरीयंट में कम्पनी ने लॉच किया है जिसका कीमत 144000 और 147000 है। मौके पर पूर्व मुखिया बिपिन सिंह,भीम सिंह,मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह,मिंटू अग्रवाल,अशोक गुप्ता,रवि रंजन सिंह,लक्ष्मण सिंह,विनय सिंह आदि मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर जपला में विद्या भारती प्रतिभा चयन और खोज प्रतियोगिता संपन्न



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में विद्या विकास समिति,झारखंड की ओर से विभाग स्तरीय विद्या भारती प्रतिभा चयन एवं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला से 7,बिलासपुर से 26, वंशीधर नगर से 7 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।परीक्षा के विषय में प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे ने बताया कि विद्या भारती प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की खोज के लिए वर्ष भर में दो बार यह परीक्षा आयोजित करती है। इसकी एक परीक्षा विद्यालय स्तर पर कक्षा चतुर्थ से दशम तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राएं दूसरी परीक्षा यानि प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होते हैं।इस परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विद्या भारती के मुख्यालय में होता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र- छात्राओं को विद्या भारती द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम की घोषणा फरवरी 2023 में की जाएगी। इसलिए हम शिक्षक-शिक्षिकाओं का दायित्व है कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभिप्रेरित करें।इस परीक्षा में प्रांत द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक ओमप्रकाश सिन्हा तथा परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह एवं सहयोगी दीपक पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

# बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि अनुज पाण्डेय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व प्रमुख रम्भा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 9 पीआईए के द्वारा लगाए गए स्टॉल में 183 बेरोजगार युवक युवतियों को इच्छानुसार अलग अलग ट्रेड में पंजीकृत किया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि यह शिविर बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। मौके पर उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह,गुरहा कला मुखिया राधा कृष्ण साव,घासीदाग मुखिया अंजू देवी, बीपीएम संतोष कुमार सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और जेएसएलपीएस के कई कर्मी मौजूद थे।

# चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए हरिहरगंज के समाजसेवी राजीव रंजन ने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग कार्यपालक पदाधिकारी से की है। समाजसेवी ने कहा आए दिन लोग जगह जगह पर ठंड से ठिठुरते दिख रहे हैं यह चर्चा करते रहते हैं की अभी तक किसी भी चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था नहीं किया गया।उन्होंने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में चाहे वह विकास की बात हो चाहे शहर की सर सफाई की हर क्षेत्र में नगर पंचायत कार्यालय विफल हो रही है। पदाधिकारियों के उदासीन रवैया से शहरवासी त्राहिमाम कर रही है। उनकी उदासीन रवैया से विवस करते हैं उग्र आंदोलन करने पर। इस मौके पर अमित कुमार, विकास कुमार, प्रशांत कुमार, सुनील पासवान, रवि कुमार, गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति इत्यादि उपस्थित थे।

# रेहला स्पोर्ट्स कराटे क्लब को धनबाद में मिला तीन गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंटरनेशनल सोतो कान कराटे- डू क्योकाई के तत्वाधान में धनबाद दून पब्लिक स्कूल परागण में सातवीं ऑल इंडिया बुशी कांत कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां सेंसाई सोनामोती की देखरेख में पलामू स्पोर्ट्स कराटे क्लब के प्रतिभागियों ने भाग लिया। ऑल इंडिया बुशी कांत कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड सहित बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, बिहार व आंध्रप्रदेश की प्रतिभागी शामिल हुए थे। जहां पलामू रेहला स्पोर्ट्स कराटे क्लब के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए सारीब खान को कूमीते में गोल्ड मेडल, कता में ब्रॉन्ज मेडल, मुस्कान कुमारी को एक गोल्ड व एक ब्रॉन्ज मेडल, बॉबी शुक्ला को गोल्ड मेडल व ब्रॉन्ज मेडल, राजश्री शुक्ला को एक सिल्वर मेडल व ब्रॉन्ज मेडल, इंदु कुमारी को दो ब्रॉन्ज, हुस्न आरा खातून को ब्रॉन्ज मेटल व कूमीते में मेडल व प्रमाण पत्र एवं कांता में शील्ड प्रमाण पत्र मिला। इन खिलाड़ियों को सम्मानित करने की घोषणा करते हुए पलामू जिला के खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा व ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने बधाई दी। साथ ही कुशल नेतृत्व और देखभाल को लेकर सेंसाई सोनामोती कुमारी को भी बधाई दी।



# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 24 को प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर क्षेत्र के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 24 दिसंबर शनिवार को प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने दी है।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विद्यालय के भैया बहनों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास करना है। इस बाल मेला में भैया बहनों के द्वारा निर्मित ब्रेड पकोड़ा, मोमोज, दही बड़ा, काला जामुन, पानी पुरी, इडली, चटपटा चाट, झालमुड़ी, चाय की दुकानें लगेंगी। साथ ही मंगलयान, संसद भवन, स्मार्ट सिटी, राम मंदिर के प्रतिरूप दर्शाए जाएंगे।

# आम आदमी पार्टी की पलामू टीम ने उठाया सराहनीय कदम : राकेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के पलामू जिले की टीम जिसका नेतृत्व पलामू के युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार और उनके साथ आम आदमी पार्टी के युवा नेता राकेश तिवारी और उनकी टीम भी साथ थी। पार्टी के सदस्यता अभियान के लिए गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड अंतर्गत फकीराडीह पंचायत में दौरे पर थी। इसी क्रम में वहां के ग्रामीणों ने नेताओं से पंचायत स्वास्थ्य केंद्र के वर्षो से बंद पड़े होने तथा पास के ही जल मीनार के खस्ताहाल होने की वजह से पानी की घोर समस्या के बारे में नेताओं को अवगत कराया। समस्या की जानकारी मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ग्रामीणों को फौरन जल मीनार को चालू करने हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और बंद पड़े पंचायत स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल शुरू कराने के लिए गढ़वा उपायुक्त से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपने के लिए आश्वस्त भी किया। आम आदमी पार्टी के नेताओं किस फल से खुश होकर मौके पर ही कई ग्रामीणों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली और अपने पंचायत में और लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का संकल्प भी लिया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष व महिलाएं मौजूद थी और सबने इस पार्टी के युवा नेताओं की इस पहल की प्रशंसा की और आने वाले वक्त में इस क्षेत्र में पार्टी को जन समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। इस टीम में आम आदमी पार्टी के युवा नेता मुन्ना कुमार, राकेश तिवारी शशिकांत तिवारी और रूपेश कुमार, जवाहर पासवान, उमेश चौधरी,जग्गू चौधरी शामिल थे।

## भूख हड़ताल पर बैठे रैयतों की एनएचआइ अधिकारियों ने ली सूध

# अपनी मांगों पर अड़े विस्थापित रैयत, भूख हड़ताल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू ।** प्रखण्ड क्षेत्र के ढाब बस स्टैंड एनएच 98 किनारे भूखहड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों की सूधी मंगलवार को एनएचआई के अधिकारियों ने ली।इस दौरान हरिहरगंज अंचलाधिकारी बासुदेव राय एनएचआई के कनिये अभियंता अभिशेख तिवारी डिप्टी मैनेजर आयुष कुमार व शिवालया कंट्रक्शन कंपनी के कई लाइजिनिंग अफसरों ने भूखहड़ताल पर बैठे विस्थापित रैयतों की मांगों को सुना।वहीं एनएचआई के अधिकारियों ने आर्बिट्रेशन की हवाला देते हुए कहा कि भूअर्जन विभाग जमीन का रेट तय करती है न कि एनएचआई।आपको रेट कम लगता है तो आर्बिट्रेशन में जाइए।मकान की राशि कम मिल रही है तो पीडब्लूडी तथा थ्री डी के लिए आवेदन के साथ खाता प्लॉट का कागजात जमा करें नाम जुट जाएगा।साथ ही कहा कि जिनकी रैयती जमीन में मकान है तो दुगुना मुआवजा मिलेगा।ग्राम सेमरबार और ढाब खुर्द में अंडरपास पर आसवासन दिया गया कि टेक्नीकल टीम के जांच के बाद अगर जायज है तो अपूर्वल मिलने पर अंडरपास बनवा दिया जाएगा। विस्थापित रैयतों ने कहा कि हम विकास चाहते हैं पर, विकास के साथ हमें विनाश ना करें।संबंधीत विभागों का कई महीनों तक चक्कर लगाने के बाद भी हम लोगों की मांग पूरी नहीं हुई।विबस हो कर लगातार 12 दिनों तक शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने सूधी नहीं लिया।वहीं अपनी मांगों को लेकर आज 4 दिनों से भूखहड़ताल पर बैठे हुए हैं। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम आत्मदाह करने पर विवस होंगे। रैयतों ने कहा कि जब रहने की जमीन और घर ही नहीं बचेगा तो हम जी कर क्या करेंगे। इस दौरान एनएचआई के अधिकारियों से भवन निर्माण का मेनू की मांग की गई है।वहीं आंदोलनकारियों ने शिवालया कंट्रक्शन कंपनी पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखण्ड की हेमंत सरकार बालु उठाव एवं खनन पर पावंदी लगा रखी है तो शिवालया कंपनी बालु कहां से ला रही है।वहीं बालु के आभाव में सबसे पहले शिवालया कंपनी को काम बंद रखना चाहिए।जबकि ऐसा नहीं होगा, क्योंकि यह पावन्दियां छोटे छोटे घर मकान बनाने वाले हम गरीबों पर लागू होती है।

### रैयतों की छे सुत्री मांग

(1) जमीन और मकान का दाम बढ़ाना
(2) मापी में त्रुटि का सुधार
(3) छूटे रैयतों का थ्री डी में नाम जोडना
(4) इस अधिग्रहण से पहले सरकार 30 या 50 फीट खरीदी थी उसका कागजात उपलब्ध कराने
(5) ग्राम सेमरबार और ढाब खुर्द में अंडरपास की व्यवस्था तथा
(6) 70% स्थानीय लोगों को शिवालया कंट्रक्शन कंपनी काम दे। इन छे सुत्री मांगो को लेकर विस्थापित रैयतों की हितैषी सेमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान तथा विस्थापित रैयत अखिलेश गुप्ता ने लगातार 12 दिनों के धरना प्रदर्शन के बाद 17 दिसम्बर से भूख हड़ताल रखा है।

# व्यवसायी संघ ने आगजनी से हुए नुकसान पर सत्यम मुर्गा फार्म के प्रोपराइटर को आर्थिक सहयोग दिया

**छतरपुर (पलामू) ।** जिले के छतरपुर मिडिल स्कूल के पास हुए आगजनी घटना में सत्यम मुर्गा फार्म का दुकान पूरी तरह जल गया था। जिसमें दुकान के प्रोपराइटर विनोद का काफी नुकसान हुआ। इस संबंध में व्यवसाय संघ ने बैठक कर दु:ख व्यक्त किया। साथ ही उक्त घटना से चिंतित हैं। व्यवसायी संघ ने बैठक में विचार विमर्श कर आर्थिक सहयोग का निर्णय लेते हुए दस हजार एक सौ रुपये का आर्थिक सहयोग राशि विनोद प्रदान किया। जिसमें संघ का सक्रिय सदस्य और पदाधिकारियों का योगदान रहा जिसमे मुख्य रुप से बीरेंद्र प्रसाद, बिनय कुमार , लालमोहन, पवन गुप्ता, मंटू जयशवाल, प्रभु प्रसाद, सतेंद्र, गुड्डू सिंह, गोकुल, अजय गुप्ता, छोटु, मथुरा साव, रंजीत, सुबोध सोनी, सतेंद्र प्रसाद , रामनुज , गुड्डु शौंडिक, विजय साव, का योगदान रहा।

## स्पोर्ट्स




इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया, तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीती

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए स्पिनर नासुम अहमद बांग्लादेश की टीम में शामिल

**ढाका।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ 22 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए बाएं हाथ के स्पिनर नासुम अहमद को टीम में शामिल किया है। कप्तान शाकिब अल हसन, दूसरे टेस्ट में गेंदबाजी करने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं हैं, जिसको देखते हुए नासुम को स्पिन गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया है। चटोग्राम में पहले टेस्ट की पहली पारी में शाकिब ने केवल 12 ओवर फेंके थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने गेंदबाजी नहीं की थी। बांग्लादेश पहला टेस्ट 188 रन से हारने के बाद दो मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे है। नासुम ने बांग्लादेश के लिए व्हाइट-बॉल प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, विशेषकर टी-20 प्रारुप में। चटोग्राम की दूसरी पारी में तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ने गेंदबाजी नहीं की और दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। तमीम इकबाल इसलिए नहीं खेल रहे हैं क्योंकि वह अपनी चोट से उबर नहीं पा रहे हैं, जबकि बल्लेबाज अनामुल हक को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। दूसरे टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है: महमूदुल हसन जॉय, नजमुल हुसैन शांतो, मोमिनुल हक, यासिर अली, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नुरुल हसन, मेहदी हसन मिराज, तजुल इस्लाम, तस्कीन अहमद, खालिद अहमद, जाकिर हसन, रेजौर रहमान राजा और नासुम अहमद।





चार दिवसीय 15 वां जेड स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप के पहले राउंड मैचों के विजेता चाहत, आर्यन, अनीश, मनसब, शादान, शाश्वत, आयुष भूषण, खेतान ने अपने मैच जीत कर दूसरे राउंड में पहुंचे ।

## लंबित मांगों को लेकर जमसं और ऐना कोलियरी प्रबंधन के बीच वार्ता

# संगठन नेताओं ने प्रबंधन पर लगाया भेदभाव का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भगतडीह।** लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र के ऐना कोलियरी कार्यालय में जमस कुंती गुट और परियोजना पदाधिकारी प्रणब दास के बीच वार्ता हुई। वार्ता में संघ के केंद्रीय सह कुसुंडा क्षेत्रीय सचिव अरविंद सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन भेदभाव की राजनीति कर रही है। इस पर तत्काल रोक लगाएं अन्यथा संघ आर पार की लड़ाई का शंखनाद करेगी। इस दौरान लंबे समय से सरफेस में काम कर रहे कर्मियों का पदनाम सरफेस नहीं किए जाने पर कर्मियों ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारेबाजी की। कहा की प्रबंधन वर्षों से कई कर्मियों से सरफेस में काम करा रही है। पदनाम सरफेश नहीं होने से कर्मियों का पदोन्नति नहीं हो रही है। वही परियोजना में सुरक्षा के साधन उपलब्ध कराने के साथ कर्मियों के आवास मरम्मत, क्षेत्र में पेयजल की समस्या सहित अन्य मुद्दे पर वार्ता किया गया। परियोजना पदाधिकारी प्रणब दास ने जनसं नेताओं को सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर रंजय कुमार, संजीत सिंह, राहुल कुमार सिंह, राम प्रसाद दास, अमर सिंह, एसएन तिवारी, सुनील शाह, कृष्णा सिंह, रिंकू सिंह, अवधेश सिंह, शैलेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### बदला-बदला दिखा कार्यालय का नजारा

**मंगलवार को एना परियोजना कार्यालय में वार्ता के दौरान सैकड़ों की संख्या में विभिन्न शाखा से संघ के समर्थक पहुंचे हुए थे। जिससे परियोजना कार्यालय के बाहर तक गहमागहमी बनी हुई थी। गौरतलब हो कि इससे पूर्व में शाखा कमेटी गठन के दौरान ऐना कोलियरी कार्यालय पहुंचकर कुछ स्थानीय युवकों ने जमकर बवाल किया था। इससे पूर्व विजय कुमार सिंह ऐना शाखा कमेटी के सचिव थे। उनके जगह राहुल कुमार सिंह को शाखा सचिव मनोनीत किया गया है।**

## बोकारो में होगा मेगा स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स का निर्माण

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पृच्छित अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से आज बोकारो विधायक सह मुख्य सचेतक विरोधी दल झारखंड विधानसभा सभा ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेल द्वारा बोकारो शहर जिला प्रशासन को दिए गए 4.97 एकड़ भूमि पर मेगा स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स निर्माण की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इसके निर्माण होने से बोकारो जिले में बड़ी संख्या में खिलाड़ी लाभान्वित होंगे जिससे नए बच्चे खेल के प्रति प्रोत्साहित होंगे मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पेक्स में डबल बैडमिंटन, विलियर्डस, स्नूकर, बॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, आर्चरी, शुटिंग, स्विमिंग, रस्सा कशी, टेबल टेनिस, कैरम, चेस, प्लेइंग कॉर्ड्स, जुडो कराटे, जैसे खेलो की सुविधा के साथ ओपेन ऑडिटोरियम के साथ मल्टी पर्पस हॉल का निर्माण कराया जाय सरकार ने सकारात्मक पहल करते हुए इसके निर्माण हेतु बोकारो उपायुक्त को बोकारो जिलान्तर्गत डीएमएफटी के माध्यम से कार्य कराने का निर्देश दिया है साथ ही डीएमएफटी की राशि की कठिनाई के स्थिति में सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राक्कलन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया हैं।

## राइजिंग पाइप फटने से जलापूर्ति ठप

# एक लाख आबादी हो रही परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चिरकुंडा।** पीएचडी की राइजिंग पाइप डीवीसी के फिश फार्म के पास फट जाने से मगलवार दूसरे दिन भी एक लाख की आबादी को पानी नही मिला। सुचारू रूप से पानी मिलने में अभी लगभग पांच छह दिन और लगेगा। कारण मैथन डैम से बीएसके कॉलेज के सामने स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को रॉ वाटर पहुंचाने वाला पाइप पूरी तरह से सड़ गया है एवं पूरा पाइप ही फट गया है जो मरम्मत योग्य नही रह गया है। नया पाइप लगाने में कम से कम पांच से छह दिनों का समय लगेगा। लगभग एक लाख लोगों को सुचारू पेयजलापूर्ति के लिए कम से कम एक सप्ताह इंतजार करना पड़ सकता है। ज्ञात हो की मैथन डैम से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक आने वाली अंडरग्राउंड पाइप लाइन की अधिकांश पाइप अपनी अवधि पूरी कर चुकी है जिसके कारण लगातार पाइप के फटने की घटना घटीत होते रहती है। जलापूर्ति बाधित हो जाने से प्रोफेसर्स कॉलोनी, निमडांगा, कमलिया, तेतुलडांगा, आदर्श नगर, नया नगर, मेढ़ा, शिब्लीबारी उत्तर एवं पूरब, तथा बासुदेव नगर के लोगो में काफी आक्रोश फैल गया है। इन लोगों का कहना है की सही समय पर मेंटेनेंस का कार्य मुखियाओं द्वारा कराया नहीं जाता इसका खामियाजा हम लोगों को भोगना पड़ता है। सारा काम धाम छोड़ कर पानी लाने का कार्य करना पड़ रहा है, पानी नहीं रहेगा तो खाना कैसे बनेगा पियेंगे क्या, महिलाएं कैसे अपने दैनिक कार्य संपन्न करेंगी। हम पुरुष तो बाहर भी दैनिक क्रिया से निवट लेंगे मगर महिला और बच्चे कहां जायेंगे। एक लाख लोगों की आबादी को स्वच्छ जल पाने के लिए चापाकल पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है उसमें भी अधिकांश खराब ही पड़े हैं।

## जन समस्या को लेकर झरिया नगर कांग्रेस कमिटी ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**झरिया।** झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रवेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक को ग्यारह सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। रवेश यादव ने कहा कि अविलंब इन ग्यारह सूत्री मांगों पर प्रबंधक संज्ञान ले अन्यथा कांग्रेस पार्टी आन्दोलन को बाध्य होगी। सौंपे गए ज्ञापन के तहत प्रमुख मांगो में हैवी ब्लास्टिंग से कोयरीबांध स्थित घरों में दरार पड़ने को लेकर अविलंब रोक लगाने, खदान का पानी निकालकर जोड़ियां में गिराने, अग्निप्रभावित और भू धसांन क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वास और मुआवजा दे सहित 11 सूत्री मांग शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवेश यादव, राम कृष्ण पाठक, महेश शर्मा, रवि सिंह, सतीश मिश्रा, सुमंतो मुखर्जी, गौतम साव, दीपक शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 2.5 लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के बनियाहीर 2 नंबर शिव मंदिर के समीप रहने वाले पंकज कुमार नोनिया के आवास से सोमवार की रात्रि चोरों ने करीब ढाई लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण की चोरी कर ली। गृहस्वामी ने मंगलवार की सुबह घटना की लिखित शिकायत झरिया पुलिस से की है। शिकायत के आलोक में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पीड़ित पंकज कुमार नोनिया ने पुलिस को बताया कि वो जरूरी काम से गिरिडीह गया हुआ था। घर में पत्नी, छोटा भाई और उसकी पत्नी अपने-अपने कमरे में सोए हुए थे। तभी चोर घर का बाउंड्री फांदकर घुस गए और अलमारी में रखे गहने लेकर फरार हो गए। चोरी गए गहनों में सोने का मंगलसूत्र, कान की बाली, नथिया, मांगटीका, बाला,चेन, चांदी की पायल शामिल है, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए है। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई, तो 100 नंबर डायल पुलिस को इसकी जानकारी दी। और मंगलवार की सुबह थाने पहुंच अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित शिकायत दी।

## जदयू बोकारो जिलाध्यक्ष का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**बोकारो।** पिंड्राजोरा में जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष का स्वागत पिंड्रजोरा के पूर्व मुखिया गोरा चांद महतो वर्तमान मुखिया कृष्णापद महतो की अगवाई में पिंड्राजोरा पंचायत भवन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से युधिष्ठिर महतो मनोज महतो रघुनाथ महतो रंजीत महतो पंचमी पांडेय कार्तिक महतो निमाय प्रमाणिक मनोज सिंह बालेश्वर प्रसाद प्रवीण कुमार सुधीर उपाध्याय अमन कुमार पांडेय भूदेव महतो चांद मुख महतो मिलन चंद्र महतो दुलाल चंद्र महतो पहलाद महतो छोटू महतो सुबोध राम महतो दिलीप पांडे साकिब खातून नासिर अंसारी आशिका अंसारी सती कुमारी मुन्नी वाला घटवार आरती कुमारी स्वीटी कुमारी बेलूम देवी रेणुका देवी जवा देवी कैला देवी रेखा देवी आफताब अंसारी रुकमणी देवी सुप्रभात देवी सभी फरजाना भी भी सलीम अंसारी रबिया खातून कलाम बीवी नाखून बीवी आशुतोष पांडे दिनेश पांडे कार्तिक पांडे सैकडो महिलाएं और पुरुषों ने माला पहनाकर स्वागत किया और उन्होंने कहा कि जेडीयू का हमलोग स्वागत करते हैं। इसके लिए मैं आपका सदा आभारी रहूंगा और में पार्टी का एक सच्चा सिपाही के हैसियत से काम करूंगा आप सभी ग्रामवासी से अनुरोध करता हूं कि आप संगठन में जुड़ कर आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो को मजबूत करने में सहयोग करें।

## स्टील बैडमिंटन चैंपियनशिप आरंभ

**बोकारो।** स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान एवं बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की मेजबानी में 20 दिसंबर को सेक्टर-4 स्थित स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का शुभारम्भ अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर एस रजक सहित चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के पहले दिन राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड तथा टाटा स्टील के बीच, दुर्गापुर स्टील प्लांट एवं एलाय स्टील प्लांट के बीच, बोकारो स्टील प्लांट तथा आरएसपी के बीच, टाटा स्टील तथा भिलाई स्टील प्लांट के बीच तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड एवं सलेम स्टील प्लांट के बीच खेला गया।

## चोरों ने कोनारटांड़ में दिनदहाड़े हाइटेंशन तार काटा

# ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक चोर को धर दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बलियापुर।** बलियापुर थाना क्षेत्र के भिखराजपुर पंचायत स्थित कोनारटांड़ गांव के जंगल से गुजर रहे डीवीसी के हाईटेंशन तार को दिनदहाड़े काटते हुए एक चोर को मंगलवार को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर धर दबोचा। जबकि इसके कई साथी भागने में सफल हुए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर चोर को अपने गिरफ्त में ले लिया और मौके से बरामद चोरी के तार के साथ उसे थाना ले आई। पुलिसिया पूछताछ में अपराधी ने अपना नाम झरिया शमशेर नगर निवासी आरिफ बताया। वो बलियापुर के सलताफ और मिनाज के साथ इस चोरी को अंजाम देने पहुंचा था। उसने चोरी किए गए सामानों को बलियापुर के लोहा गोदामों में खपाने की बात भी कही है। मौके पर पहुंचे एएसआई अयोध्या सिंह व थाना प्रभारी पंकज कुमार वर्मा ने बताया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंच कर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। संलिप्त सभी अपराधियों पर कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि इन दिनों बलियापुर थाना क्षेत्र में रात तो दूर दिन के उजाले में भी लोहा,केबल आदि चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं ऐसी अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस बेबस दिख रहे है।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत देवीपुर ग्राम में झारखंड प्रजापति कुम्हार महा संघ के नेतृत्व में ग्राम समिति चयन हेतू बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के उपरांत महासंघ प्रखंड प्रवेक्षक द्वारा पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष शिशुपाल प्रजापति, उपाध्यक्ष भीम प्रजापति एवं सचिव रंजीत कुमार को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही उपसचिव टेकलाल प्रजापति, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, उप कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति युवा प्रभारी मंटू प्रजापति झमन प्रजापति, किशन प्रजापति, अशोक प्रजापति, शंकर प्रजापति, एवं सूचना मंत्री चंदन प्रजापति तथा टुक लाल प्रजापति, गणेश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, नारायण प्रजा पति, लाल मोहन प्रजापति को कार्यकारी सदस्य रूप में चयन किया गया। मौके पर प्रखंड के प्रवेक्षको द्वारा सभी चयन पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौकेपर पर्यवेक्षक कुलदीप प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि बीते कई वर्षों से सामाजिक चुनाव नहीं हो पाया था, जिस कारण से हमारे समाज का संगठन इधर उधर हो गया था, अब उसको एक जुट करने हेतू पूरे बोकारो जिला में प्रत्येक ग्राम समिति का गठन किया जारहा है। बैठक में सभी कुम्हार जातियों के लोगों को एकजुटकर स्वरोजगार एवं अन्य तरह की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। इस अवसर पर अरुण प्रसाद, तारमेश्वर प्रजापति, योगेन्द्र प्रसाद, गिरधारी प्रजापति, बीरबल प्रजापति, दीपक प्रजापति सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की हुई बैठक



**फुसरो(बेरमो)। फुसरो स्थित कपूर्री स्मृति भवन में अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन बेरमो की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष दिनबंधू ठाकुर व संचालन डॉ. शंकर ठाकुर ने किया। इस बैठक में 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर का जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। जो कि फुसरो स्थित कपूर्री भवन में मनाया जाएगा। इस समारोह की तैयारी के लिए 27 दिसंबर को बैठक करना तय हुआ। बैठक कपूर्री स्मृति भवन संपूर्ण सौंदर्यीकरण कराने, अधूरे पड़े भवन में शौचालय निर्माण कराने, पानी का डीप बोरिंग कराने संबंधित मांग बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सचिव किशोरी शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश प्रवक्ता उमाशंकर ठाकुर, डॉ शंकर ठाकुर, डबलू ठाकुर, आदित्य ठाकुर, ज्ञानी शर्मा, नितेश ठाकुर, मेघु दिगार आदि उपस्थित थे।**

# सड़क निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता : तपन सिंह चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** पीएमजीएसवाई द्वारा लगभग 12 किमी करोडो रुपये की लागत से बनी रही चंदनकियारी-सिलफोर भाया लालपुर सडक निर्माण में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। उक्त बातें आजसू पार्टी बोकारो जिला के प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी ने उपायुक्त, बोकारो को एक ज्ञापन देकर मंगलवार को कहा। उन्होनें कहा कि ये सड़क काफी महत्वपूर्ण सड़क है जिसमें कम से कम पचास गांव के लोग चास और चंदनकियारी मुख्यालय का आवागमन करते हैं। ये वही रोड है जो पूर्व मंत्री स्वङ्ग समरेश सिंह, पूर्व मंत्री उमाकान्त रजक एवं भूतपूर्व विधायक राम दास राम के पैतृक गांवों को जोडती है। उपरोक्त सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा बिल्कुल घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आमजनों के शिकायत पर मैं खुद सड़क का निर्माण कार्य को देखा और पाया कि वास्तव में संवेदक द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों से ये भी जानकारी मिली कि यहीं संवेदक पूर्व में भी इस सड़क का मरम्मत का कार्य किया था जो कुछ ही महीनों में जर्जर हो गया था। आम ग्रामीणों में घटिया निर्माण कार्य को लेकर आक्रोश है और संवेदक के लोगों द्वारा झुठा मुकदमे में फंसना का भी भय व्याप्त है। जो लोकतंत्र के लिए अनुचित है। उपायुक्त, बोकारो ने आश्वस्त किया कि उच्च स्तरीय जांच कर प्राक्कलन के अनुरूप ही सडक निर्माण कार्य को कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त, बोकारो अविलंब इस सडक निर्माण कार्य को उचित जांच करवा कर प्राक्कलन के अनुरूप सड़क निर्माण कार्य करवाने का काम करें ताकि हमलोगों का विश्वास और भरोसा प्रशासन पर बनी रहे। मौके पर आजसू पार्टी के बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन महतो, जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेश महतो, मुन्ना ओझा, देवेन्द्र महतो, सुजीत तिवारी थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**फुसरो(बेरमो)।** पेटरवार प्रखंड के अंगवाली स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में दो दिवसीय विद्यालय प्रबंधन समिति की समापन बैठक संपन्न हुई। यह बैठक उतरी पंचायत मुखिया धर्मेंद्र कपरदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। यहां उपस्थित सदस्यों के बीच प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय की दायित्व, कर्तव्य, सुरक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े जानकारी दी गई। मुखिया धर्मेंद्र कपरदार ने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राओं दिए गए मेनू के आधार पर पोषाहार दिया जाय। बच्चों को आयरन व कृमि की दवा नियमित दिया जाय। मौके पर प्रधानाध्यापक राधेकृष्ण रजवार, उपमुखिया रियाज अहमद, सहायक शिक्षक शैलेश कुमार खन्ना, प्रबंधन समिति अध्यक्ष कपिलदेव कपरदार, सेविका गौरी देवी, संयोजिका उर्मिला देवी, सदस्य संजू देवी, डेजी देवी आदि मौजूद थे।

कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग
(DMFT, हजारीबाग)

**अन्तर्वीक्षा हेतु आवश्यक सूचना**

DMFT, हजारीबाग अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी/पाराचिकित्सा कर्मीयों के विभिन्न अनुबंध आधारित पदों हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक– 1164/DHS हजारीबाग दिनांक 03.09.2022 के आलोक में नियुक्ति संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया। दिनांक 19.12.2022 को उपविकास आयुक्त, हजारीबाग की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिये गये सर्वसम्मत निर्णय तथा उपायुक्त, हजारीबाग के अनुमोदन के आलोक में **दिनांक 27.12.2022 को पूर्वाहन 8:30 बजें से** विशेषज्ञ चिकित्सकों (Orthopaedic, Gynaecologist, Paediatrician, ENT Specialist, Ophthalmologist, Surgeon, General Physician, Anaesthetist) हेतु अन्तर्वीक्षा का आयोजन उपायुक्त, कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया है । विशेशज्ञ चिकित्सकों के आवेदक दिनांक 26.12.2022 तक अपना प्रवेश पत्र जिले के बेवसाईट **www.hazaribagh.nic.in** सें Download कर सकते हैं। सभी संबंधित आवेदक अपने –अपने प्रवेश पत्र(फोटो सहित) के साथ शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, कार्यानुभव प्रमाण पत्र के मूल प्रति तथा इसके छाया प्रति के साथ निर्धारित समय पर उक्त अन्तर्वीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 285442 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा।

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2022**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–22.12.2022 (दिन–गुरुवार) को पूर्वाह्न–10.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक जिला नियोजनालय परिसर, गढ़वा में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2022" आयोजित किया जा रहा है।
भर्ती कैम्प में निम्न नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | Adi Chitragupta Finance Limited. (ACFL) (Micro Finance Bank) | Grahak Mitra (Field Executive) | 100 | 12th pass | - | Fresher | 18-30 year | 10,025/- CTC | Free Accommodation with Cook and Travel Allowance. Job Location: Jharkhand & Bihar |
| 2 | Pipal Tree Ventures Private Limited | Home Health care | 50 | 10th pass | - | Fresher | 18-35 year | 10000 to 18000/- | Job Location Bihar |
| | | ATM Custodian | 50 | 12th pass | DL | Fresher | 18-30 year | 9000/- | Job Location Jharkhand |
| | | Delivery (Big Basket) | 30 | 10th | DL | Fresher | 18-30 year | 17500/- | Job Location Bihar |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
**भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।** यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
विशेश जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 285519 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

## सीआइएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधन ने कोयला तस्करी के विरुद्ध की संयुक्त छापेमारी

# अवैध कोयला जब्त, मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

**उसके बाद ही आगे की कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया में अधिकारी जुटे रहे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास/महुदा।** मंगलवार को कोयला तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बीसीसीएल प्रबंधन, क्षेत्र संख्या-3 के सीआईएसएफ और कतरास पुलिस ने आकाशकिनारी सलानपुर ओपन कास्ट पैच के समीप संयुक्त छापेमारी कर लगभग 60 टन कोयला बरामद किया है। छापेमारी से अवैध कोयला तस्करों के बीच हड़कंप मच गया। वहीं छापेमारी का नेतृत्व कर रहे परियोजना पदाधिकारी यूके सिंह एरिया मैनेजर अमित कुमार के साथ बीसीसीएल सीआईएसएफ क्षेत्र संख्या -3 के अधिकारी चितरंजन कुमार सिंह एवं कतरास थाना के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जप्त किये 60 टन कोयला को हाईवा में लोड कराकर गोविंदपुर प्रबंधन को सौंप दिया गया। उसके बाद ही आगे की कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया में अधिकारी जुटे रहे। मौके पर परियोजना पदाधिकारी यूके सिंह ने बताया कि अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए बीसीसीएल पुलिस एवं सीआईएसएफ की संयुक्त कार्रवाई की गयी है। किसी भी कीमत पर बीसीसीएल में अवैध उत्खनन का कार्य नहीं चलने दिया जायेगा।

# मुख्य सचिव और सचिव ने राउरकेला का किया दौरा

**राउरकेला हवाई अड्डे के निर्माण और बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम सहित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देश पर मुख्य सचिव सुरेश चंद्र महापात्र एवं मुख्यमंत्री के सचिव (5) टी वीके पांडियन ने राउरकेला का दौरा किया और राउरकेला हवाई अड्डे और विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के साथ निर्माणाधीन बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की प्रगति की समीक्षा की। इस सचिव स्तरीय टीम में खेल एवं युवा सेवा विभाग के सचिव आर विनिलकृष्णा और इडको के प्रबंध निदेशक भूपेंद्र सिंह पुनिया भी राउरकेला आये टीम ने राउरकेला के बीपीयूटी परिसर में निर्माणाधीन बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया।

मुख्य और अभ्यास दोनों मैदानों का निर्माण पूरा हो चुका है। स्टेडियम की दोनों पिचों और हाई मास्क लाइटों की जांच के बाद खेल के लिए लाइसेंस प्राप्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पुरुष हॉकी विश्व कप के 20 मैच राउरकेला में खेले जायेंगे। पहला मैच 13 जनवरी को भारत और स्पेन के बीच होगा। इससे पहले अगले 24 तारीख से तीन अभ्यास मैच खेले जायेंगे। श्री महापात्र ने यह भी उम्मीद जतायी कि राउरकेला हवाईअड्डा पूरा हो गया है और जल्द ही आवश्यक लाइसेंस प्राप्त कर लिए जायेंगे। उड़ान योजना में खिलाड़ियों के लिए 4 उड़ानें शामिल हैं। ऐसा स्टेडियम एक साल के अंदर बन कर तैयार हुआ है। इसके लिए मुख्य सचिव और 5 टी सचिवों ने राज्य सरकार को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए सुंदरगढ़ और राउरकेला की जनता का आभार व्यक्त किया।

बता दें कि राउरकेला पहली बार हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने जा रहा है। राउरकेला में हाकी मैच देखने के लिए राज्य और राज्य के बाहर से दर्शक आयेंगे। इसलिए दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम के चारों ओर आधुनिक पार्किंग बनायी जा रही है। इसके अलावा स्टेडियम के अंदर पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था की जा रही है। स्टेडियम के बाहर रहने वाले दर्शकों के लिए जगह-जगह एलइडी लगाने की व्यवस्था की जा रही है। दौरे के दौरान सुंदरगड जिलापाल डॉ पराग हर्षद गावाली, राउरकेला अतिरिक्त जिलापाल एवं महानगर निगम आयुक्त डॉ शुभंकर महापात्र सहित जिला प्रशासन और राउरकेला महानगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय उद्योग को सुविधा प्रदान कर रहा है एफडीडीआइ

**विजन : लेदर, लाइफस्टाइल एंड प्रोडक्ट डिजाइनिंग और निर्माण में प्रतिस्पर्धात्मकता, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** चार दशकों से अधिक समय से एफडीडीआइ शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और फुटवियर, लेदर एक्सेसरी एंड लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स के क्षेत्रों में कौशल अंतर को पाटकर भारतीय उद्योग को सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर योगदान के कारण एफडीडीआइ समय-समय पर नयी तकनीक, अनुसंधान और विकास के साथ अपनी सुविधाओं में सुधार करता है। सिलाई मशीन के आविष्कार से लेकर ई-कॉमर्स के उदय तक फैशन हमेशा नवाचार में सबसे आगे रहा है और आज फैशन तकनीक पहले से कहीं ज्यादा तेज गति से बढ़ रही है।

रोबोट, जो कपड़े सिलते और काटते हैं, एआइ एल्गोरिदम, जो शैली के रुझान की भविष्यवाणी करते हैं, आभासी वास्तविकता में पहने जाने वाले कपड़े - नवाचारों की एक सारणी दिखाती है कि तकनीक कैसे फैशन स्पेस को स्वचालित, वैयक्तिकृत और तेज कर रही है। नये जमाने और मॉडर्न ट्रेंड के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए एफडीडीआइ कोलकाता ने कैंपस, सीओइ, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के भीतर कई तरह की सुविधाएं जोड़ी हैं। शैक्षणिक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मुख्य रूप से एक टीम को संदर्भित करता है, जो लेदर लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स और उत्पाद डिजाइन के संबंध में अनुसंधान के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करता है।

एफडीडीआइ के प्रौद्योगिकी केंद्र में अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित की गयी हैं, ताकि क्लास रूम सत्रों के अलावा पूरक व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। नवीनतम मशीनों और तकनीकों को अपनाते हुए, प्रशिक्षक के नेतृत्व वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को छात्र-छात्राओं के लिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया जाता है। यह सुविधा नये और उद्योग के पेशेवरों दोनों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम विनिर्माण उत्कृष्टता में सुधार की दिशा में एक समग्र दृष्टिकोण के साथ 'डिजाइन से डिस्पैच' के सभी पहलुओं को कवर करते हैं।

फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट की सबसे खास बात यह है कि यहां उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिनके पास प्रासंगिक क्षेत्रों में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। 60 से अधिक विषय वस्तु विशेषज्ञ 'विनिर्माण के माध्यम से डिजाइन' से कई डोमेन में विशेषज्ञता के साथ एफडीडीआइ से जुड़े हुए हैं।

## जिंदल पैंथर कप लेडीज: डेयर डेविल्स ने ट्रॉफी जीती




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के जिंदल ऑफिसर क्लब (जेओसी) द्वारा आयोजित अंतर-विभागीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट फ्लैड लाइट में संपन्न हुआ। फाइनल मैच में सुरक्षा विभाग की खिलाड़ियों डेयर डेविल्स लेडीज ने जिंदल महिला समिति (जेएमएस) को नौ विकेट से हरा दिया। जेएसपी के स्टील बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुमार सरोगी ने मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंटके अंतिम मैच की शोभा बढ़ाई और प्रभारी कार्यकारी निदेशक हृदयेश्वर झा, टूर्नामेंट सुजाता सरोगी, टूर्नामेंट अनीता मित्तल उपस्थित में बिजयी टीम को ट्र\फी प्रदान किये। टॉस जीत कर टीम डेयर डेविल ने जिंदल महिला समिति की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा, जिसके परिणामस्वरूप टीम जेएमएस निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट खोकर केवल 38 रन ही बना सकी। फाइनल जीतने के लिए 39 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, डेयर डेविल्स ने केवल 6.3 ओवर में केवल 1 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया और टूर्नामेंट के चैंपियन बन गये। हरिप्रिया नायक को 3 ओवर में केवल 7 रन देकर 3 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## पाक आर्मी ने 33 आतंकी मारे, 40 घंटे चला होस्टेज ड्रामा, 16 मौलवियों की बात भी नहीं माना तालिबान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बन्नु जिले में काउंटर टेररिज्म सेंटर पर कब्जा करने वाले तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के 33 आतंकियों को फौज ने मार गिराया है। डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने संसद को यह जानकारी दी। ऑपरेशन में 2 कमांडो भी मारे गये हैं। करीब तीन दिन से टीटीपी के आतंकी एक मेजर समेत चार फौजियों को बंधक बनाए हुए थे। पाकिस्तान ने इस मसले को सुलझाने के लिए 16 मौलवियों की एक टीम अफगानिस्तान बातचीत के लिए भेजी थी। इनकी कोशिश यह थी कि अफगान तालिबान को इस बात के लिए तैयार किया जाए कि वो टीटीपी आतंकियों को सरेंडर के लिए तैयार करे। ये कोशिश नाकाम साबित हुई। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि टीटीपी के आतंकी अफगानिस्तान जाने के लिए हेलिकॉप्टर की मांग कर रहे थे। इसके बाद पाकिस्तानी फौज ने मिलिट्री ऑपरेशन किया जो 40 घंटों तक चला। टीटीपी के आतंकियों ने खैबर पख्तूनख्वा राज्य के बन्नु जिले में आतंकवाद विरोधी सेंटर पर कब्जा कर लिया था। चार फौजियों समेत कुछ लोगों को होस्टेज बना लिया था। एक की हत्या भी कर दी थी। हालात इतने खराब थे कि पाकिस्तान सरकार बंधकों को छुड़ा नहीं पा रही थी। सिक्योरिटी फोर्सेस ने पूरी छावनी को चारों ओर से घेरा हुआ था। फौज और लोकल एडमिनिस्ट्रेशन बातचीत के जरिए बंधकों को छुड़ाने की कोशिश कर रहे थे। खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता मुहम्मद अली सैफ ने कहा था- आतंकियों ने सरकार के सामने एक शर्त रखी है, वो चाहते हैं कि सरकार उन्हें सुरक्षित तरीके से अफगानिस्तान जाने दे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) दिनांक – 17.12.2022

ई–निविवदा सं. : 05-GS-DHN-2022-23, क्र. सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : (i) महदिया : गुड्स शेड में पीने के पानी की सुविधा, शौचालय की सुविधा, लेबर रेस्ट रूम, अप्रोच रोड, स्प्रिंकलर, ड्रेन, वार्फ और रोशनी की व्यवस्था (ii) सिंगरौली में गुड्स शेड में, पीने के पानी के बूथ और शौचालय की सुविधा, वार्फ (750X6.75 मीटर) और पहुंच मार्ग 250 मीटर का प्रावधान और (iii) कृष्णाशिला : गुड्स शेड में पीने के पानी की सुविधा, शौचालय की सुविधा, लेबर रेस्ट रूम का प्रावधान, एप्रोच रोड, स्प्रिंकलर, वार्फ (6.75 डब्ल्यू) और ड्रेन। नौ महीने। क्र. सं. : 2. कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹ 5,10,56,455.88 क्र. सं. : 3. बयाने की राशि (रू. में): बयाने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। क्र. सं. : 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय: ई–निविदा बंद होने की तारीख 09.01.2023 को 17:00 बजे तक।, ई–निविदा खुलने की तारीख 10.01.2023 को 12:00 बजे से। क्र. सं. : 5. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01715/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/22–23/36

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–नीलामी

धनबाद, दिनांक : 17–12–2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं :–

क्र.सं. : i : (1), ई–नीलामी सूची : ii : एटीएम, ई–नीलामी सूची सं. : iii : एटीएम–5–22, ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv : 05.01.2023, 14.00 बजे से, कार्य का विवरण एवं स्टेशनों के नाम : v : धनबाद मंडल के 16 विभिन्न लोकेशन/स्टेशनों पर ओटोमैटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने हेतु पांच वर्षों के लिए ई–नीलामी अर्थात– धनबाद (3 स्थानों पर), रेनुकूट, गोमोह, बरकाकाना, डाल्टनगंज, चोपन, चन्द्रपुरा, सिंगरौली, कोडरमा, पारसनाथ, हजारीबाग टाउन, गढ़वा रोड, हजारीबाग रोड, बरवाडीह।

क्र.सं. : i : (2), ई–नीलामी सूची : ii : पब्लिसिटी, ई–नीलामी सूची सं. : iii : पीयूबी–4–22, ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : iv : 06.01.2023, 12.00 बजे से, कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : v : राँची रोड, कतरासगढ़, पतरातू स्टेशन के अंदर सोल एडभरटाईजमेंट तीन वर्षों के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01721/डीएचएन/वा./एन/22–23/48

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनवार।** प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन प्लस टू उच्च विद्यालय धनवार में किया गया। प्रदर्श की जांच हेतु अलग अलग ज्यूरी सदस्य बनाये गये थे। कक्षा 6 से 8 के लिए शिक्षक शशांक शेखर राय, शिव कांत, विशाल गुप्ता, सत्यनारायण मंडल तथा कक्षा 9 से 12 के लिए संकुल साधन सेवी नवलेंद्र कुमार, विकास कुमार पांडेय, दिनेश यादव, अवधेश विश्वकर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभायी। अनुमंडल पदाधिकारी एवं पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बच्चों से कई सवाल पूछे गये और बच्चे भी प्रभावित होकर काफी खुश महसूस कर रहे थे। कक्षा 9 से 12 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओरखार प्रथम, जानकी देवी आर्य कन्या विद्यालय धनवार ने द्वितीय एवम प्लस टू उच्च विद्यालय कुबरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 में मध्य विद्यालय मोदीडीह को प्रथम, कन्या मध्य विद्यालय धनवार को द्वितीय एवम मध्य विद्यालय घुज्जीगरडीह को तृतीय स्थान मिला। संपूर्ण कार्यक्रम का प्रबंधन बीपीओ दिलीप कुमार साहू ने किया। प्रदर्श का अवलोकन खोरिमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, उदय सिंह, सुनील अग्रवाल,रामेश्वर चौधरी, नकुल राय, श्रीकांत राय, उपेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक के डी दास, शिक्षक महेंद्र कुमार, महेश कुमार, हरिकृष्ण महतो, आशुतोष कुमार, अरविंद कुमार, कामदेव सिंह, श्रीकांत त्रिपाठी, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

## चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों पर सरकार सतर्क, मंडाविया आज करेंगे अहम बैठक

**नयी दिल्ली।** चीन में कोरोना ने एक बार फिर से कोहराम मचा रखा है। कई दूसरे देशों में भी कोरोना के मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में केंद्र सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया बुधवार को महामारी की स्थिति की समीक्षा करने वाले हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में मामलों में अचानक तेजी को देखते हुए देश में आए जाने वाले पॉजिटिव केसों के सैंपल्स की की जीनोम सिक्वेंसिंग कराना जरूरी है।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playground, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**